राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारित

सुरत-गुजरात, संस्करण शुक्रवार,28अगस्त2020 वर्ष-3, अंक -212 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

# रक्षा उद्योग में आत्मनिर्भर भारत पर मोदी- हमारा लक्ष्य भारत में ही उत्पादन बढ़े, नई तकनीक विकसित हो

**नई दिल्ली।**

रक्षा उद्योग में आत्मनिर्भर भारत पर आयोजित वेबिनार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि भारत में ही रक्षा निर्माण में बढ़ोतरी हो। हमारा उद्देश्य है कि भारत में ही उत्पादन बढ़े, नई तकनीक भारत में ही विकसित हो, और प्राइवेट सेक्टर का इस क्षेत्र में अधिकतम विस्तार हो। रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने, नई प्रौद्योगिकी के विकास और रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों को बड़ी भूमिका देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कुछ रक्षा उपकरणों पर आयात प्रतिबंध किया गया है। रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्म-निर्भर बनाने पर आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने कहा, ''हमने हाल ही में श्रम सुधार भी देखे, सुधार की कवायद अब रुकेगी नहीं। उन्होंने कहा कि आत्म-निर्भर भारत के लिए हमारा संकल्प आत्मकेंद्रित नहीं है, बल्कि भारत को सक्षम बनाने और वैश्विक शांति तथा अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास लाल फीताशाही को कम करना और उद्योगों के लिए रेड कार्पेट बिछाने का रहा है।

उन्होंने कहा कि आत्म-निर्भर भारत के लिए हमारा कार्य हिंद महासागर में संपूर्ण सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की क्षमता को भी बढ़ाएगा।



## राहुल गांधी का केंद्र पर हमला, बोले- बड़े व्यवसायों की ब्याजमाफी लेकिन मध्यम वर्ग को क्यों नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लॉकडाउन के दौरान कर्ज की स्थगित की गई किस्तों पर ब्याज लिए जाने के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि बड़े व्यवसायों को 1.45 लाख करोड़ रुपए के कर की छूट का फायदा दिया गया, लेकिन मध्य वर्ग को ब्याज माफी नहीं दी गई। उन्होंने ट्वीट किया, ''1.45 लाख करोड़ रुपए की कर-छूट का फ़ायदा बड़े व्यवसायों को दिया गया। लेकिन मध्यम वर्ग को कर्ज पर ब्याज-माफ़ी तक नहीं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह स्थिति इसलिए है क्योंकि यह 'सूटबूट कर सरकार है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान कर्ज की स्थगित की गई किस्तों पर ब्याज लिए जाने के मुद्दे पर बुधवार को कहा कि केन्द्र इस मामले में रिजर्व बैंक की ओट ले रहा है। न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने किस्तों के भुगतान में आ रही समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा, ''यह इसलिए हुआ क्योंकि आपने पूरे देश में लॉकडाउन लागू किया। अदालत ने इससे पहले केन्द्र सरकार और रिजर्व बैंक को इस बारे में गौर करने को कहा था। कोविड- 19 महामारी के बीच मार्च से लगाए गए लॉकडाउन के दौरान कर्जदारों को उनकी मासिक किस्तों के भुगतान से छूट दी गई। इस अवधि के दौरान कर्ज पर ब्याज लिए जाने का मुद्दा अदालत में पहुंचा है।

## भारत एकमात्र देश जो चीन से नजरें मिलाकर देख सका: वरुण गांधी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता वरुण गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत एकमात्र देश है जो सीमा पर अपने सैनिकों की ताकत की बदौलत चीन से नजरें मिलाकर देख सका है और चीन को अपने शक्तिशाली पड़ोसी को उकसाने की रणनीतिक भूल माननी पड़ेगी। पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण ने कहा कि इतने साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होते देखना हनुमान जी के भक्त के तौर पर उनके लिए स्वप्न का साकार होने जैसा है। पांच अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर के भूमिपूजन को देश के स्वतंत्रता दिवस से जोड़ते हुए वरुण ने कहा, अगस्त 1947 में भारत का नियति से साक्षात्कार (ट्रिस्ट विद डेस्टिनी) हुआ था। अब भारत का पुनर्जागरण हुआ है और यह अपनी सभ्यताओं के साथ फिर संपर्क स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या विवाद का सफल समाधान भारत की शासन व्यवस्था, लोकतंत्र और न्यायपालिका के लिए ऐतिहासिक है, वहीं यह हमारे देश में विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच प्रशंसनीय एकजुटता भी प्रदर्शित करता है। चालीस वर्षीय भाजपा सांसद ने कहा, च्व्हनुमानजी के भक्त के रूप में राम जन्मभूमि मंदिर का शिलान्यास मेरे लिए स्वप्न के साकार होने जैसा है। भगवान राम केवल हिंदुओं के नहीं हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच गतिरोध पर वरुण गांधी ने कहा कि चीन ने पिछले कुछ समय में अधिकतर सीमावर्ती क्षेत्रों में बहुत आक्रामकता दिखाई है और दक्षिण चीन सागर, सेंकाकू द्वीपसमूह, ताईवान और तिब्बत में तनाव है, लेकिन भारत एकमात्र देश है जो अपने सीमा पर तैनात सैनिकों के माध्यम से चीन से नजरें मिला सका है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मामलों के कई टिप्पणीकार चीन की सशस्त्र ताकत को लेकर आशंकाएं जाहिर करते हैं, कि भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी और सर्वाधिक अनुभवी पहाड़ों पर लड़ सकने वाली सेना है।

## कोरोना महामारी की वजह से जीएसटी कलेक्शन पर पड़ा बुरा असर, 2.35 लाख करोड़ का नुकसान : केंद्र

**नई दिल्ली।**

कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से चालू वित्त वर्ष में जीएसटी राजस्व में 2.35 लाख करोड़ रुपये की कमी आने का अनुमान है और इसके मद्देनजर राज्यों को क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान के लिये अगल अलग विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की आज हुयी 41वीं बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद वित्त मंत्री ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि चालू वित्त वर्ष में जीएसटी क्षतिपूर्ति मद के मात्र 65 हजार करोड़ रुपये के राजस्व मिलने की उम्मीद है जबकि इस मद में तीन लाख करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान था। वित्त मंत्री ने कहा कि क्षतिपूर्ति राजस्व में आई इस भारी कमी की पूर्ति के लिए बैठक पर कई सुझाव दिये गये जिसमें क्षतिपूर्ति भुगतान की अवधि को जून 2022 से आगे बढ़ाना भी शामिल है। इसके साथ ही उधारी लेकर इसकी पूर्ति करने पर भी विचार किया गया। इसमें रिजर्व बैंक के माध्यम से राशि जुटाने पर भी चर्चा की गयी और सात दिनों के कार्यदिवस के भीतर इसको अंतिम रूप देकर फिर से परिषद की बैठक में चर्चा करने पर सहमति बनी है। वित्त सचिव अजय भूषण पांडेय ने कहा कि केन्द्रीय राजस्व से क्षतिपूर्ति का भुगतान किये जाने के कानूनी पहलुओं पर भी विचार किया गया है और ऑटार्नी जनरल ने स्पष्ट किया है केन्द्रीय राजस्व से इसका भुगतान नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने अप्रैल से जुलाई



तक जीएसटी क्षतिपूर्ति राजस्व में करीब 1.50 लाख करोड़ रुपये की कम वसूली हुई है।

राज्यों को क्षतिपूर्ति राजस्व का द्विमासिक भुगतान किया जाता है और चालू वित्त वर्ष में दो किश्तों का भुगतान नहीं किया जा सका है।वित्त सचिव ने कहा कि इसके मद्देनजर किसी भी वस्तु पर जीएसटी दर में बढोतरी किए जाने पर बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई चाहे वह किसी भी श्रेणी के उत्पाद हो। उल्लेखनीय है कि राज्यों विशेषकर कांग्रेस या उसके सहयोग से चलने वाली राज्य सरकारों ने करीब 1.45 लाख करोड़ रुपए क्षतिपूर्ति राजस्व का भुगतान नहीं किए।

### संक्षिप्त समाचार



## कोरोना संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी मुहर्रम जुलूस की इजाजत, कहा- इससे आराजकता फैलेगी

**नेशनल डेस्क।** सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में मुहर्रम पर जुलूस निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। शिया धर्मगुरु मौलान कल्बे जव्वाब ने पूरे देश में मुहर्रम जुलूस निकालने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि अगर हम जुलूस निकालने की इजाजत देंगे तो इससे आराजकता फैलेगी और फिर एक समुदाय विशेष को कोरोना फैलाने के नाम पर निशाना बनाया जाएगा और सुप्रीम कोर्ट ऐसा नहीं चाहेगा। कोर्ट ने कहा कि वह ऐसा कोई आदेश नहीं देगा जिससे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो। चीफ जस्टिस एसए बोबडे की पीठ ने कहा कि जुलूस के लिए कोई स्पष्ट और स्थान नहीं होता है जहां प्रतिबंध या सावधानी बरती जा सके। याचिकाकर्ता के वकील ने जब जगन्नाथपुरी यात्रा की दलील दी तो कोर्ट ने कहा कि आप पूरे देश के लिए इजाजत मांग रहे हैं। जगन्नाथपुरी यात्रा एक खास जगह पर होती है, जहां रथ एक जगह से दूसरी जगह जाता है। अगर किसी एक जगह की बात होती तो हम खतरे का आकलन कर आदेश दे सकते थे।

## सुलतानपुर: 15 वर्ष पहले आवंटित 32 हजार से अधिक वाहनों का पंजीयन निरस्त, 6 महीने का मिला समय

**सुलतानपुर।** जनपद में 32385 वाहनों का पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। जिले के सहायक संभागीय परिवहन विभाग अधिकारी (प्रशासन) माला बाजपेई ने गुरूवार को यहां बताया कि यूपी 44, यूपी 44ए, यूपी 44बी, यूपी 44सी, यूपी 44डी, यूपी 44ई, यूपी 44एफ, यूपी 44एच, यूपी 44जे, यूएसवाई, यूआरई, यायूजीके, यूवीएफ सीरीज के नंबर 15 वर्ष पहले आवंटित किये गए थे। जिनके पंद्रह वर्ष पूरे हो गए हैं। इनके स्वामियों को इस वर्ष नवीनीकरण करा लिया जाना था लेकिन ऐसे 32385 वाहन स्वामियों ने नवीनीकरण नहीं कराया। इन सभी का पंजीयन चिन्हित करने निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी भी उनके पास 6 महीने का समय हैं। जनवरी 2021 तक पंजीयन न कराये जाने पर उनकी गाड़ियों का पंजीयन चिन्ह निरस्त कर विभागीय अभिलेखों से डिलीट कर दिया जायेगा। जो दोबारा संभव नहीं हो सकेगा। यानी ऐसी गाड़ियां कबाड़ हो जायेंगी। वह सड़क पर चलने के लिए वैद्य नहीं होगी।

## इशारों में सिब्बल की कांग्रेस को नसीहत-अपनों पर नहीं, बीजेपी पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' करने की जरूरत

**नेशनल डेस्क।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने उत्तर प्रदेश की लखीमपुर खीरी की जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जितिन प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग से जुड़ी खबर की पृष्ठभूमि में गुरुवार को कहा कि पार्टी को अपने लोगों पर नहीं, बल्कि भाजपा को 'सर्जिकल स्ट्राइक' से निशाना बनाने की जरूरत है। सिब्बल ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद को 'आधिकारिक तौर पर निशाना बनाया जाना' दुर्भाग्यपूर्ण है। सिब्बल ने ट्वीट किया कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि उत्तर प्रदेश में जितिन प्रसाद को आधिकारिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस को अपने लोगों पर नहीं, बल्कि भाजपा को सर्जिकल स्ट्राइक से निशाना बनाने की जरूरत है। उनके इस ट्वीट से परोक्ष रूप से सहमति जताते हुए कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने ट्वीट किया, ''भविष्य ज्ञानी।'' खबरों के मुताबिक, लखीमपुर खीरी कांग्रेस कमेटी ने पांच प्रस्ताव पारित किए हैं जिनमें से एक में मांग की गई है कि जितिन प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बता दें कि सिब्बल, तिवारी और प्रसाद उन 23 नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने कांग्रेस के संगठन में व्यापक बदलाव, सामूहिक नेतृत्व और पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग को लेकर हाल ही में सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। बता दें कि सिब्बल, तिवारी और प्रसाद उन 23 नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने कांग्रेस के संगठन में व्यापक बदलाव, सामूहिक नेतृत्व और पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग को लेकर हाल ही में सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। इसको लेकर बड़ा विवाद खड़ा हुआ था।

## 70 साल के होने जा रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी, इस बार जश्न की जगह मास्क बांटेगी भाजपा

**नेशनल डेस्क।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को 70 साल के हो जाएंगे। कोरोना संकट के चलते इस बार उनका जन्मदिन धूमधाम से नहीं बल्कि सादगी से मनाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी पीएम मोदी के जन्मदिन पर मास्क वितरण, ब्लड डोनेशन कैंप जैसे कार्यक्रम कर सकती है। दरअसल पिछले दिनों बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महासचिवों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें फैसला लिया गया कि मोदी के 70वें जन्मदिन के मौके पर 70 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सुझाव दिया गया कि बीजेपी पीएम, दीन दयाल उपाध्याय और महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर मास्क वितरण, ब्लड डोनेशन कैंप जैसे कार्यक्रम आयोजित करें। हालांकि पार्टी इस बात का पूरा जोर देगी कि किसी भी कार्यक्रम में कोरोना काल के प्रोटोकॉल का उल्लंघन न हो। बैठक में एक सुझाव आत्मनिर्भर भारत के बारे में कैंपेन चलाने पर भी जोर दिया गया। हालांकि कार्यक्रमों को लेकर अभी अंतिम फैसला लेना बाकी है। बता दें कि पिछले साल प्रधानमंत्री के जन्मदिन का जश्न एक सप्ताह तक चला था। 14 से 20 सितंबर सेवा सपथ मनाया गया था। 25 सितंबर को दीन दयाल उपाध्याय और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती मनाने के लिए भी तैयारी की जा रही है। हालांकि कार्यक्रमों को लेकर अभी अंतिम फैसला लेना बाकी है। बता दें कि पिछले साल प्रधानमंत्री के जन्मदिन का जश्न एक सप्ताह तक चला था। 14 से 20 सितंबर सेवा सपथ मनाया गया था।

## दिल्ली दंगों के आरोपी पार्षद ताहिर हुसैन को एक और झटका, पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने खत्म की सदस्यता

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम ( ईडीएमसी) ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में इस वर्ष फरवरी में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के मुख्य आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के निलंबित पार्षद ताहिर हुसैन की सदस्यता खत्म कर दी है। ताहिर हुसैन की सदस्यता खत्म करने का प्रस्ताव निगम ने बुधवार को पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार ताहिर हुसैन ईडीएमसी की लगातार तीन बैठकों में मौजूद नहीं रहा है इसलिए उसकी निगम सदस्यता खत्म कर दी गई है। वह दंगों का मुख्य आरोपी है। उस पर दंगों में ही खुफिया ब्यूरो के एक कर्मी की हत्या का आरोप भी है। फिलहाल ताहिर हुसैन जेल में बंद है। पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने जारी एक बयान में कहा है कि 26 अगस्त को ताहिर हुसैन की सदस्यता रद्द करने का फैसला किया गया दिल्ली पुलिस ने अपने आरोप पत्र में ताहिर हुसैन पर आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या करने, हत्या की साजिश रचने, हिंसा के लिए लोगों को उकसाने और हिंसा के लिए अवैध तरीके से धन एकत्रित करने का आरोप लगाया है।

## शिवसेना ने सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले नेताओं पर साधा निशाना

**मुंबई।**

शिवसेना ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के 23 वरिष्ठ नेताओं द्वारा पूर्णकालिक पार्टी अध्यक्ष की मांग को लेकर सोनिया गांधी को लिखा गया पत्र राहुल गांधी के नेतृत्व को समाप्त करने की एक साजिश थी। शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक संपादकीय में लिखा है, ये नेता तब कहां थे जब भाजपा राहुल गांधी पर तीखे हमले कर रही थी और उनके कांग्रेस अध्यक्ष पद छोडने के बाद इन नेताओं ने पार्टी को सक्रिय करने की चुनौती क्यों नहीं ली। इसमें लिखा गया है, जब भीतर से ही लोग राहुल गांधी के नेतृत्व को खत्म करने के राष्ट्रीय षड्यंत्र में लिप्त हैं, तो पार्टी को पानीपत (हार) मिलना तय है ... इन पुराने नेताओं ने राहुल गांधी को आंतरिक रूप से नुकसान पहुंचाया है, ऐसा नुकसान जो भाजपा ने भी उन्हें नहीं पहुंचाया है। शिवसेना ने कहा, उनमें से कोई भी जिला स्तर का नेता भी नहीं है, लेकिन गांधी और नेहरु परिवार के बल पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री बने। उल्लेखनीय है कि शिवसेना ने पिछले साल भाजपा से



अलग होने के बाद महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए कांग्रेस और राकांपा के साथ गठबंधन किया था। संपादकीय में लिखा, सभी राज्यों में कांग्रेस के पुराने नेता केवल अपना स्थान बचाये रखने के लिए सक्रियता दिखाते हैं और समयानुसार भाजपा से हाथ मिलाते हैं। वे केवल यही सक्रियता दिखाते हैं। राहुल गांधी और सोनिया गांधी इसके बारे में क्या कर सकते हैं।

## AIIMS में भर्ती अमित शाह की सेहत में काफी सुधार, जल्द मिल सकती है अस्पताल से छुट्टी

**नेशनल डेस्क।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (द्धद्धस्) में पिछले दिनों भर्ती कराए गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक शाह का स्वास्थ्य अब पहले से ठीक है और उसमें धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक कि अगर शाह के स्वास्थ्य में इसी गति से सुधार होता रहा तो उन्हें अस्पताल से रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद शाह को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें 14 अगस्त को छुट्टी मिली थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद शाह को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें 14 अगस्त को छुट्टी मिली थी। कोरोना संक्रमण मुक्त होने के बाद हुई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उन्हें 17 अगस्त की रात को एम्स में भर्ती कराया गया था।

## रोजाना करें अलसी के बीजों का सेवन, डायबिटीज रहेगी कंट्रोल

**नेशनल डेस्क।** आज के समय में लोग डायबिटीज के शिकार है। इस बीमारी के शिकार होने का कारण शरीर के पैंक्रियाज में इंसुलिन सही मात्रा में न पहुंचना और खून में ग्लूकोज का लेवल बढ़ जाना होता है। इन मरीजों को आंखों से जुड़ी परेशानी, किडनी और लीवर की बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। कुछ साल पहले की बात करें तो 40 की उम्र के लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता था। मगर आज के गलत लाइफस्टाइल, खानपान के कारण बच्चें भी तेजी से डायबिटीज के शिकार हो रहें हैं। ऐसे में इससे पीड़ित लोगों को अपनी डाइट का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताते हैं जिन्हें खासतौर पर डायबिटीज के मरीजों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। सब्जियों में भिंडी एक ऐसी को डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। बात अगर इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट की करें तो 100 ग्राम भिंडी में यह 7.45 ग्राम पाया जाता है। ऐसे में ये डायबिटीज के पीड़ित लोगों के लिए बेस्ट मानी जाती है। इसकी तैयार सब्जी खाने के साथ इससे तैयार पानी का सेवन भी किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए भिंडी को धोकर पानी में रातभर भिगो कर रखें। अगली सुबह भिंडी को छान कर तैयार पानी का सेवन करें। इस पानी का करीब 2 से 3 महीने तक सेवन करना काफी लाभदायक रहेगा। फाइबर से भरपूर अलसी के बीजों का सेवन करने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीजों के लिए यह एक औषधीयस्वरूप है। इसे सीधा या दूध में मिलाकर खाया जा सकता है। वैसे तो डायबिटीज से परेशान रोगियों को कुछ फलों को खाने से मना किया जाता है। मगर फिर भी ऐसे कई फल है जो वे अपनी डाइट शामिल कर सकते हैं। ताकि उनका शुगर लेवल कंट्रोल में रह सके। बस उन्हें इस बात का खास ध्यान रखना होगा कि वे नारियल पानी, फलों का रस और फ्रूट मिल्क का सेवन न करें। उन्हें अपनी डायबिटीज को कंट्रोल में रखने के लिए ताजे फलों को खाना चाहिए। खासतौर पर अमरूद, जामुन जैसे कम शुगर वाले फलों का सेवन करना चाहिए। हरी व पत्तेदार सब्जियों में विटामिन, फाइबर, आयरन, एंटी- ऑक्सीडेंट, एंटी- वायरल गुण होते हैं। ऐसे में इनका नियमित रूप से सेवन करने से इम्यूनिटी पॉवर बढ़ने के साथ डायबिटीज कंट्रोल में रहती है। वजन बढ़ने की परेशानी से राहत मिलने के साथ शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे में शुगर के मरीजों को खासतौर पर अपनी डाइट में पालक, फूल गोभी, हरी मिर्च, साग, मेथी, लौकी आदि हरी व पत्तेदार सब्जियों को शामिल करना चाहिए।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

# भारत को तरजीह

भारत के प्रति श्रीलंका की ताजा सकारात्मक टिप्पणी सराहनीय और स्वागत योग्य है। एक पड़ोसी देश की ओर से यह भलमनसाहत ऐसे समय में सामने आई है, जब भारत को इसकी ज्यादा जरूरत है। श्रीलंका के विदेश सचिव जयंत कोलंबेज ने साफ कर दिया है कि उनका देश 'इंडिया फर्स्ट' की नीति की पालना करेगा। यह नीति न केवल रणनीतिक, बल्कि सुरक्षा मामलों में भी कायम रहेगी। श्रीलंकाई विदेश सचिव की बात को इसलिए भी गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने यह टिप्पणी राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के हवाले से की है। यह बात हमारे मनोबल को बढ़ाने वाली है कि श्रीलंका भारत के लिए कतई रणनीतिक खतरा नहीं बनना चाहता। श्रीलंका को भारत से लाभ लेना चाहिए और इसी दिशा में उसकी विदेश नीति सक्रिय है। जहां तक सुरक्षा की बात है, तो इतिहास गवाह है, भारत ने खुद को जोखिम में डालकर भी श्रीलंका को सुरक्षित करने की कोशिश की है। दोनों के बीच केवल रणनीतिक-आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामुदायिक-सामाजिक रिश्ते रहे हैं। दोनों की संस्कृतियों में कमोबेश समानता रही है। लिट्टे के दौर में भी दोनों देशों की सरकारों के बीच कभी रिश्ते पटरी से नहीं उतरे।

हरेक देश को अपने हित में फैसले लेने और दुनिया के अन्य देशों से संबंध बनाने की जरूरत पड़ती है और इसमें कोई गलत बात नहीं है। श्रीलंकाई विदेश सचिव ने भी यही कहा है कि अपनी आर्थिक समृद्धि के लिए हम अन्य देशों के साथ भी संबंध बढ़ाएंगे। अपने हित में किसी भी देश को एक तटस्थ विदेश नीति की जरूरत पड़ती ही है और दुनिया में कूटनीतिक संबंधों को संभालने का यही सही तरीका भी है। भारत की ओर से भी दुनिया के तमाम देशों के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। किसी देश से दुश्मनी की सोच भारत में कभी नहीं रही। यहां तक कि पाकिस्तान को भी हमने लंबे समय तक व्यापार के मामलों में तरजीही मुल्क का दर्जा दे रखा था। चीन को हमने भारत में फैलने की कितनी आजादी दी, यह बात दुनिया से छिपी नहीं है। दक्षिण एशिया में अगर पाकिस्तान और चीन को छोड़ दें, तो कमोबेश सभी देशों से भारत के संबंध अच्छे रहे हैं और परस्पर सहयोग और सबकी तरक्की में भारत की भी एक भूमिका रही है।

दुनिया जानती है, चीन दक्षिण एशिया में भारत के पड़ोसियों को लुभाता रहा है। एक समय उसने श्रीलंका को भी लुभाया था। श्रीलंका ने खुशी में अपना एक महत्वपूर्ण बंदरगाह चीन को लीज पर सौंप दिया। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हंबनटोटा बंदरगाह को लेकर की गई गलती को श्रीलंकाई विदेश सचिव ने स्वीकार किया है, तो यह बात सभी के लिए गौर करने की है। आज दबंग दिखते चीन से हुए किसी समझौते को भूल मानना एक बड़ी बात है और यह भूल मानते हुए भारत को प्राथमिकता देने की घोषणा तो इतिहास में दर्ज करने लायक टिप्पणी है। श्रीलंका की इस स्वीकारोक्ति पर तमाम देशों का ध्यान जाना चाहिए। भारत ऐसा देश नहीं है, जो मदद करने के बाद किसी देश को समर्पण के लिए मजबूर करता हो। भारत ऐसा देश नहीं है, जो किसी की हथेली पर कुछ रखने के बाद उसकी बांह मरोड़ता हो। श्रीलंका के सत्ता-प्रतिष्ठान को अतीत में भारत की तुलना में चीन के अधिक निकट देखा गया था, लेकिन अब वहां सोच में जो सुधार नुमाया है, तो उसे बल देने के लिए भारत को भी हरसंभव पहल जारी रखनी चाहिए।

# पस्त होने की तरफ कोरोना

वैश्विक महामारी कोरोना मामले में भारत के लिए एक अच्छी खबर है। देश में पिछले 24 घंटे में 66,550 मरीज ठीक होने के बाद कुल 24.04 लाख लोग अभी तक संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। इससे ठीक होने की दर 72.92 फीसद पर पहुंच गई है। खास बात यह है कि पिछले 25 दिनों में मरीजों के ठीक होने की दर में 100 फीसद से अधिक की वृद्धि हुई है वहीं अब तक 24 लाख मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। पूरे मसले का लब्बो-लुआब यही है कि आहिस्ता-आहिस्ता कोविड़-19 पस्त होने की तरफ है। हालांकि अभी भी कोरोना संक्रमण के मामलों में भारत दुनिया का तीसरा सबसे प्रभावित देश है। देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 32 लाख के पार जा चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना के 67,151 नये मरीज सामने आए और 1059 लोगों की मौत हो गई। कोरोना मामलों की यह संख्या बीते दिन दुनिया के बाकी देशों में सबसे ज्यादा है। राहत की बात है कि मृत्यु दर और एक्टिव केस रेट में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मृत्यु दर गिरकर 1.83 फीसद हो गई है। इसके अलावा, एक्टिव केस, जिनका इलाज चल रहा है, की दर भी घटकर 22 फीसद हो गई है। इसके साथ ही रिकवरी रेट यानी ठीक होने की दर 76 प्रतिशत हो गई है यानी देश में रिकवरी रेट लगातार बढ़ रहा है। आईसीएमआर के मुताबिक, 25 अगस्त तक कोरोना वायरस के कुल 3 करोड़ 95 लाख सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं, जिनमें से 9 लाख सैंपल की टेस्टिंग मंगलवार को की गई। पॉजिटिविटी रेट 7 प्रतिशत से कम है। दूसरी ओर, देश में कोरोना टेस्ट भी ज्यादा संख्या में किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक प्रति दस लाख की आबादी पर कोविड़-19 संबंधी जांच की संख्या बढ़ कर 26,685 हो गई है। स्वाभाविक रूप से ज्यादा टेस्ट होंगे तो मामले भी बढ़ेंगे लेकिन लोगों को इस बात को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। लोगों को सिर्फ उन दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की जरूरत है, जिनसे कोरोना को मात दी जा सके। मास्क का हमेशा इस्तेमाल करना और हाथ साबुन से धोने की प्रक्रिया अपनाते रहना होगा। अगर किसी तरह की परेशानी हो तो तुरंत अस्पताल का रुख करें। कुल मिलाकर सम्मिलित प्रयास के बूते ही कोरोना को हराया जा सकता है। हां, जब तक इसकी वैक्सीन नहीं आ जाती तब तक हमें अनुशासित तरीके से ही अपनी दिनचर्या अपनानी होगी।

## कटाक्ष/सहीराम

# चिट्ठी-पत्री का फायदा

चिट्ठी-पत्री बेशक, गुजरे जमाने की चीज हो गई हो साहब, पर अब भी होती है। और सिर्फ गरीब-गुरबा ही उसका इस्तेमाल नहीं करता, बड़े-बड़े नेता भी करते हैं जैसा कांग्रेसी नेताओं ने हाल ही में साबित किया। सच तो यह है जनाब कि चिट्ठी का असर आज भी उतना ही होता है, जितना गए जमाने में होता था। इस असर को सोशल मीडिया पर व्यस्त रहने वाले क्या जाने! वे लोग इसका मजा क्या जाने जो ई-मेल, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम को ही सब कुछ मान बैठे हैं। अब पता चल रहा है कि यह सब चोंचले चिट्ठी-पत्री का विकल्प नहीं हो सकते। सोशल मीडिया पर चाहे कितनी गाली-गलौच कर लो उसका असर क्या होता है। कुछ भी नहीं। पर चिट्ठी का असर होता है। जैसे गुजरे जमाने में एक चिट्ठी आ जाने भर से पूरा परिवार खिल उठता था, पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ जाती थी कि जिसकी चिट्ठी आई है, वह राजी-खुशी है, सही सलामत है। कांग्रेसी नेताओं ने अपने शीर्ष नेतृत्व को चिट्ठी लिखकर यही साबित किया कि पार्टी सही सलामत है, राजी-खुशी से है। साबित हुआ साहब एक चिट्ठी पूरे देश को खुशी दे सकती है। हर चैनल पर चिट्ठी थी, इसका मजमून था, इस पर चर्चा थी, विश्लेषण था। दो दिन तक खबरिया चैनलों पर हंगामा बरपा रहा कि देखें यह चिट्ठी क्या गजब ढ़ाने जा रही है। कांग्रेसी नेताओं ने चिट्ठी लिखकर भाजपाइयों को इतनी खुशी दी कि वे दिन भर मिठाई के डिब्बे लिए न्यूज चैनलों पर बैठे रहे। जी नहीं, भाजपाइयों को खुशी देने से हमारा आशय यह बिल्कुल भी नहीं है कि ये नेता भाजपा से मिलीभगत किए बैठे हैं। खुशी की असली वजह तो दूसरी है और वह पड़ोसी धर्म से जुदा है। और वह वजह यह है कि जो खुशी हमें नसीब नहीं, वह कम से कम हमारे हमसाया को तो नसीब है। भाजपाइयों का दर्द यह है कि वे न नाराज हो सकते हैं न रूठ सकते हैं न नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर सकते हैं, न चिट्ठी लिख सकते हैं न किसी चीज का विरोध कर सकते हैं। वे कुछ नहीं कर सकते सिर्फ अपने नेता का गुणगान करने के। भाजपाइयों को लगता होगा कि कुढ़ने से तो कोई फायदा है नहीं। सो, खुश ही हो लो और अच्छे नागरिक भी कहलाओगे।

# खिवैया का संकट

प्रमोद जोशी

कांग्रेस पार्टी के आंतरिक विवाद का रोचक पहलू सोमवार 24 अगस्त को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सामने आया। सुधार की मांग करने वालों की बात सुनने के बजाय उल्टे उन पर ही आरोप लगने लगे। हरियाणा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा उन 23 लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने पार्टी अध्यक्ष को पत्र लिखा था कि 'फुलटाइम और प्रभावशाली नेतृत्व' होना चाहिए। बैठक के बाद उन्होंने सोनिया गांधी का इस बात के लिए शुक्रिया अदा किया कि वे अध्यक्ष पद पर बने रहने को तैयार हो गई हैं। फौरी तौर पर नजर आता है कि पार्टी में अब केवल एक मसला है, आप गांधी परिवार के साथ हैं, या नहीं? पर ज्यादा गहराई से देखें, तो इस चिट्ठी ने तमाम परतें खोल दी हैं। पार्टी के भविष्य के लिए यह परिघटना काफी महत्त्वपूर्ण साबित होगी।

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि इस मौके पर पार्टी की ओवरहॉलिंग की बात करना पार्टी और देश, दोनों के खिलाफ है। राहुल गांधी ने इस पत्र के समय पर सवाल उठाया और पत्र लिखने वालों की मंशा पर खुलकर प्रहार किया। साफ है कि अंतर्मथन की मांग करने वालों के लिए पार्टी में जगह नहीं है। दूसरे 'गांधी परिवार' से हटकर पार्टी नेतृत्व की कल्पना भी संभव नहीं। इस पत्र पर विचार के लिए हुई बैठक में सारी बातें पीछे रह गई, केवल पत्र की आलोचना होती रही। पत्र लिखने की मंशा पर वार होते रहे।

> “ इस पत्र को पढ़ने से इतना जाहिर होता है कि पार्टी के भीतर एक बड़ा तबका मानता है कि बीजेपी के सामने खड़े होने के लिए कांग्रेस को नई शक्ल अपनानी होगी। परिवार ही चमत्कार नहीं कर सकेगा। इसका मतलब यह भी है कि पार्टी पूरी तरह परिवार के अधीन नहीं है। वरिष्ठ नेता खुले मन से विचार कर रहे हैं। कार्यसमिति की बैठक से ज्यादा महत्त्वपूर्ण बैठक बाद में गुलाम नबी आजाद के घर पर हुई। सवाल है कि क्या असंतुष्ट नेता, पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे. ”

सवाल यह है कि अब क्या होगा? पत्र में लिखी बातें हवा में फिर भी गूंजेगी। ये पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उनकी मंशा क्या हो सकती है? उनमें से चार नेता इस बैठक में शामिल थे। उनकी बातों को सुना जाना चाहिए था पर बैठक किसी दूसरी दिशा में चली गई। पर ये बातें खत्म फिर भी नहीं हुई हैं। कपिल सिब्बल ने अपने ऊपर लगे आरोप को लेकर एक करारा सा ट्वीट जरूर किया पर वह ट्वीट राहुल गांधी के एक फोन कॉल के बाद डिलीट कर दिया।

फिलहाल, सोनिया गांधी अध्यक्ष बनी रहेंगी, पर आने वाले समय में किसी न किसी को अध्यक्ष तो बनाना ही होगा। परिवार से ही कोई हुआ, तो दिक्कत नहीं होगी, पर कठपुतली अध्यक्ष बनाने की कोशिश हुई, तो बात बढ़ेगी। सवाल है कि क्या पत्र लिखने वालों ने इन सब बातों पर विचार नहीं किया होगा? क्या वे अपनी पार्टी के मिजाज को नहीं समझते हैं? क्या ओवरहॉलिंग के लिए कोई वक्त तय होता है? क्या यह पत्र किसी और बात की पेशबंदी है? क्या उन्हें कुछ होता नजर आ रहा है? 'गांधी परिवार' के चतुर्दिक जैकारे के बीच करीब दो दशक बाद पार्टी से असहमति के दृढ़ स्वर सुनाई पड़े हैं। सवाल यह नहीं है कि पत्र किसने लिखवाया, किसने लीक कराया और कौन चाहता है कि पार्टी के भीतर नीचे से ऊपर तक बदलाव किया जाए? यह भी नजर आता है कि राहुल गांधी ने जिस तबके को किनारे किया था, वह इस पत्रांदोलन के पीछे है। पर सब कुछ इतना सीमित भी नहीं है। पत्र लिखने वाले ज्यादातर वरिष्ठ नेता हैं। वे सब किसी एक गुट से वास्ता नहीं रखते हैं। लगता यह है कि इन नेताओं के बीच लंबे विचार-विमर्श के बाद यह पत्र लिखा गया है। इसकी प्रतिक्रिया क्या होगी, इसका उन्हें अनुमान भी होगा। इस पत्र को पढ़ने से इतना जाहिर होता है कि पार्टी के भीतर



एक बड़ा तबका मानता है कि बीजेपी के सामने खड़े होने के लिए कांग्रेस को नई शक्ल अपनानी होगी। केवल परिवार ही चमत्कार नहीं कर सकेगा। इसका मतलब यह भी है कि पार्टी पूरी तरह परिवार के अधीन नहीं है। उसके वरिष्ठ नेता खुले मन से कुछ विचार कर रहे हैं। कार्यसमिति की बैठक से ज्यादा महत्त्वपूर्ण बैठक इसके बाद ग़ुलाम नबी आजाद के घर पर हुई।

सवाल है कि क्या 'असंतुष्ट' नेता, पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे? क्या वे पार्टी के भीतर लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ सकते हैं? सच है कि पार्टी में नीचे तक काफी असंतोष है, पर क्या कार्यकर्ता खुलकर सामने आ सकेंगे? और आ भी गए तो क्या 'परिवार विहीन' कांग्रेस अपने पैरों पर खड़ी हो पाएगी? पार्टी न ऐसे खड़ी हो पा रही है और न वैसे, तब होगा क्या? वह अपने इतिहास के सबसे नाज़ुक दौर में आ चुकी है। उसके उठने के आसार भी नजर नहीं आ रहे हैं।

पार्टी के भीतर इस समय नेतृत्व ही सबसे बड़ा सवाल है, जो अनिश्चित है। यदि राहुल गांधी ही नेता हैं, तो वे सामने आकर कमान क्यों नहीं संभालते? बहुत से नेताओं को यह बात समझ में नहीं आ रही है कि एक तरफ राहुल गांधी पार्टी के अध्यक्ष नहीं हैं, दूसरी तरफ वास्तविक अध्यक्ष भी वही हैं। उनकी ज्यादातर बातें मानी जाती हैं। चुनाव कराकर वे किसी नये अध्यक्ष को लाने का प्रयास भी नहीं कर रहे हैं। यह क्या रणनीति हुई? इस पत्र की लानत-मलामत के बाद यह तो देखा जाना ही चाहिए कि इसमें लिखा क्या था। पत्र लेखकों की सामान्य-सी मांग थी। पार्टी की सत्ता का विकेंद्रीकरण हो। राज्यों की शाखाओं को अपने फैसले करने का मौका दिया जाए। नीचे से ऊपर तक पार्टी में चुनाव कराए जाएं। केंद्रीय संसदीय बोर्ड का गठन किया जाए वगैरह। पूर्णकालिक और प्रभावशाली नेतृत्व चाहिए, जो सक्रिय हो और सक्रिय दिखाई भी पड़े। उन्होंने लिखा है कि पार्टी के संसदीय दल में अब विचार-विमर्श भी नहीं होता। केवल पार्टी अध्यक्ष का औपचारिक भाषण होता है और शोक-संदेश पास होते हैं। यह नहीं मान लेना चाहिए कि पत्र अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर पाया। पत्र लिखने वालों को इस बात का आभास रहा होगा कि इसका तात्कालिक परिणाम क्या होगा। उनके पास अभी कुछ तीर और होने चाहिए, पर अभी इस पत्र का पूरा असर देखने में नहीं आया है।

यह केवल कुछ नेताओं की व्यक्तिगत लालसा का सवाल नहीं है। इसे बीजेपी से प्रेरित गतिविधि भी नहीं मान लेना चाहिए। अभी बात दूर तक गई नहीं है। कार्यसमिति की बैठक में जो हुआ, उसे कहानी का अंत नहीं मान लेना चाहिए। वह मध्यांतर था। अब देखना होगा कि आगे होता क्या है। संभव है कि आने वाले समय में पार्टी महासमिति की बैठक बुलाई जाए। पार्टी का नेतृत्व पत्र लिखने वालों से अलग से बात करे और समझने का प्रयास करे कि उनका मंतव्य क्या है। ऐसे नेतृत्व को उभरना या उभारना ही होगा, जो परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझता हो, जनता से संवाद करने की क्षमता रखता हो, अपनी पार्टी की आंतरिक और बाहरी ताकत को समझता हो वगैरह-वगैरह। यह मान लेना कि केवल परिवार ही पार्टी की धुरी बन सकता है, आत्यंतिक समझ है। चिट्ठी लिखने वालों ने भी उसे अनजाने में नहीं लिखा होगा। उसके पीछे कई तरह के दिल और दिमाग हैं। हो सकता है कि ऐसा कुछ भी न हो। तब मान लीजिएगा कि इस नाव का कोई खिवैया नहीं है।

## जैव विविधता पर संकट

# मानवीय अस्तित्व के लिए भी संरक्षण जरूरी

ज्ञानेन्द्र रावत

जैव विविधता का सवाल आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है। हो भी क्यों ना क्योंकि मौजूदा दौर में पौधों की तकरीबन साठ हजार और जंतुओं की दो हजार से अधिक प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। जबकि दुनिया के वैज्ञानिकों का मानना है कि मानवीय गतिविधियों, वैश्विक तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के चलते यदि जैव-विविधता के क्षरण पर अंकुश नहीं लगा तो 2050 तक दुनिया की एक-चौथाई प्रजातियों का हमेशा-हमेशा के लिए अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। यह मानव जीवन के लिए भीषण खतरा है जबकि जैव-विविधता का मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।

चूंकि मानव संस्कृति और पर्यावरण का साथ-साथ विकास हुआ है, यदि इस दृष्टि से देखें तो सांस्कृतिक पहचान हेतु जैव विविधता का होना अवश्यंभावी है। यह पारितंत्र को स्थिरता प्रदान करती ही है, पारिस्थितिक संतुलन को बरकरार रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निबाहती है। पारितंत्र विविधता की बात करें तो यह पृथ्वी पर पायी जाने वाली पारितंत्रों यानी ईको सिस्टम में उस विभिन्नता को कहते हैं, जिसमें प्रजातियां वास करती हैं। इनमें झील, मरुभूमि, नदी, तालाब आदि जल संग्रहण क्षेत्र आदि शामिल हैं। आज हम उसी खतरे को निहित स्वार्थ के चलते नकारते चले जा रहे हैं। कारण जैसे-जैसे जंगलों का बेतहाशा कटान हो रहा है, वैसे ही इस चर्चा को और बल मिला है कि क्या यह बची रह पायेगी। चिंता की असली वजह यही है।

दरअसल बीते सौ साल में जैव विविधता पर इसलिए संकट गहराया क्योंकि इस दौरान हमने अपने प्राकृतिक वनों को निजी स्वार्थ, भले इसे हम विकास कहें, की अंधी चाहत के चलते खो दिया। इसमें औद्योगिक विकास ने नकारात्मक भूमिका निभाई। नतीजतन हर साल हमने तकरीबन 15,000 वर्ग किलोमीटर जंगल को विकास यज्ञ की समिधा बना डाला। जैव विविधता न केवल भोजन, लकड़ी, कपड़ा, ईंधन, चारे की जरूरत को पूरा करते हैं, खेती की पैदावार बढ़ाने के साथ ही रोग रोधी, कीट-पतंगे रोधी फसलों के उत्तरोत्तर विकास में सहयोगी होती है, वानस्पतिक औषधीय जरूरतों की पूर्ति, पोषक चक्र को गतिमान रखने और पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्तारण में भी सहायक की भूमिका निबाहती है।



जैव विविधता में संपन्न वनीय पारितंत्र में कार्बन डाईऑक्साइड के प्रमुख अवशोषक तत्व होते हैं। यह मृदा निर्माण के साथ-साथ उसके संरक्षण, उसकी संरचना के सुधार-विकास, जल धारण क्षमता और पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाने, जलीय चक्र को गतिमान रखने में ही नहीं बल्कि जल संरक्षण में भी सहायक की भूमिका निबाहती है। कुल मिलाकर निर्विवाद रूप से हम यह कह सकते हैं कि जैव विविधता प्रकृति अध्ययन की दिशा में सर्वोत्तम प्रयोगशाला है, मानव सभ्यता के विकास की धुरी है, तो किसी भी मायने में कुछ गलत नहीं होगा।

जहां तक जैव विविधता के इतिहास का प्रश्न है, यह करीब 400 करोड़ से अधिक वर्षों के विकास का परिणाम है। समूची दुनिया में जब-जब प्रजातियों का सवाल आता है तो इनकी तादाद के बारे में अभी तक भी कोई स्पष्ट आंकड़ा मौजूद नहीं है। हां, तकरीबन 30 से 10 करोड़ के बीच इनकी तादाद का अनुमान जरूर है। अब तक दुनिया में 14 लाख 35 हजार 662 प्रजातियों की पहचान की गई है। अभी भी हजारों-लाखों प्रजातियां ऐसी हैं, जिनकी पहचान होना बाकी है। लेकिन अभी तक जिन प्रजातियों की पहचान की गई है, उनमें 7 लाख 51 हजार कीटों की, 2 लाख 48 हजार पौधों की, 2 लाख 81 हजार जंतुओं की, 68 हजार कवकों की, 26 हजार शैवालों की, 4 हजार 800 जीवाणुओं तथा एक हजार विषाणुओं की शामिल हैं। इनके अलावा 343 मछलियों की, 50 जलथल चारी, 170 सरीसृपों की, 1355 अकशेरु की, 1037 पक्षियों और 497 स्तनपायी भी हैं। दुखद यह है कि हर साल पारितंत्रों के क्षय के कारण तकरीबन 27 हजार प्रजातियां लुप्त भी हो रही हैं। दरअसल बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण जैव विविधता के ह्रास का सबसे प्रमुख कारण है। इसे झुठलाया नहीं जा सकता। इसमें सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इस दिशा में सबसे अहम कार्य जैविक संसाधनों के प्रबंधन का है। सच्चाई यह है कि इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं है।

दुख की बात यह है कि दुनिया के 1,500 वैज्ञानिकों और 150 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा 50 से अधिक देशों की जैव विविधता से जुड़ी रिपोर्ट में भी इस विनाश के लिए मानवीय गतिविधियों को ही सबसे बड़ा जिम्मेवार बताया गया है। इसलिए प्रकृति को नष्ट होने से बचाने के लिए जैव विविधता का संरक्षण समय की सबसे बड़ी मांग है।

## धर्म

# हिंसा से धूमिल होती छवि

रिजवान अंसारी

पिछले दिनों कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू से धार्मिक हिंसा की खबर आई। इस हिंसा में तीन लोगों की मृत्यु हो गई जबकि सौ से ज्यादा लोग और पुलिसकर्मी घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो स्थानीय विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के एक रिश्तेदार द्वारा फेसबुक पोस्ट लिखने के कारण हिंसा हुई। ऐसा दावा है कि उस पोस्ट में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावना आहत हो गई। लिहाजा, पुलिस थाने के सामने गुस्साई भीड़ ने थाने पर हमला बोल दिया और पूरे शहर में हिंसा की आग सुलग गई। इसमें कोई दो राय नहीं कि धर्म के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचना जायज है, लेकिन उसके कारण शहर को आग को हवाले कर देना कतई जायज नहीं है। हम एक ऐसे देश में रहते हैं, जहां विधि-विधान का शासन है यानी कानून सर्वोपरि है और कोई भी नागरिक कानून से ऊपर नहीं है। लिहाजा, कानून और अदालत का दरवाजा खटखटाने के बजाय कानून को अपने हाथ में लेना जुर्म है।

दरअसल, सवाल सिर्फ हिंसा तक ही सीमित नहीं है। इससे कहीं आगे का है और वह यह कि इस प्रकार की हिंसा से देश, समाज और दूसरे समुदाय को हम क्या संदेश देते हैं? एक ऐसे दौर में जब समाज में धर्म के आधार पर विभाजन और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बेहद मामूली बात हो गई है, तब किसी एक धर्म द्वारा हिंसा समाज में उसकी स्थिति को और विकट बनाती है। जाहिर है, इस प्रकार की हिंसा उस धर्म की छवि को धूमिल करने के लिए पर्याप्त है। हालिया बेंगलुरू हिंसा के कारण मुस्लिम समाज के खिलाफ रोष पैदा होना इसी का एक पहलू है। यह तो एक बात हो गई। ऐसी हिंसा के बाद दोषियों के जीवन का तबाह होना दूसरी बड़ी मुसीबत है। नौजवान लड़के अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा जेल के सलाखों के पीछे काट देते हैं यानी जिन युवाओं को अपना कॅरियर संवारना चाहिए, वे कुछ आवेश के चलते अपनी जिंदगी तबाह कर डालते हैं। इससे भी बड़ी चिंता की बात है कि इस हिंसा में केवल दोषी ही नहीं, बल्कि मासूम लड़के भी बलि की भेंट चढ़ जाते हैं। कुछ लोगों की गलती के चलते उनका भी कॅरियर बर्बाद हो जाता है। बेंगलुरू हिंसा के बाद भी कुछ परिजनों ने अपने निर्दोष बच्चों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने की शिकायत की है।



इससे आगे देखें, तो धार्मिक दंगों और विभाजन का राजनैतिक नुकसान भी है जिससे हालिया वर्षो में मुस्लिम समाज दो-चार होता रहा है। जब हमारे किसी नकारात्मक कार्य को आधार बनाकर गलत छवि गढ़ी जाने लगे और फिर उस पर सियासी रोटी सेंकी जाने लगें तब चुनावों में वोट विकास कार्यों के नाम पर नहीं, बल्कि धार्मिक विभाजन के आधार पर पड़ता है। फलतः ऐसे जनप्रतिनिधि और सरकार चुन कर आ जाते हैं, जो योग्य नहीं होते यानी हमारा कृत्य न सिर्फ कौम, बल्कि समाज और देश को भी नुकसान पहुंचाता है।

बेंगलुरू हिंसा पर लौटें, तो इसकी वजह केवल एक फेसबुक पोस्ट थी। दो समुदायों के बीच कोई विवाद नहीं हुआ था यानी अगर संयम से काम लिया जाता, तो यह घटना टल सकती थी। हालांकि इसमें पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में जरूर है कि उसने आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की। लेकिन इससे किसी को यह लाइसेंस नहीं मिल जाता कि कानून को हाथ में लेकर कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाए। हालांकि आईपीसी, 1860 की धारा 295 से 298 में किसी की धार्मिक भावना को भड़काना अपराध है। फिर धार्मिक विविधता वाले समाज में किसी धर्म के खिलाफ टिप्पणी यकीनन लोगों को जानबूझ कर भड़काने के लिए की जाती है। लिहाजा, सरकार और प्रशासन को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि दोषियों को अविलंब सजा देने की व्यवस्था बने।

इन सबसे इतर, एक मुस्लिम के तौर पर हम पैगंबर की शान को कमतर करने वाले पर भड़क तो जाते हैं, लेकिन यह सोचने की जरूरत है कि हम खुद पैगंबर की बातों पर कितना अमल करते हैं। अगर हम पैगंबर की राहों पर चलें, तो पता चलेगा कि उनके खिलाफ बोलने वालों को वह न सिर्फ माफ कर देते थे, बल्कि उनकी मदद भी करते थे ताकि गलती करने वालों को खुद गलती का अहसास हो। यकीनन, हमें भी पैगंबर की राहों पर चलकर, हर हाल में सहिष्णु बन कर

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## पहाड़ों की सैर के लिए अब जल्द भर सकेंगे उड़ान, सरकार ने 78 नये मार्गों को दी मंजूरी

**नेशनल डेस्क।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान योजना के चौथे चरण के तहत आज 78 नये वायुमार्गों को मंजूरी प्रदान की है। मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि नये मार्गों पर विमान सेवा शुरु होने से पूर्वोत्तर, पहाड़ी इलाकों तथा द्वीपीय क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इससे पूर्वोत्तर राज्यों में गुवाहाटी से तेजु, रूपसी, तेजपुर, पस्सीघाट, मिसा और शिलांग की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। अब लोग हिसार से चंडीगढ़, देहरादून और धर्मशाला के लिए उड़ान भर सकेंगे। उड़ान योजना के पहले तीन चरणों में मंजूरी प्राप्त कुल 688 मार्गों में से 274 पर विमान सेवा शुरु हो चुकी है। चौथे चरण में 78 नये मार्गों को मंजूरी मिलने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा उडान योजना के तहत अनुमति प्राप्त वायुमार्गों की संख्या बढ़कर 766 हो गयी है। अब तक जिन वायुमार्गों को मंजूरी प्राप्त हुई है, उनमें से 29 वायुमार्गों पर पहले से उड़ान सेवा उपलब्ध है जबकि आठ में पहले से उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं थी।

## इंफोसिस ने जेनेसिस के साथ पांच साल के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस ने गुरुवार को कहा कि उसने क्लाउड ग्राहक अनुभव और संपर्क केंद्र समाधान मुहैया कराने वाली जेनेसिस के साथ पांच साल के लिए एक करार किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जेनेसिस के साथ इस साझेदारी से दोनों कंपनियों को ग्राहक अनुभव बाजार में बेहतरीन समाधानों के विकास में मदद मिलेगी। इस साझेदारी के तहत इंफोसिस, जेनेसिस के संपर्क केंद्र समाधानों को बाजार में पेश करेगी। इसके अलावा इंफोसिस, जेनेसिस प्योरकनेक्ट के लिए शोध तथा विकास (आरएंडडी), परिचालन और ग्राहक सेवाओं के क्षेत्र में मदद करेगी तथा इसका लाभ भी उठाएगी।

## कमजोर मांग से कच्चा तेल वायदा कीमतों में गिरावट

**नयी दिल्ली।** कमजोर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया, जिससे वायदा बाजार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमत 0.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,209 रुपये प्रति बैरल रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चा तेल के सितंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 26 रुपये अथवा 0.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,209 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 3,203 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कच्चा तेल के अक्टूबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 21 रुपये अथवा 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,245 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 36 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल की कीमत 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43.30 डॉलर प्रति बैरल पर थी, जबकि ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.13 प्रतिशत की हानि के साथ 45.70 डॉलर प्रति बैरल पर थी।

## बढ़ती मांग के कारण रिफाइंड सोया तेल कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली।** सटोरियों द्वारा अपने सौदों के आकार को बढ़ाने के कारण वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को रिफाइंड सोयातेल की कीमत 80 पैसे की तेजी के साथ 878 रुपये प्रति 10 किग्रा हो गई। एनसीडीईएक्स में रिफाइंड सोयातेल के सितंबर डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 80 पैसे अथवा 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 878 रुपये प्रति 10 किग्रा हो गई जिसमें 24,555 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी प्रकार, रिफाइंड सोयातेल के अक्टूबर डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 2.2 रुपये अथवा 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 886 रुपये प्रति 10 किग्रा हो गई जिसमें 15,915 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

# बैंक कर्ज देने से डरें नहीं, धोखाधड़ी से बचने के पुख्ता उपाय करें: आरबीआई गवर्नर ने बैंकों से कहा

**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को बैंकों को कर्ज देने के लिये प्रोत्साहित करते हुये कहा कि जोखिम से जरूरत से ज्यादा बचने की प्रवृत्ति उनके लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है इसलिये उन्हें आगे बढ़कर कर्ज देना चाहिये और धोखाधड़ी को भांपने और समझने के पुख्ता इंतजाम करने चाहिये। दास ने समाचार पत्र बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा आयोजित एक वेब गोष्ठी में यह बात कही। उन्होंने माना कि कोविड-19 संकट से बैंकों के लिये पूंजी क्षरण होगा, लेकिन कुल मिलाकर बैंकिंग प्रणाली मजबूत और स्थिर बनी हुई है। गौरतलब है कि इस समय बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर छह प्रतिशत से कम रह गई है और कई लोगों के लगता है कि बैंक परिसंपत्तियों की गुणवत्ता की चिंता लेकर जोखिम उठाने से बच रहे हैं और कम कर्ज दे रहे हैं। रिजर्व बैंक की इसी सप्ताह जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2019-20 में धोखाधड़ी के मामले दोगुने होकर 1.85 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गये। दास ने कहा कि बैंकों को धोखाधड़ी को रोकने की अपनी क्षमता में सुधार लाने की पर्याप्त गुंजाइश है, ताकि वे कमजोरियों की तुरंत पहचान कर सकें। उन्होंने कहा कि बैंकों की जोखिम प्रणाली ऐसी होनी चाहिए कि वह विभिन्न कारोबार में धोखाधड़ी को पहले ही भांप ले और बाहरी माहौल में बदलाव के साथ पैदा होने वाले जोखिमों की समय रहते पहचान कर ले। दास ने कहा कि हाल में धोखाधड़ी के जो मामले सामने आए हैं, उनके मूल में कर्ज को मंजूरी देते समय या मंजूरी के बाद ऋण की निगरानी में संबंधित बैंक की प्रभावशाली जोखिम प्रबंधन क्षमता का अभाव रहा है।

दास ने कहा कि कर्ज देने से बचने की जगह बैंकों को अपने जोखिम प्रबंधन और प्रशासनिक ढांचे में सुधार करना चाहिए और खुद में पर्याप्त लचीलापन लाना चाहिए। दास ने कहा कि मौजूदा महामारी के कारण बैंकों का पूंजी आधार प्रभावित होगा।

## कोविड-19: बाजार में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए किए गए उपाय 24 सितंबर तक अमल में रहेंगे

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कहा कि बाजार उतार-चढ़ाव से निपटने के लिये किये गये उपाय 24 सितंबर तक जारी रहेंगे। कोविड-19 महामारी संबंधित स्थिति की समीक्षा के बाद नियामक ने यह बात कही। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बाजार (सेबी) ने महामारी को देखते हुए मार्च में बाजार में उतार-चढ़ाव रोकने के इरादे से व्यवस्थित कारोबार और निपटान के लिये कई कदम उठाये। इसमें सभी वायदा एवं विकल्प अनुबंधों में कारोबार की सीमा की समीक्षा शामिल है। व्यस्थित व्यापार के अलावा इन उपायों का मकसद प्रभावी तरीके से जोखिम प्रबंधन, कीमत खोज और बाजार में भरोसा बनाये रखना है। नियामक ने बुधवार को कहा, ''कोविड-19 महामारी संबंधी स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय किया गया है कि सेबी की 20 मार्च, 2020 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिये जो उपाय किये गये थे, वे 24 सितंबर, 2020 तक प्रभाव में बने रहेंगे।' सेबी ने कहा कि शेयर बाजार और क्लीयरिंग कॉरपोरेशन बाजार प्रतिभागियों के लिये इस संबंध में जरूरी निर्देश जारी करेंगे।

## कोल इंडिया ने बेलारूस की कंपनी बेलाज को दिया 2,900 करोड़ रुपए का ठेका

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने खनन उपकरण बनाने वाली बेलारूस की कंपनी बेलाज को 240 टन क्षमता के 96 डंपरों की आपूर्ति के लिए 2,900 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। उसने कहा कि ठेके में डंपरों की लागत, आठ साल तक कल-पुर्जे और एक साल की वारंटी शामिल है। कंपनी इस ठेके का वित्तपोषण अपने संसाधनों से करेगी। डंपरों का इस्तेमाल खुले खनन में तथा अधिक बोझ वाली थोक सामग्रियों के परिवहन में मदद करने में किया जाता है। बयान में कहा गया, 'कोल इंडिया लिमिटेड ने 240 टनों की क्षमता वाले 96 डंपरों की खरीद के लिये बेलाज को 2,900 करोड़ रुपये का ठेका दिया है।' कंपनी ने कहा कि वह अपने उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। उपकरणों को आधुनिक बनाया जाना इसी प्रयास की दिशा में उठाया गया एक कदम है। कंपनी के निदेशक मंडल से सौदे को मंजूरी मिल चुकी है। को मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी ने कहा कि छह डंपरों की पहली खेप करार पर हस्ताक्षर होने के आठ महीने के भीतर आ जायेगी। कंपनी के पास पहले से ही 240 टनों की क्षमता वाले 66 डंपर हैं। उसने कहा कि नये 96 डंपरों में से 84 डंपर गेवरा परियोजना में लगाये जायेंगे। शेष 12 डंपर छत्तीसगढ़ की कुसमुंडा परियोजना में काम पर लगाये जायेंगे।

## कमाई के मामले में पतंजलि ने Horlicks को छोड़ा पीछे, कमाएं 442 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।**

कोरोना महामारी के दौर में बिस्किट की मांग में काफी इजाफा हुआ है। चालू वित्त वर्ष में बिस्किट कारोबार बढ़कर 1800 करोड़ रुपए का हो गया है। बिस्किट कारोबार में पतंजलि ने को पीछे छोड़ दिया है। बीते वर्ष 2017-18 में पतंजलि का कारोबार 284 करोड़ रुपए था, जोकि वित्त वर्ष 2019-20 में बढ़कर 442 करोड़ रुपए हो गया है। ब्रि टानिया का मिले क बिकीज अभी भी मार्केट लीडर है, हालांकि उसकी बाजार हिस्सेदारी मामूली घटकर 48.9 प्रतिशत रह गई। बता दें कि वित्त वर्ष 2017-18 में बिस्किट की बाजार हिस्सेदारी 14.3 फीसदी थी और मिल्क बिस्किट में यह दूसरा सबसे बड़ा ब्रांड था। लेकिन इस वर्ष कंपनी की बिक्री 207 करोड़ रुपए थी और बाजार हिस्सेदारी घटकर 11.5 फीसदी आ गई। वहीं, बात करें पतंजलि की तो 13.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरा सबसे बड़ा मिले क बिस्किट ब्रांड बन गया है। फोर्ब्स इंडिया कि रिपोर्ट की मानें तो वित्त वर्ष




2017-18 में मिले क बिस्किट का बाजार 1450 करोड़ रुपए का था। वहीं, पतंजलि की बाजार हिस्सेदारी 6.7 प्रतिशत थी और उसने 97 करोड़ रुपए के बिस्किट बेचे थे। लेकिन ब्रिटानिया का मिले क बिस्किट 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ टाप पर था। इस साल ब्रिटानिया की हिस्सेदारी घटकर 48.9 हो गई है लेकिन फिर भी वह पहले स्थान पर काबिज है। भारत में 1930 में लॉन्च होने के बाद से माल्ट-बेस्ड बेवरेज सेगमेंट में अपनी प्रतिद्वंदियों बॉर्नवीटा और कॉम्प्लेन से बढ़त बना कर रखी है। इसके पास 43 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। अब का ब्रांड है। इस साल के शुरूआत में एचयूएल ने जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर का अधिग्रहण कर लिया था। ने दूध बिस्किट सेगमेंट में काफी मजबूत स्थिति बनाई थी। नील्सन डाटा की मानें तो चालू वित्त वर्ष 2019-20 में पंतजलि दूध ने 249 करोड़ रुपए की बिक्री की। तीन सालों में पतंजलि तेजी से आगे बढ़ने वाला ब्रांड बन गया है। पतंजलि दूध बिस्किट ने तीन चीजों पर ध्यान देकर अपनी यह सफलता हासिल की। पहला पतंजलि ने गाय दूध का प्रयोग किया। दूसरा बिस्किट को 100 प्रतिशत गेहूं से बनाया। तीसरा पैकेट पर कंपनी का दावा इसमें कोई कोलेस्ट्रॉल या ट्रांसफैट नहीं है।

## आरबीआई गवर्नर की टिप्पणी के बाद रुपया 48 पैसे की जोरदार तेजी के साथ 73.82 पर बंद

**मुंबई।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की टिप्पणी के बाद गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 48 पैसे की जोरदार तेजी के साथ 73.82 के स्तर पर बंद हुआ। दास ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि कोरोना वायरस महामारी के चलते उपजे मौजूदा हालात से निपटने के लिए आरबीआई की तरकश के तीर खत्म नहीं हुए हैं, जिसमें दर में कटौती या अन्य नीतिगत उपाए शामिल हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में घरेलू मुद्रा 74.30 पर खुली और इसने जल्द ही तेजी का रुख दर्शाते हुए उल्लेखनीय बढ़त हासिल कर ली और अंत में डॉलर के मुकाबले 73.82 के स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 48 पैसे अधिक है। दिन के कारोबार के दौरान रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.81 का ऊपरी स्तर और 74.36 का निचला स्तर देखा। समाचार पत्र बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा आयोजित एक वेब गोष्ठी में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बैंकों को कर्ज देने से बचने की जगह अपने जोखिम प्रबंधन और प्रशासनिक ढांचे में सुधार करना चाहिए और खुद में पर्याप्त लचीलापन लाना चाहिए। कर्ज वृद्धि में सुस्ती की खबरों के बीच दास ने कहा, उन्होंने आगे कहा कि ''चाहे दर में कटौती हो या फिर अन्य नीतिगत कदम, हमारे तरकश के तीर अभी खत्म नहीं हुए हैं।''

# टिक टॉक सीईओ केविन मेयर ने छोड़ा अपना पद, 4 महीने पहले ही संभाली थी जिम्मेदारी



**बिजनेस डेस्क।**

वीडियो मेकिंग ऐप टिक टॉक इस समय भारी संकट से गुजर रहा है, इसीका नतीजा है कि कंपनी के सीईओ केविन मेयर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि मै भारी मन से मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि मैंने कंपनी छोड़ने का फैसला किया है। मेयर ने 4 महीने पहले ही कंपनी की बागडोर संभाली थी। केविन मेयर ने अपने इस्तीफा पत्र में कहा है कि हाल के कुछ दिनों में कंपनी के ढांचे में हुए कई बदलावों ने उन्हें छोड़ने पर मजबूर किया है। केविन ने इसी साल मई में डिजनी स्ट्रीमिंग के प्रमुख का पद त्यागने के बाद बाइटडांस के स्वामित्व वाले एप टिकटॉक की जिम्मेदारी संभाली थी। अब जनरल मैनेजर वनीसा पपाज को तत्काल प्रभाव से उनकी जगह कंपनी का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है। बता दें कि 59 चीनी ऐप्स पर भारत सरकार की ओर से लगाए गए प्रतिबंध के बादकेविन मेयर ने भारत के कर्मचारियों को एक पत्र लिखा था।

इसमें उन्होंने कहा था कि हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं..उनकी भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. हमने 2,000 से अधिक मजबूत कर्मचारियों को भी आश्वस्त किया है उनकी भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. हमने 2,000 से अधिक मजबूत कर्मचारियों को भी आश्वस्त किया है कि हम सकारात्मक अनुभव और अवसरों को बहाल करने के लिए जो भी हमारे लिए संभव होगा, करेंगे। गौरतलब है कि चीन के साथ सीमा विवाद के बाद भारत ने टिकटॉक समेत 59 चाइनीज ऐप पर राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत बैन लगा दिया था। भारत के फैसले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस ऐप को अमेरिका में बैन करने की धमकी तेज कर दी। हाल ही में ट्रंप ने एक नया एग्जिक्युटिव ऑर्डर साइन किया था,।

जिसमें कहा गया था कि अगर टिकटॉक को अमेरिका में बिजनेस जारी रखना है तो उन्हें 90 दिनों के अंदर इसे बेचना होगा और सभी मौजूदा डेटा को डिलीट करना होगा।

## पेंशनभोगी 'डिजिलॉकर' में सुरक्षित रख सकते हैं पेंशन भुगतान आदेश: सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक पेंशनभोगी अब अपने पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को 'डिजिलॉकर' में सुरक्षित रख सकते हैं। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह बात कही गई। बयान के मुताबिक पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने यह पाया कि कई पेंशनभोगियों ने समय के साथ अपने पीपीओ की मूल प्रति को कहीं खो दिया, जो एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके चलते यह फैसला किया गया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीपीओ की अनुपस्थिति में इन पेंशनभोगियों को अपने सेवानिवृत्त जीवन के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। महामारी के मद्देनजर पीपीओ की कागजी प्रति पाने में समस्या थी। इसके अलावा हाल में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के लिए कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पीपीओ की कागजी प्रति पाने में समस्या थी। बयान के मुताबिक ऐसे में विभाग ने केंद्र सरकार की नागरिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के जीवन को आसान बनाने के लिए सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए तैयार किए गए इलेक्ट्रॉनिक पेंशन भुगतान आदेश (ई-पीपीओ) को डिजीलॉकर के साथ एकीकृत करने का फैसला किया गया है।

## जीएसटी काउंसिल की 41वीं बैठक जारी, निर्मला सीतारमण देंगी जानकारी



**नेशनल डेस्क।**

राज्यों को राजस्व में कमी की भरपाई के मुद्दे पर चर्चा के लिए त्रस्ञ परिषद की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को शुरू हुई। केंद्र ने राज्यों से राजस्व में कमी की भरपाई के लिए बाजार से कर्ज लेने को कहा है। केंद्र के इस कदम का गैर-राजग दलों के शासन वाले प्रदेश विरोध कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर परिषद की 41वीं बैठक वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हो रही है। इसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक में राज्यों के राजस्व में कमी की भरपाई के मुद्दे पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस और गैर-राजग दलों के शासन वाले राज्य इस बात पर जोर दे रहे हैं कि घाटे की कमी को पूरा करना केंद्र सरकार की सांवधिक जिम्मेदारी है। वहीं केंद्र सरकार ने कानूनी राय का हवाला देते हुए कहा कि अगर कर संग्रह में कमी होती है तो उसकी ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। सूत्रों के अनुसार केंद्र के साथ-साथ भाजपा-जद (यू) शासित बिहार की राय है कि राज्यों को कर राजस्व में कमी कमी की भरपाई के लिए बाजार से कर्ज लेना चाहिए। कर राजस्व में कमी के साथ ष्टश1द्वस्र-19 संकट से राज्यों के लिए समस्या और बढ़ गई है। एक जुलाई, 2017 से लागू हुआ। कमी का आकलन राज्यों के जीएसटी संग्रह में आधार वर्ष 2015-16 के तहत 14 प्रतिशत सालाना वृद्धि को आधार बनाकर किया जाता है। जीएसटी परिषद को यह विचार करना है कि मौजूदा हालात में राजस्व में कमी की भरपाई कैसे हो। केंद्र ने 2019-20 में जीएसटी क्षतिपूर्ति मद में 1.65 लाख करोड़ रुपये जारी किये। हालांकि उपकर संग्रह से प्राप्त राशि 95,444 करोड़ रुपये ही थी।

## RBI ने दिए ब्याज दरों में कटौती जारी रहने के संकेत, कहा-खत्म नहीं हुए हैं हमारे तरकश के तीर



**बिजनेस डेस्क।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में आगे और कटौती के संकेत देते हुए गुरुवार को कहा कि कोरोना महामारी से अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए किए गए उपायों को जल्द नहीं हटाया जाएगा। गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक कार्यक्रम में कहा कि चाहे दर में कटौती हो या फिर अन्य नीतिगत कदम, हमारे तरकश के तीर अभी खत्म नहीं हुए हैं। ने 6 अगस्त को जारी नीतिगत समीक्षा में रेपो दरों में कोई बदलाव नहीं किया था। केंद्रीय बैंक इससे पहले पिछली दो बैठकों में नीतिगत दर में 1.15 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। फिलहाल दर 4.25 प्रतिशत है। शक्तिकांत दास ने कहा कि महामारी की रोकथाम के बाद अर्थव्यवस्था को मजबूती के रास्ते पर लाने के लिए सावधानी के साथ आगे बढ़ना होगा। केंद्रीय बैंक द्वारा पिछले दिनों घोषित राहत उपायों के बारे में दास ने कहा कि किसी भी तरह से यह नहीं मानना चाहिए कि उपायों को जल्द हटा लेगा। सीमांत स्थायी सुविधा (एमसीएफ) दर 4.25 प्रतिशत है। शक्तिकांत दास ने कहा कि महामारी की रोकथाम के बाद अर्थव्यवस्था को मजबूती के रास्ते पर लाने के लिए सावधानी के साथ आगे बढ़ना होगा। केंद्रीय बैंक द्वारा पिछले दिनों घोषित राहत उपायों के बारे में दास ने कहा कि किसी भी तरह से यह नहीं मानना चाहिए कि उपायों को जल्द हटा लेगा। गवर्नर ने कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रकोप और अन्य पहलुओं पर एक बार स्पष्टता होने के बाद आरबीआई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर अपने पूर्वानुमान देना शुरू कर देगा। गवर्नर दास ने कहा कि कुल मिलाकर, बैंकिंग क्षेत्र लगातार मजबूत और स्थिर बना हुआ है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एकीकरण सही दिशा में एक कदम है। दास ने कहा कि बैंकों का आकार जरूरी है, लेकिन दक्षता इससे भी महत्वपूर्ण है। गवर्नर ने कहा कि बैंक तनाव का सामना करेंगे, यह जाहिर-सी बात है, लेकिन अधिक महत्वपूर्ण यह है कि बैंक चुनौतियों के समक्ष किस तरह से प्रतिक्रिया देते हैं।

## जन सेवा केंद्रों के जरिए उमंग ऐप की सेवाएं देने के लिए करार, आम लोगों तक पहुंचेगी सेवाएं

**नयी दिल्ली।**

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रकोष्ठ (एनईजीडी) ने जन सेवा केंद्रों (सीएससी) के जरिये उमंग ऐप की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये बुधवार को सीएसई ई-गवर्नेंस सेवा भारत के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस समझौता ज्ञापन से अब उमंग ऐप की सेवाएं 3.75 लाख जन सेवा केंद्रों के माध्यम से आम लोगों को उपलब्ध होंगी। बयान में कहा गया, 'सीएससी संचालक... ग्राम स्तरीय उद्यमी नागरिकों को उमंग ऐप से 140 विभागों की सेवाएं दे सकेंगे।' इस कदम से ऐसे लोगों को फायदा होगा, जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है यी स्वयं से ऐप के जरिये ई-सेवाओं का लाभ उठाने में सहज नहीं हैं। बयान में कहा गया, 'जनता के लिये यह न केवल सरकारी सेवाओं तक पहुंच बढ़ाएगा, बल्कि ग्राम स्तरीय उद्यमियों की आय में भी वृद्धि करेगा।' उमंग ऐप की सभी सेवाएं सीएससी को बिना किसी अतिरिक्त लागत के दी जा रही हैं। एनईजीडी सभी सीएससी को ये सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराने वाला है। उल्लेखनीय है कि उमंग (यूनिफाइड मोबाइल




एप्लिकेशन फॉर न्यू-एज गवर्नेंस) ऐप पूरे देश में विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराता है। बयान के अनुसार, इस ऐप को अभी तक 3.12 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। इसके 2.05 करोड़ पंजीकृत उपयोक्ता हैं।

## एयर इंडिया की कर्मचारियों को चेतावनी, नहीं चलेंगी ऑफिस में फटी जींस-शॉर्ट्स और चप्पलें

**नई दिल्ली।**

विमान कंपनी एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि ऑफिस में शॉर्ट्स, फटी हुई जींस या फिर टीशर्ट पहनकर आना मना है। अगर इसके बाद कोई पहनकर आता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। श्चञ्ज खबरों की मानें तो, एयर इंडिया ने यह ड्रेसकोड मंगलवार को जारी कर दिया है। एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों को यह ड्रेस कोड जारी करने के बाद कहा कि हर कर्मचारी हमारी कंपनी का ब्रांड एंबेसडर है। कर्मचारियों का पहनावा कंपनी की इमेज पर असर डालता है। जिन कर्मचारियों के लिए वर्दी निर्धारित है उन्हें सिर्फ उसी में आना है। जिनकी कोई यूनिफॉर्म नहीं है उन्हें कामकाजी माहौल के हिसाब से ठीक कपड़े पहनकर आना है। कंपनी के नए आदेश के बाद आफिस में शॉर्ट्स, फटी हुई जींस या फिर टीशर्ट पहनकर आना मना है। कंपनी के नए आदेश के बाद आफिस में शॉर्ट्स, फटी हुई जींस या फिर टीशर्ट पहनकर आना मना है। एयर इंडिया कंपनी की तरफ से कामकाजी माहौल के हिसाब से ठीक कपड़े क्या होते हैं इस बारे में भी बताया। कंपनी ने बाताया कि कर्मचारी को अच्छे से



तैयार होकर आना है। शॉर्ट्स, टी शर्ट्स, जींस, स्लीपर्स, सैंडल्स, फटी जींस, फिल्प फ्लोप जैसे कैजुअल कपड़े नहीं चलेंगे। बहुत टाइट, बहुत ढीले, छोटे और ट्रांसपेरेंट कपड़े भी पहनकर नहीं आने हैं। अब तय आदेश के हिसाब से कर्मचारी कपड़े पहनकर नहीं आए तो मैनेजमेंट उन पर सख्त कार्रवाई कर सकता है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## आईपीएल 2020 के लिए दुबई पहुंचे दिल्ली कैपिटल्स के कोच पोंटिंग, हुए आइसोलेट



**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 19 सितंबर से शुरू होने वाले 13वें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए गुरुवार को यहां पहुंचे और फिर तुरंत ही छह दिन के अनिवार्य पृथकवास पर चले गए। पोंटिंग ने यहां पहुंचने के बाद तस्वीर ट्वीट करते हुए लिखा, 'अगले छह दिनों में मैं यही देखूंगा, होटल में आधिकारिक पृथकवास चल रहा है। इससे पहले उन्होंने आस्ट्रेलिया से रवाना होते हुए लिखा था, 'इस मुश्किल दौर में परिवार को छोड़ना बेहद मुश्किल है लेकिन अगला पड़ाव दुबई होगा। दुनिया भर में कोविड-19 महामारी के संकट को देखते हुए आईपीएल को इस बार यूएई में आयोजित किया जा रहा है।दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी और अन्य सहयोगी स्टाफ 23 अगस्त को ही यूएई पहुंच गये थे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी और अन्य सहयोगी स्टाफ 23 अगस्त को ही यूएई पहुंच गये थे।

कैरेबियाई प्रीमियर लीग

# सीपीएल : काइल मेयर्स ने मारे 8 गगनचुंबी छक्के, बारबाडोस ट्रिडेंट्स की हुई जीत



**पोर्ट ऑफ स्पेन।**

कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस ट्रिडेंट्स ने जमैका तल्लावाह को 36 रन से करारी शिकस्त दी। बारबाडोस ने बाएं हाथ के बल्लेबाज काइल मेयर्स के 85 रन की मदद से सात विकेट पर 148 रन बनाए और बाद में जमैका को नौ विकेट पर 112 रन ही बनाने दिए। मेयर्स ने अपनी 59 गेंद की पारी में तीन चौके और आठ छक्के लगाये। जमैका की तरफ से मुजीब उर रहमान ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए। जमैका की टीम किसी भी समय लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। उसकी तरफ से नक्रुमाह बोनर ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। बारबाडोस के लिए मिशेल सैंटनर, जैसन होल्डर, राशिद खान और रेमन रीफर ने 2-2 विकेट लिए। बारबाडोस की पांच मैचों में यह दूसरी जीत है। इसी तरह एक अन्य मैच में ड्वेन ब्रावो के आलराउंड खेल के दम पर ट्रिनिबागो नाइटराइडर्स ने सेंट लूसिया जॉक्स को बारिश से प्रभावित मैच में डकवर्थ लुईस पद्वति से छह विकेट से हराकर सीपीएल में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। ब्रावो ने तीन ओवर में सात रन देकर दो विकेट लिए और इस बीच वह टी-20 में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। सेंट लूसिया जॉक्स ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर जब 17.1 ओवर में छह विकेट पर 111 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। मोहम्मद नबी ने नाबाद 30 रन बनाए। भारतीय स्पिनर प्रवीण तांबे ने एक ओवर में 15 रन देकर एक विकेट लिया। वह सीपीएल में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। खेल शुरू होने पर ट्रिनबागो को नौ ओवर में 72 रन बनाने का लक्ष्य मिला जो उसने आठ ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर दिया। ब्रावो ने 13 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से नाबाद 23 रन बनाए।

# आरोन फिंच ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के दिए संकेत, बोले- अब वापसी करना मुश्किल

**डर्बी।**



आस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच ने स्वीकार किया कि उनका टेस्ट करियर खत्म हो गया है और उनका फिर से लंबी अवधि के प्रारूप में खेलना वास्तविकता से परे लगता है। आस्ट्रेलिया की टीम तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए इंग्लैंड दौरे पर है। फिंच ने कहा कि वह आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में एक जगह के लिए अपना दावा करने के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पर्याप्त मैच नहीं खेल रहे हैं। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार फिंच ने कहा, 'जहां तक लाल गेंद वाली क्रिकेट का सवाल है तो मेरा फिर से टेस्ट क्रिकेट में खेलना वास्तविकता नहीं लगता है। उन्होंने कहा, 'मैं दो बातों को ध्यान में रखकर ऐसा कह रहा हूं। पहला अपना दावा मजबूत करने के लिए जितने चार दिवसीय मैच खेलने चाहिए मैं उतने नहीं खेल रहा हूं और दूसरा युवा बल्लेबाज सामने आ रहे हैं। आस्ट्रेलिया में वास्तव में शीर्ष क्रम में कुछ बहुत अच्छे युवा बल्लेबाज हैं। फिंच ने अपने करियर में केवल पांच टेस्ट मैच खेले जबकि वह अब तक 126 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, 'प्रतिभा की कमी नहीं है और इसलिए ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि मेरे लिये कोई मौका है। यह 33 वर्षीय बल्लेबाज इंग्लैंड में काफी सफल रहा है। वह इंग्लैंड में वनडे में 1000 रन पूरे करने से केवल 28 रन दूर हैं।

## अश्वेतों पर पुलिस अत्याचार के विरोध में हटी ओसाका, टूर्नामेंट रोका गया



**न्यूयार्क।** जापान की चौथी वरीयता प्राप्त नाओमी ओसाका ने बुधवार को वेस्टर्न एंड सदर्न टेनिस टूर्नामेंट के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन इसके कुछ घंटों बाद ही वह नस्लीय न्याय की अपील करते हुए टूर्नामेंट से हट गई और उन्हें तुरंत ही साथी खिलाड़ियों का समर्थन भी मिला। इसके बाद टूर्नामेंट एक दिन के लिये टाल दिया गया। अमेरिकी टेनिस संघ (यूएसटीए), एटीपी टूर और डब्ल्यूटीए ने इसके बाद बयान जारी करके कहा, 'एक खेल के रूप में टेनिस अमेरिका में नस्लीय असमानता और सामाजिक अन्याय के खिलाफ सामूहिक कदम उठा रहा है। यूएसटीए, एटीपी और डब्ल्यूटीए ने समय की नजाकत को समझते हुए वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टूर्नामेंट में 27 अगस्त, गुरुवार तक खेल बंद रखने का फैसला किया है। महिला वर्ग में शीर्ष दस में शामिल ओसाका ने यह कदम एक अश्वेत नागरिक जैकब ब्लैक की पुलिसकर्मी द्वारा हत्या के बाद उठाया है। बास्केटबॉल, बेसबॉल और फुटबॉल में भी खिलाड़ी बदलाव की मांग कर रहे हैं। ओसाका ने ट्वीट किया कि अश्वेत महिला होने के कारण उन्हें लगता है कि अश्वेत लोगों पर पुलिस अत्याचार की तरफ ध्यान खींचने के लिये उन्हें टूर्नामेंट से हट जाना चाहिए।

# राष्ट्रीय चैम्पियनशिप केवल एकल स्पर्धा में कराने की टीटीएफआई की योजना

**नयी दिल्ली।**

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) सरकार की मंजूरी के बाद नवंबर में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की मेजबानी करना चाहता है और कोविड-19 के बढ़ते मामलों के चलते इसमें केवल एकल स्पर्धा ही आयोजित की जाये। स्वास्थ्य सुरक्षा चिंताओं के कारण टीटीएफआई जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में इसे कराने के पक्ष में है और खिलाड़ियों के बीच आपसी संपर्क से बचने के लिये वह युगल, मिश्रित युगल और टीम स्पर्धाओं का आयोजन नहीं चाहता। टीटीएफआई के महासचिव एमपी सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''जब इसकी वैक्सीन मिल जायेगी, तभी हम टीम स्पर्धायें और युगल स्पर्धायें करायेंगे। '' सिंह ने कहा, ''हमारा लक्ष्य अक्टूबर में शिविर लगाने का है और नवंबर से फरवरी तक हम विभिन्न वर्गों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप करा सकते हैं। इस विंडो में एक महीना यूटीटी लीग (जो कोविड-19 के कारण अगस्त में नहीं हो सकी) को दिया जायेगा। '' खेल की बहाली के बारे में बात करते हुए सिंह ने कहा कि टीटीएफआई ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर कराने का फैसला किया है और वे भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में जरूरी मरम्मत का काम खत्म होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि शिविर के प्रस्ताव के लिये खिलाड़ियों की प्रतिक्रिया ठंडी ही रही, हालांकि शिविर के प्रस्ताव के लिये खिलाड़ियों की प्रतिक्रिया ठंडी ही रही, केवल तीन खिलाड़ियों शरत कमल, अर्चना




कामत और मानव ठक्कर इसमें भाग लेना चाहते हैं। टीटीएफआई एक साल में तीन राष्ट्रीय स्पर्धायें - कैडेट और बस जूनियर, जूनियर और यूथ और सीनियर - आयोजित करता है लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये इस बार वह इन पांच वर्गों का आयोजन अलग से करना चाहता है। सिंह ने कहा, ''हम चार से पांच दिन में राष्ट्रीय स्पर्धा खत्म कर देते हैं लेकिन अब हमें इसे आठ दिन में कराना होगा ताकि हमें काफी समय मिले और हम कड़ाई से सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर सकें। ''

संक्षिप्त समाचार



## विंडीज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने बताई बतौर कप्तान धोनी की सबसे बड़ी खासियत

**चेन्नई ।** वेस्टइंडीज के हरफनमौला ड्वेन ब्रावो ने करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान में मैच की मुश्किल परिस्थितियों में बिना किसी घबराहट के दबाव से निपटने की काबिलियत थी। धोनी ने भारतीय टीम में खेलने संबंधित अटकलों को खत्म करते हुए 15 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। ब्रावो ने इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपरकिंग्स में धोनी के साथ काफी समय बिताया। ब्रावो ने बातचीत में कहा- बतौर खिलाड़ी वह दबाव को झेल लेता है, वह कभी घबराता नहीं है। वह हमेशा खिलाडियों को भरोसा दिलाता और वे जो कुछ भी करते, उसमें उनका आत्मविश्वास बढ़ाता है। धोनी हमेशा खिलाडियों के कप्तान रहे हैं और कई का उन्होंने पूरा समर्थन किया। धोनी के संन्यास के बारे में बात करते हुए ब्रावो ने कहा कि ऐसा तो एक दिन होना ही था। ब्रावो बुधवार को टी-20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने कहा- मुझे पूरा भरोसा है कि उसकी अपनी योजना है। उसके प्रशंसक और क्रिकेटप्रेमी होने के नाते हम सभी चाहते कि वह लंबे समय तक खेलते रहें। लेकिन सच्चाई यह है कि हम सभी को कभी न कभी खेल छोडना होता है। धोनी का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच जुलाई 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व कप सेमीफाइनल था। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ब्रावो इस समय कैरेबियाई प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइटराइडर्स के लिए खेल रहे हैं।

## आउट होने के बाद पाक खिलाड़ी ने खोया आपा, कीमो पॉल को मारने की कोशिश की



**स्पोर्ट्स डेस्क।** सीपीएल में एमेजॉन वॉरियर्स और जमैका तैलवाह के बीच टी 20 लीग का मुकाबला खेला गया। जहां पाकिस्तान के खिलाड़ी बल्लेबाज आसिफ अली आउट होने के बाद विंडीज टीम के गेंदबाज किमो पॉल को बैट से मारने की कोशिश की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर इस समय खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हुआ यू कि जमैका तल्लावाह की बल्लेबाजी के दौरान 8वें ओवर में यह घटना हुई। कीमो पॉल की गेंद पर क्रिस ग्रीन ने आसिफ अली का कैच पलका। वह 6 गेंदों में 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कीमो पॉल, आसिफ के विकेट का जश्न मना रहे थे तभी दोनों खिलाड़ियों के बीच कुछ शब्दों की आदान-प्रदान हुआ। इस दौरान आसिफ ने अपने बल्ले को कुछ इस तरह घुमाया कि वह कीमो पॉल के मुंह पर लगते-लगते बचा।

# हॉकी इंडिया पर खेल संहिता के उल्लंघन का आरोप, उच्च न्यायालय ने केंद्र से जवाब मांगा




**नयी दिल्ली ।**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाकी इंडिया पर राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाने वाली एक याचिका के संबंध में गुरुवार को केंद्र सरकार और इस खेल महासंघ से अपना पक्ष रखने के लिये कहा। याचिका में कहा गया है कि हॉकी इंडिया ने आजीवन सदस्य, आजीवन अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पदों को सृजित करके खेल संहिता का उल्लंघन किया क्योंकि नियमों के तहत इन पदों का सृजन नहीं किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने एक पूर्व हॉकी खिलाड़ी की याचिका पर खेल मंत्रालय, हॉकी इंडिया और उन दो व्यक्तियों के लिये नोटिस जारी किये जिन्हें इस खेल संस्था में आजीवन सदस्य और सीईओ नियुक्त किया गया है। अदालत ने इनसे 28 सितंबर तक अपना पक्ष रखने के लिये कहा है। भारत की 1975 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य असलम शेर खान ने अपनी याचिका में हॉकी इंडिया के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) में उन अनुच्छेदों को हटाने की मांग की है जिनके तहत आजीवन सदस्य, आजीवन अध्यक्ष और सीईओ पद सृजित किये गये जिनके पास असीमित कार्यकाल और पूर्ण मतदान अधिकार हैं। एडवोकेट वंशदीप डालमिया के जरिये दायर की गयी याचिका में नरिंदर ध्रुव बत्रा की आजीवन सदस्यता और इलेना नोर्मन की सीईओ के रूप में नियुक्ति रद्द करने की मांग भी की गयी है। याचिका में कहा गया है कि खेल संहिता और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के लिये आदर्श चुनाव दिशानिर्देशों के तहत किसी खास अवधि के लिये सात पदाधिकारियों और पांच अतिरिक्त सदस्यों को ही चुना जा सकता है और हॉकी इंडिया ने जो तीन पद सृजित किये हैं वे इसके अनुरूप नहीं हैं। इंडिया ने जो तीन पद सृजित किये हैं वे इसके अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ में भी आजीवन सदस्य सृजित करने संबंधी इसी तरह के प्रावधानों को उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था।

## पारी का आगाज करना भाता है लेकिन फिनिशर की भूमिका निभाने के लिये भी तैयार हूं : रहाणे



**नयी दिल्ली ।** अंजिक्य रहाणे को क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में पारी का आगाज करना पसंद है लेकिन दिल्ली कैपिटल्स में शीर्ष क्रम में कई बल्लेबाजों की मौजूदगी से भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान को संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'फिनिशर' की भूमिका निभानी पड़ सकती है जिसके लिये वे पूरी तरह से तैयार हैं। इस साल दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने वाले रहाणे के लिये शीर्ष क्रम में जगह बनाना मुश्किल होगा क्योंकि टीम में शिखर धवन और पृथ्वी साव हैं जिनके बाद श्रेयस अय्यर, शिमरोन हेटमेयर और ऋषभ पंत बल्लेबाजी के लिये उतर सकते हैं। रहाणे से टीम में अपनी भूमिका के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, ''मैं नहीं जानता। हमें इंतजार करना होगा क्योंकि अभी हमें अभ्यास सत्र शुरू करना है और तभी इस पर बात होगी। '' उन्होंने कहा, ''मैंने अपने पूरे करियर के दौरान पारी का आगाज किया और मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया। लेकिन यह पूरी तरह से टीम प्रबंधन पर निर्भर करेगा कि वह टीम में मुझे क्या भूमिका देना चाहते हैं। मैं वह भूमिका शत प्रतिशत निभाऊंगा।'' क्या टी20 में फिनिशर की भूमिका उनके अनुकूल होगी, तो रहाणे ने कहा कि वह इसके लिये तैयार हैं। टी20 क्रिकेट में 196 मैचों में 4988 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा, ''अगर मुझे नंबर पांच या छह पर बल्लेबाजी के लिये कहा जाता है तो निश्चित तौर पर ऐसा करना चाहूंगा क्योंकि यह मेरे लिये नयी भूमिका होगी और इससे मुझे अपना खेल को विस्तार देने में मदद मिलेगी। इसलिए अगर आप मुझसे पूछते हो तो मेरा जवाब हां होगा, मैं तैयार हूं। '' रहाणे को अब भी पिछले साल विश्व कप में टीम का हिस्सा नहीं बन पाने की निराशा है। उन्होंने कहा, ''मेरा वास्तव में मानना है कि मुझे विश्व कप में नंबर चार बल्लेबाज के तौर पर होना चाहिए था। यह अब अतीत की बात है और लक्ष्य वनडे टीम में वापसी करना और सीमित ओवरों की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करना है। ''

## लियोन लगातार पांचवीं बार महिला चैंपियन्स लीग फाइनल में पहुंचे



**सैन सेबिस्टियन।** लियोन ने वेंडी रेनार्ड के 67वें मिनट में हेडर से किये गये गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर लगातार पांचवीं बार महिला चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लियोन रविवार को वोल्फसबर्ग के खिलाफ लगातार पांचवां खिताब जीतने की कवायद में मैदान पर उतरेगा। वोल्फसगर्ब ने मंगलवार को एक अन्य सेमीफाइनल में बार्सिलोना को हराया था। दोनों टीमों को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। पीएसजी की ग्रेस गेयोरो को 66वें जबकि लियोन की निकिता पैरिस को 75वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने के बाद मैदान छोड़ना पड़ा था। पीएसजी की ग्रेस गेयोरो को 66वें जबकि लियोन की निकिता पैरिस को 75वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने के बाद मैदान छोड़ना पड़ा था।

# वो 6 रिकॉर्ड जिन्हें तोड़ना बल्लेबाजों के लिए है सपना

**नई दिल्ली ।**

जब सर डॉन ब्रैडमैन की बात आती है तो सभी के जेहन में उनका 99.94 का टेस्ट औसत तैरने लग जाता है लेकिन इस आस्ट्रेलियाई दिग्गज के नाम पर कई अन्य ऐसे टेस्ट रिकार्ड हैं जो पिछले सात दशक से भी अधिक समय से अछूते बने हुए हैं। ब्रैडमैन का जन्म 112 साल पहले 27 अगस्त 1908 को न्यू साउथ वेल्स के कूटामुंद्रा में हुआ था। उन्होंने 52 टेस्ट मैचों में 6996 रन बनाए और अगर वह अपनी करियर की अंतिम पारी में शून्य पर आउट होने के बजाय चार रन भी बना लेते तो उनका औसत 100 पहुंच जाता। बहरहाल ब्रैडमैन का औसत दुनिया भर के बल्लेबाजों के लिए सपना ही बना रहा है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो कम से कम 20 पारियां खेलने वाले बल्लेबाजों में सर्वाधिक औसत के मामले में ब्रैडमैन के बाद आस्ट्रेलिया के ही मार्कस लाबुशेन का नंबर आता है जिनका औसत अभी 63.43 की औसत से रन बनाये हैं। लाबुशेन अभी खेल रहे हैं और उनके औसत में परिवर्तन हो सकता है। किसी एक श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड भी ब्रैडमैन के नाम पर है। उन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पांच मैचों में 974 रन बनाए थे। उन्होंने तब वॉली हैमंड (आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1928-29 में 905 रन) का रिकार्ड तोड़ा था। कप्तान के रूप में एक श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड भी ब्रैडमैन के नाम पर है। उन्होंने 1936-37 में इंग्लैंड के खिलाफ 810 रन बनाए थे। इंग्लैंड के ग्राहम गूच 1990 में भारत के खिलाफ तीन मैचों में 752 रन बनाकर इसके करीब पहुंचे थे। यह श्रृंखला अगर पांच मैचों की होती तो गूच संभवत- यह रिकार्ड तोड़ सकते थे। किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वाधिक रन और शतक लगाने का रिकार्ड भी ब्रैडमैन के नाम पर है।

उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 37 टेस्ट में 5028 रन बनाये हैं जिसमें 19 शतक शामिल हैं। रन बनाने के मामले में उनके बाद जैक हॉब्स (आस्ट्रेलिया के खिलाफ 3636) और सचिन तेंदुलकर (आस्ट्रेलिया के खिलाफ 3630) तथा शतकों के मामले में सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक) का नंबर आता है।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड भी ब्रैडमैन के नाम पर है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 1930 में लीड्स टेस्ट में एक दिन में 309 रन ठोक दिए थे। हैमंड (न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में 1933 में 295) और वीरेंद्र सहवाग (श्रीलंका के खिलाफ 2009 में मुंबई में 284) ही उनके करीब पहुंच पाए।

## केई निशिकोरी अब कोविड-19 नेगेटिव, अमेरिकी ओपन से हटे



**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी ओपन 2014 के उपविजेता केई निशिकोरी ने कहा कि वह कोविड-19 की दो जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद नेगेटिव आये हैं लेकिन फिर भी उन्होंने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। निशिकोरी ने बुधवार को अपने मोबाइल एप पर लिखा कि वह धीरे धीरे अभ्यास वापसी को तैयार हैं, लेकिन वह पांच सेट के मैचों में भाग लेने के लिये तैयार नहीं हैं। निशिकोरी की पोस्ट के अनुसार- इतने लंबे ब्रेक के बाद मुझे लगता है कि 'बेस्ट ऑफ फाइव' जितने लंबे मैच में वापसी करना चतुराई भरा फैसला नहीं होगा, जब तक कि मैं इसके लिये पूरी तरह तैयार नहीं हूं। उन्होंने कहा-यह काफी निराशाजनक है क्योंकि मुझे अमेरिकी ओपन रास आता है और यहां मेरी कई यादें हैं। मैं क्लेकोर्ट पर शुरूआत करूंगा। शुक्रिया। बुधवार को एक अन्य खिलाड़ी पोलोना हर्कोग ने अमेरिकी ओपन से हटने का फैसला किया जिससे 2009 सेमीफाइनल में पहुंची यानिना विकमेयर मुख्य ड्रा में पहुंच गईं। निशिकोरी ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि वह दूसरी बार कोविड-19 पॉजिटिव आए थे। निशिकोरी ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि वह दूसरी बार कोविड-19 पॉजिटिव आए थे।



# दिशा पटानी के बोल्ड अंदाज की तस्वीरें सोशल मीडिया पर हो रहीं वायरल



**अभिनेत्री दिशा पटानी (Disha Patani) अच्छी तरह जानती हैं कि स्पॉटलाइट में कैसे बने रहना है. यही वजह है कि आए दिन वे सोशल मीडिया (Social Media) पर छा जाती हैं. एक बार फिर ऐसा ही हुआ है.**

अभिनेत्री दिशा पटानी (Disha Patani) अच्छी तरह जानती हैं कि स्पॉटलाइट में कैसे बने रहना है. यही वजह है कि आए दिन वे सोशल मीडिया (Social Media) पर छा जाती हैं. एक बार फिर ऐसा ही हुआ है. उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें साझा की हैं जो जमकर वायरल हो रही हैं.

Instagram पर शेयर की गई इन फोटो में दिशा ने डेनिम जींस, जैकेट पहना हुआ है. जाहिर है ये ऐसा लुक है जो कभी फैशन से बाहर नहीं होता. एक अन्य पोस्ट में वह टॉप और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं. खास बात यह है कि इन तस्वीरों के लिए दिशा ने खुद ही अपना मेकअप किया था.

जाहिर है यह बी-टाउन ब्यूटी एक सोशल मीडिया क्वीन है और अपने इंस्टाग्राम के जरिए प्रशंसकों से लगातार जुड़े रहना जानती हैं. वह अक्सर अपनी तस्वीरें साझा करके अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को लुभाती रहती हैं.

काम को लेकर बात करें तो दिशा को आखिरी बार मलंग में देखा गया था. इसमें अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और कुणाल खेमू भी थे.

दिशा अब अगली बार सुपर स्टार सलमान खान के साथ राधे योर मोस्ट वांटेड भाई में नजर आएंगी. माना जा रहा था कि सलमान के इस एक्शन-ड्रामा की रिलीज 2020 की ईद पर होती लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसमें देरी हो गई.

इसके अलावा दिशा के पास केटिना और एक विलेन 2 भी हैं.

# दिशा सालियान की सुसाइड के बाद भी किए जा रहे थे कॉल, यहां देखें कॉल डिटेल

**सुशांत की आत्महत्या से ठीक एक सप्ताह पहले यानी 8 जून को उनकी एक्स मैनेजर दिशा सालियान ने मुंबई के मलाड स्थित एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी.**



दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान (Disha Salian) की कॉल डिटेल सामने आई है, जिसमें कई बड़े खुलासे हुए हैं. बता दें, सुशांत की आत्महत्या से ठीक एक सप्ताह पहले यानी 8 जून को उनकी एक्स मैनेजर दिशा सालियान ने मुंबई के मलाड स्थित एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी. वहीं, दिशा के कॉल डिटेल में यह बात निकलकर सामने आई है कि उन्होंने 6 जून को सिर्फ 3 लोगों को फोन किया था, जबकि 7 तारीख की रात को 12 बजकर 2 मिनिट पर मिनट तक किसी से बात की, जिसके बाद रात 12 बजकर 57 मिनट पर 4 मिनट तक किसी से बात की थी.

**आत्महत्या के बाद दिशा के फोन से हुए कॉल**

वहीं, 7 जून को दिशा ने 36 फोन किए थे, जिसमें एक फोन रात 12 बजकर 10 मिनट पर अपनी दोस्त एकता को किया था. रात 12 बजकर 4 मिनट पर उसके फोन से फोन गया है, जिसके बाद लगातार उनके फोन से व्हाट्सऐप कॉल हुए. यहां तक कि उनके आत्महत्या करने के बाद भी लगातार फोन हुए हैं. इस हादसे की चश्मदीद के मुताबिक पुलिस हादसा होने कुछ ही मिनट में पहुंच गई थी, तो दिशा का फोन जब्त क्यों नहीं किया गया.

# पिता को याद कर भावुक हुई प्रियंका चोपड़ा, शेयर किया थ्रोबैक VIDEO



ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) ने अपने पिता डॉ. अशोक चोपड़ा को उनके जन्मदिन पर याद किया. अगर प्रियंका के पिता इस दुनिया में होते तो ये उनका 70 वां जन्मदिन होता. पिता के जन्मदिन पर एक्ट्रेस ने उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है. इस वीडियो में उनके पिता प्रियंका चोपड़ा की जगह पर फिल्मफेयर अवॉर्ड ले रहे हैं और साथ ही बेटी की खूब तारीफ करते नजर आ रहे हैं. प्रियंका चोपड़ा उन्हें अपना चीयर लीडर मानती हैं.

प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra) ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, माय फॉरएवर चियरलीडर. आज आप 70 साल के हो गए. आपको याद करती हूं पापा. प्रियंका अपने पिता के काफी करीब रही हैं. वहीं, फिल्मफेयर अवॉर्ड लेने के बाद प्रियंका चोपड़ा के पापा कह रहे हैं, मैं यह प्रियंका के तरफ से अवॉर्ड ले रहा हूं. वह अवॉर्ड फंक्शन में आने के लिए थोड़ा लेट हो जाएंगी.प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्मों की बात करें तो जल्द ही वो अपने फैंस के लिए खास तोहफा लेकर आने वाली हैं. वह अपनी नई हॉरर फीचर फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम एविल आई है. प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की निर्माता हैं. अपनी नई फिल्म की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर दी थी.

# क्या Kangana Ranaut ने इरफान और सुशांत की इस फिल्म को ठुकरा दिया था

**कंगना रनौत (Kangana Ranaut) उन लोगों में से एक हैं, जो अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से हर दूसरे दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं.**

एक्ट्रेस कंगना रनौत (Kangana Ranaut) उन लोगों में से एक हैं जो अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से हर दूसरे दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं. कंगना अक्सर फिल्म माफिया के बारे में बात करती हैं कि कैसे बाहरी लोगों के साथ बुरा व्यवहार किया जाता है और कैसे लोगों के प्रोजेक्ट चुराए जाते हैं, जिनके पास इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं है.

हमारी सहयोगी वेबसाइट DNA के अनुसार कंगना रनौत को सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) की एक फिल्म में काम करने का मौका मिला था. इस ऑफर को कंगना ने ठुकरा दिया था.

दरअसल, मामला साल 2016 का है, फिल्म मेकर होमी अदजानिया ने कंगना और सुशांत को एक रोमांटिक फिल्म ऑफर की थी. इस फिल्म में कंगना रनौत, सुशांत सिंह राजपूत के साथ इरफान खान भी थे. कंगना रनौत ने इसे करने से मना कर दिया था.



कंगना रनौत (Kangana Ranaut) ने 2016 में फिल्म को अस्वीकार कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि उनके पास डेट नहीं हैं. वह उस समय शाहिद कपूर और सैफ अली खान के साथ रंगून में काम कर रही थीं और तब वह हंसल मेहता की फिल्म सिमरन शुरू करने वाली थीं.

होमी अदजानिया ने कंगना रनौत को कहानी का आइडिया सुनाया और वह उनके साथ काम करने में इच्छुक थीं, लेकिन वह रंगून के बाद हंसल मेहता की फिल्म के लिए पहले से ही प्रतिबद्ध थीं और फिल्मों की तारीखें टकरा रही थीं. कंगना रनौत ने वादा किया था कि भविष्य में वह एक दूसरे के साथ काम करेंगे.

बताते चलें कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत 14 जून, 2020 को अपने मुंबई के बांद्रा में स्थित अपने घर में मृत पाए गए थे. उनकी मौत के मामले की जांच वर्तमान में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जा रही है.

अभिनेता इरफान खान का भी इस साल निधन हो गया. महान अभिनेता का 29 अप्रैल, 2020 को कैंसर के साथ लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया.

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# चीन-अमेरिका में फिर बढ़ा तनाव, विवादित समुद्री क्षेत्र में दागी 'कैरियर मिसाइल'

**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच एक बार फिर से तनाव बढ़ गया है। चीन की सेना ने दक्षिणी चीन सागर में दो मिसाइलों का परीक्षण किया जिसमें एक कैरियर मिसाइल भी शामिल थी। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इसे अमेरिकी बलों पर हमले के लिए विकसित किया गया हो सकता है। एक समाचार-पत्र में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई। हांग कांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट समाचार-पत्र ने चीनी सेना के अज्ञात करीबी सूत्रों के हवाले से खबर दी कि डीएफ-26बी और डीएफ-21 डी मिसाइलों को बुधवार को दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान और पार्सल द्वीपसमूहों के बीच वाले इलाके में दागा गया। इस खबर की पुष्टि के आग्रह पर रक्षा मंत्रालय और बीजिंग में विदेश मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। द्वविश्व के सबसे व्यस्ततम व्यापार मार्गों में से एक, दक्षिण चीन सागर पर नियंत्रण को लेकर बढ़ते विवाद बीजिंग के वाशिंगटन और उसके दक्षिणी पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते में लगातार कड़वाहट पैदा कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने विवादित क्षेत्र के ज्यादातर हिस्से पर संप्रभुता के बीजिंग के दावों को इस साल खारिज कर दिया था। इसके कुछ हिस्सों पर वियतनाम, फिलीपीन और अन्य देश की सरकारें भी दावा करती हैं। बुधवार को किए गए ये परीक्षण चीन की उस शिकायत के बाद आए हैं जिसमें उसने कहा था कि अमेरिकी यू2 जासूसी विमान बीजिंग द्वारा घोषित ''नो फ्लाई जोन में घुस आया था। डीएफ-21 का निशाना असामान्य रूप से सटीक होता है और इसे सैन्य विशेषज्ञ कैरियर किलर कहते हैं जिनका मानना है कि इसे उन अमेरिकी विमानवाहकों को निशाना बनाने के लिए विकसित किया गया है जो चीन के साथ संभावित संघर्ष में शामिल हो सकते हैं।

# कोरोना संकट के बीच अमेरिका में लॉरा तूफान हुआ 'बेहद खतरनाक




**वॉशिंगटन।** अमेरिका में लॉरा श्रेणी चार के तूफान के तौर पर 'बेहद खतरनाक रूप ले चुका है और इसकी वजह से 140 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं और यह टेक्सास और लूसियाना तट पर बेहद भयावह रूप मे दस्तक देगा। इन तटों पर टकराने के बाद इस तूफान की खतरनाक हवाएं इन स्थानों को क्षति पहुंचाएंगी। लॉरा की वजह से उत्तर और पूर्व में बाढ़ आने का खतरा है। इससे अरकनसास, ओहायो और टेनिसी घाटी प्रभावित होंगी। लॉरा से कहीं-कहीं आंधी के साथ बवंडर की भी संभावना है। राष्ट्रीय तूफान केंद्र की ओर से जारी परामर्श में बताया गया है कि अभी ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ह्यूस्टन बड़े पैमाने पर क्षति और बिजली जाने जैसी मुश्किल का सामना करने से बच जाएगा। हालांकि यहां तेज हवाएं और तूफानी मौसमों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं विनी, लिबर्टी, लिविंगस्टोन जैसे पूर्वी शहर अब भी खतरनाक हवाओं का सामना कर सकते हैं क्योंकि तूफान उत्तर के तटों से आज रात या कल सुबह में टकराएगा। टेक्सास के तटीय इलाकों गॉलवेस्टोन, बेयूमाउंट और पोर्ट आर्थर के 4,00,000 लोगों को स्थान खाली करने को कहा गया है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग अबॉट ने बुधवार को संवाददाताओं को कहा कि इस तूफान की राह में आने वाले स्थानों के लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिए अगर उन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है। कोविड-19 महामारी की वजह से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम और पेंचीदा हो गया है क्योंकि इन्हें भीड़ भाड़ वाले आश्रय स्थलों की बजाय होटलों में ले जाया जा रहा है। हालांकि चेतावनियों के बाद भी कुछ निवासी अपने घरों में हैं और उनका कहना है कि वे अपने घरों को तूफान से निपटने के लिए तैयार कर रहे हैं। लुसियाना के गवर्नर जॉन बेल एडवार्ड ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस तूफान का स्तर वहां तक पहुंचने जा रहा है जैसा कि लुसियाना ने 1957 में तूफान ऑड्रे के बाद से अब तक नहीं देखा है। बुधवार शाम में दक्षिणी लुसियाना और टेक्सास में तटों और सड़कों के पास जलस्तर बढ़ रहा है और हवाएं तेज हो रही हैं। राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने बुधवार दोपहर में कहा कि अगर लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने में विलंब करते हैं तो तब तक सड़कों पर पानी भर जाएगा।

# अमेरिका में भारतीय मूल की लड़की ने बनाया सोशल डिस्टेंसिंग डिवाइस, हो रही जमकर तारीफ



**इंटरनेशनल डेस्क।** एक 15 साल की लड़की ने कोरोना महामारी के दौरान अपने खाली समय का सदुपयोग कर युवा बच्चों के लिए मिसाल कायम की है। अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की लड़की नेहा शुक्ला ने कार्यक्रम के माध्यम से एक सोशल डिस्टेंसिंग डिवाइस बनाया है। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव और किसी की लापरवाही के कारण किसी जान चले जाने के ख्याल ने नेहा को ये सीखने के लिए प्रेरित किया। नेहा शुक्ला ने बताया, मैं इसके बारे में कुछ करना चाहती थी और मैंने एक सोशल डिस्टेंसिंग डिवाइस बनाया, जो अल्ट्रासोनिक सेंसर और माइक्रोप्रोसेसरों का उपयोग करता है ताकि पता लगाया जा सके कि कोई व्यक्ति छह-फुट की सीमा पार तो नहीं कर रहा है। अगर कोई ऐसा करता है तो डिवाइस कंपन और बीपिंग के माध्यम से यूजर को सचेत करता है। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में अपनी रुचि के साथ नेहा ने उस डिवाइस पर काम करना शुरू किया जो लोगों को छह फुट अलग रखेगा। इस डिवाइस को बनाने के लिए नेहा ने टोपी का चुनाव किया, नेहा ने टोपी के रूप में अपना ये सोशल डिस्टेंसिंग डिवाइस बनाया है । जब भी कोई व्यक्ति टोपी के छह फुट से ज्यादा करीब आता है तो टोपी वाइब्रेट करने लगती है और बीपिंग की आवाज निकालती है। नेहा ने डिवाइस के बारे में समझाते हुए बताया यह एक माइक्रोप्रोसेसर आधारित उपकरण है जो एक टोपी में एम्बेडेड है। जब भी कोई उस छह फुट की सीमा को पार करता है तो प्रोग्राम और माइक्रोप्रोसेसर अलर्ट हो जाते हैं।

# संकट में अमेरिका, व्हाइट हाउस को चार साल और डोनाल्ड ट्रंप की जरूरत

**इंटरनेशनल डेस्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को देश का रक्षक बताते हुए उप राष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में अमेरिका को अभी और चार साल उनके प्रशासन की जरूरत है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन (आरएनसी) के तीसरे दिन 61 वर्षीय पेंस ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में... हमारे देश को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है, जिसे अमेरिका में विश्वास हो। जिसे किसी भी चुनौती को पूरा करने, किसी भी दुश्मन को हराने और स्वतंत्रता की रक्षा करने की अमेरिकी लोगों की असीम क्षमता पर भरोसा हो। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडेन से होगा। वहीं उप राष्ट्रपति माइक पेंस के सामने डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारतीय-अमेरिकी सीनेटर कमला हैरिस को उतारा है। पेंस ने आरएनसी को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका को अभी चार साल और व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रम्प की जरूरत है। व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रम्प की जरूरत है। ल्टीमोर के फोर्ट मैकहेनरी से अपने भाषण में पेंस ने कहा कि यह कड़वा सच है कि... आप जो बाइडेन के अमेरिका में सुरक्षित नहीं होंगे। पेंस ने कहा कि चार साल पहले, मैंने इस पद को स्वीकार किया था क्योंकि मुझे पता था कि (अमेरिकी राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रम्प के पास अमेरिका को एक बार फिर महान बनाने के लिए आवश्यक नेतृत्व क्षमता एवं दृष्टिकोण है।आरएनसी में बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आधिकारिक तौर पर रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है।

## संक्षिप्त समाचार



### भारतीय वोटरों को रिझाने के लिए अमेरिकी एंकर बोली- ट्रंप उल्लू की तरह समझदार

**इंटरनेशनल डेस्क।** अमेरिका में इस साल नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर तैयारियां शुरु हो गई हैं। हाल में ही यहां रिपब्लिकन पार्टी का कन्वेंशन खत्म हुआ जिसमें डोनाल्ड ट्रंप को एक बार फिर राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया। वहीं डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से जो बिडेन मैदान में हैं । बिडेन ने जब से भारतवंशी कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया है तब से भारत में भी अमेरिकी चुनाव को लेकर काफी चर्चाएं होने लगी हैं। चुनावी जीत में भारतीयों की अहम भूमिका के बीच सभी अमेरिकी उम्मीदवार भारतीय समुदाय को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच भारतीय मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए राजनीतिक विशे लेषक टोमी लाहरेन का वीडियो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन गया है। इस वीडियो में अमेरिका की न्यूज एंकर टोमी लाहरेन डोनाल्ड ट्रंप को बुद्धिमान बता रही है लेकिन इसके साथ ही एंकर ने ट्रंप को उल्लू भी बता दिया है।।

### पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 2,94,638 हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 445 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 2,94,638 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 के छह और रोगियों की मौत के साथ ही मृतकों की तादाद 6,274 हो गई। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए लोगों की संख्या 2,94,638 हो गई है, जिनमें 2,79,561 लोग ठीक हो चुके हैं। सिंध में संक्रमण के सबसे अधिक 128,877 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा पंजाब में 96,540, खैबर-पख्तूनख्वा में 35,893, इस्लामाबाद में 15,562, बलूचिस्तान में 12,721, गिलगित-बल्तिस्तान में 2,773 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 2,272 लोग वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।

### मेरी मां ने मुझमें अमेरिका के मूल मूल्यों को स्थापित किया : हैरिस

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की सांसद एवं डेमोक्रेटिक पार्टी से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि उनकी मां ने उनमें अमेरिका के मूल मूल्यों को न सिर्फ सफलता के लिए बल्कि इसलिए भी स्थापित किया ताकि देश को पहले से बेहतर बनाया जा सके। हैरिस ने बाइडेन के लिए 'एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आईलैंडर' (एएपीआई) की शुरुआत के दौरान कहा कि वह इसी दिशा में प्रयासरत हैं। हैरिस (55) अफ्रीकी और भारतीय दोनों मूल की हैं क्योंकि उनके पिता जमैका से हैं और मां श्यामला गोपालन तमिलनाडु से हैं। सार्वजनिक संबोधनों में, हैरिस नियमित तौर पर अपने ऊपर अपनी मां के प्रभाव का जिक्र करती हैं। उन्होंने एएपीआई के कार्यक्रम में कहा, जब मेरी मां भारत से अमेरिका आई थी तो उन्होंने समझ लिया कि अमेरिका में उनके नये घर का मूल न सिर्फ सफलता के लिए प्रयास करना है बल्कि देश को हमने जैसा पाया था उससे बेहतर अवस्था में छोड़ कर जाना है। हैरिस ने कहा, यह उनका रुख था जो उन्होंने मुझमें स्थापित किया और मैं जानती हूं कि आपमें से कई इसी दिशा में काम कर रहे हैं। महिला समानता दिवस के मौके पर शाम में जारी एक छोटे से वीडियो में हैरिस ने कहा कि उनकी मां उनके जीवन में प्रेरणा का महानतम स्रोत थीं। उन्होंने कहा, उन्होंने मुझ कम उम्र में ही सिखाया था कि मुझ पर न्याय के लिए लड़ने की जिम्मेदारी है। 19 साल की उम्र में वह भारत से अकेले अमेरिका आईं और उनकी आंखों में कैंसर का इलाज ढूंढने का सपना था। वह ऐसी महिला थीं जो समस्याओं को सुलझाने में यकीन रखती थीं। उन्होंने कहा, असल में, वह हमेशा कहा करती थीं, 'अगर आपको कोई समस्या दिखती है ।

### ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा अमेरिका: कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने बुधवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते को मजबूत करने के साथ ही अस्थिरता फैलाने वाले तेहरान के अन्य कदमों पर रोक लगाएगा। इस मुद्दे को लेकर ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधते हुए भारतीय मूल की सीनेटर ने कहा, '' वह परमाणु समझौता, जैसा कि हम सब जानते हैं कि उसने ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ने से रोक दिया था और यह कारगर था, अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों और अमेरिकी खुफिया समुदाय ने भी इस बात की पुष्टि की थी। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते से यह कहते हुए हाथ खींच लिए थे कि वे इससे बेहतर समझौता करके ईरान को काबू में करेंगे।

# सीनेट मतदान का बहिष्कार करने वाले 5.4 करोड़ लोगों के खिलाफ मुकदमा करेगा मिस्र

**काहिरा।** मिस्र के चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि वह इस महीने सीनेट चुनाव में हिस्सा नहीं लेने वाले लोगों के खिलाफ मुकद्मा करने की तैयारी कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में देश की संसद के ऊपरी और मुख्य रूप से शक्तिहीन सदन के दो-तिहाई सांसदों के लिए चुनाव हुआ था। राष्ट्रीय चुनाव प्राधिकरण के अनुसार सीनेट की 300 सीटों में से 200 के लिए करीब 6.3 करोड़ लोगों को मतदान करने का अधिकार था, लेकिन 11-12 अगस्त को हुए मतदान में केवल 89.9 लाख या 14.23 प्रतिशत लोगों ने ही मतदान किया। अन्य 100 सीटों पर सदस्यों का चयन राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी करेंगे। चुनाव कोरोना वायरस महामारी के बीच कराए गए लेकिन आयोग का कहना है कि उसने मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए थे। आयोग के प्रमुख लाशीन इब्राहिम ने कहा कि उन्होंने चुनाव का बहिष्कार करने वालों के खिलाफ कानून लाने और उन पर 500 मिस्र पाउंड तक का जुर्माना लगाने का संकल्प किया है। सोशल मीडिया पर इस फैसले की काफी आलोचना भी का जा रही है। लोगों का कहना है कि 5.3 करोड़ लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाना असंभव है। वहीं कुछ का कहना है कि सरकार हर तरीके से पैसे कमाना चाहती है।

# चीन ने विवादित समुद्री क्षेत्र में 'कैरियर मिसाइल' दागी

**बीजिंग।** चीन की सेना ने दक्षिणी चीन सागर में दो मिसाइलों का परीक्षण किया जिसमें एक ÷कैरियर मिसाइल÷ भी शामिल थी। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इसे अमेरिकी बलों पर हमले के लिए विकसित किया गया हो सकता है। एक समाचार-पत्र में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई। हांग कांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट समाचार-पत्र ने चीनी सेना के अज्ञात करीबी सूत्रों के हवाले से खबर दी कि डीएफ-26बी और डीएफ-21 डी मिसाइलों को बुधवार को दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान और पार्सल द्वीपसमूहों के बीच वाले इलाके में दागा गया। इस खबर की पुष्टि के आग्रह पर रक्षा मंत्रालय और बीजिंग में विदेश मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। विश्व के सबसे व्यस्ततम व्यापार मार्गों में से एक, दक्षिण चीन सागर पर नियंत्रण को लेकर बढ़ते विवाद बीजिंग के वाशिंगटन और उसके दक्षिणी पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते में लगातार कड़वाहट पैदा कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने विवादित क्षेत्र के ज्यादातर हिस्से पर संप्रभुता के बीजिंग के दावों को इस साल खारिज कर दिया था। इसके कुछ हिस्सों पर वियतनाम, फिलीपीन और अन्य देश की सरकारें भी दावा करती हैं। बुधवार को किए गए ये परीक्षण चीन की उस शिकायत के बाद आए हैं जिसमें उसने कहा था कि अमेरिकी यू2 जासूसी विमान बीजिंग द्वारा घोषित ''नो फ्लाई जोन में घुस आया था।

डीएफ-21 का निशाना असामान्य रूप से सटीक होता है और इसे सैन्य विशेषज्ञ कैरियर किलर कहते हैं जिनका मानना है कि इसे उन अमेरिकी विमानवाहकों को निशाना बनाने के लिए विकसित किया गया है जो चीन के साथ संभावित संघर्ष में शामिल हो सकते हैं। डीएफ-21 का निशाना असामान्य रूप से सटीक होता है और इसे सैन्य विशेषज्ञ कैरियर किलर कहते हैं जिनका मानना है कि इसे उन अमेरिकी विमानवाहकों को निशाना बनाने के लिए विकसित किया गया है जो चीन के साथ संभावित संघर्ष में शामिल हो सकते हैं।

बीजिंग ने पिछले दो दशक में मिसाइलों, लड़ाकू विमानों, परमाणु पनडुब्बियों और अन्य हथियारों को विकसित करने की कोशिश में खूब खर्च किया है ताकि वह अपनी सीमाओं से परे भी अपनी सेना को विस्तार दे सके। खबर में बताया गया कि डीएफ-26 बी को उत्तरपश्चिमी प्रांत किंगहाई से जबकि डीएफ-21डी को पूर्वी तट पर शंघाई के दक्षिण में स्थित जेझियांग प्रांत से प्रक्षेपित किया गया।

# बाइडेन कट्टरपंथी वाम के 'ट्रोजन हॉर्स' से अधिक कुछ नहीं : पेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उप राष्ट्रपति माइक पेंस ने अमेरिकियों से उन्हें दाबोरा चुनने की अपील करते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन पर निशाना साधा और उन्हें चीन का 'चीयरलीडर' और कट्टरपंथी वाम का 'ट्रोजन हॉर्स' बताया। यूनानियों ने ट्राय शहर में दाखिल होने के लिए लकड़ी का घोड़ा बनाया था, जिसे 'ट्रोजन हॉर्स' कहा जाता है। यूनानी सैनिक इस घोड़े में छुप गए थे। ट्राय के लोग घोड़े को किले के अंदर ले गए और यह उनकी हार का कारण बना। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन (आरएनसी) के तीसरे दिन 61 वर्षीय पेंस ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया। पेंस ने नामंकन स्वीकार करते हुए कहा, '' यह स्पष्ट है कि अमेरिका को पूरी तरह पटरी पर लाने के लिए, हमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चार साल व्हाइट हाउस में चाहिए।'' अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडेन से होगा। वहीं उप राष्ट्रपति माइक पेंस के सामने डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारतीय-अमेरिकी सीनेटर कमला हैरिस को उतारा है। बाल्टीमोर के फोर्ट मैकहेनरी से अपने भाषण में पेंस ने कहा, '' जो बाइडेन कम्युनिस्ट चीन के एक 'चियरलीडर' हैं....उन सभी शुल्कों को निरस्त करना चाहते हैं जो अमेरिकी श्रमिकों को बराबरी का मौका दे रहे हैं और उन्होंने वैश्विक महामारी के बाद चीन से सभी तरह की यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने के राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले का भी विरोध किया।'' अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रम्प ने अचानक यहां पहुंचकर सभी को चौका दिया। उन्होंने कहा कि बाइडेन '' कट्टरपंथी वाम के 'ट्रोजन हॉर्स' से अधिक कुछ नहीं है''। पेंस ने कहा कि अगर मतदाता एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं, जो ''हमारी विरासत के अपमान पर चुप रहे'' तो ट्रम्प ''आपके लिए नहीं है।'' उन्होंने कहा, '' आप देखेंगे कि उनका एजेंडा स्पष्ट है, जो बाइडेन कट्टरपंथी वाम के 'ट्रोजन हॉर्स' से अधिक कुछ नहीं होंगे। पहले कभी चुनाव में पसंद इतनी स्पष्ट नहीं थी, और पहले कभी इतना कुछ दांव पर नहीं था।'' इससे पहले पेंस ने कहा था, '' और पिछले चार साल में, मैंने देखा कि राष्ट्रपति को कई बार निशाना बनाया गया लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अमेरिका के लोगों से किए वादों को पूरा करने के लिए संघर्ष जारी रखा।'' उन्होंने कहा, '' इसलिए, जो विश्वास राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुझमें दिखाया, उसके प्रति आभार व्यक्त करते हुए, रिपब्लिकन पार्टी के समर्थन और ईश्वर की कृपा से, मैं विनम्रतापूर्वक अमेरिका के उप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने के आपके नामांकन को स्वीकार करता हूं।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र चीन के साथ 'शक्ति की प्रतिस्पर्धा' का केंद्र है: एस्पर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने भारत जैसे साझेदारों के साथ संबंध मजबूत करने के अमेरिका के प्रयासों को रेखांकित किया ताकि बीजिंग को अंतराष्ट्रीय कानून आधारित व्यवस्था का सम्मान करना सिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनियाभर में अपनी ताकत दिखाने की चाह रखने वाले चीन के साथ ''शक्ति की प्रतिस्पर्धा'' का केंद्र है। हवाई में 'डेनियल के इनोऐ एशिया-पेसिफिक सेंटर फॉर सिक्युरिटी स्टडीज' में अपने संबोधन में एस्पर ने कहा कि सत्तारूढ़ चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडा को आगे बढ़ाने की कवायद में पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए)आधुनिकिकरण की अपनी आक्रामक योजना पर काम कर रही है जिसके बूते वह सदी के मध्य तक विश्व स्तरीय सेना के लक्ष्य को पाना चाहती है। उन्होंने कहा, ''इससे दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में पीएलए का उकसाने वाला बर्ताव निस्संदेह बढ़ेगा। यहीं नहीं, उन स्थानों पर भी जिन्हें चीन की सरकार अपने हितों के लिए महत्वपूर्ण मानती है।'' बीजिंग 13 लाख वर्ग मील में फैले लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर को अपना संप्रभु क्षेत्र बताता है। इस पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलिपीन, ताईवान और वियतनाम भी अपना-अपना दावा जताते हैं। चीन क्षेत्र में कृत्रिम द्वीपों पर अपने सैन्य अड्डे बना रहा है। एस्पर ने कहा कि अमेरिका के सैन्य बलों के विपरित पीएलए राष्ट्र या संविधान की सेवा करने वाली सेना नहीं है बल्कि यह एक राजनीतिक दल चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति निष्ठा रखती है और दुनियाभर के नियम और कानूनों को कमतर करने के पार्टी के प्रयासों में मदद करती है। उन्होंने कहा कि साझेदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने के अलावा अमेरिका दक्षिण एवं दक्षिणपूर्वी एशिया में नए एवं उभरते साझेदारों के साथ संबंधों का विस्तार करने का प्रयास कर रहा है।

# कोमा की अटकलों के बीच सनकी किंग किम जोंग ने फिर किया दुनिया को हैरान



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया का सनकी किंग किम जोंग-उन ने उनके स्वास्थ्य की अटकलों के बीच एक बार दुनिया को हैरान कर दिया है। किम ने अपने कोमा में होने की खबरों पर विराम लगाते हुए संदेश दिया है कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और उत्तर कोरिया की कमान उन्हीं के हाथों में है। दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति किम डे-जंग के पूर्व सहयोगी ने दावा किया था कि किम जोंग-उन अप्रैल से ही कोमा में हैं और अब उनकी सत्ता में वापसी मुश्किल है लेकिन हर बार की तरह इस बार भी किम ने ऐसी अटकलों को खारिज कर दिया। किम मंगलवार को अपनी पार्टी के सदस्यों के साथ एक आपातकालीन बैठक में नजर आए. उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी ने किम जोंग उन की तस्वीरें जारी की हैं सदस्यों के साथ एक आपातकालीन बैठक में नजर आए।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी ने किम जोंग उन की तस्वीरें जारी की हैं, जिसमें वह पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दे रहे हैं। न्यूज एजेंसी ने किम जोंग उन की तस्वीरें जारी की हैं, जिसमें वह पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दे रहे हैं। न्यूज एजेंसी ने किम जोंग उन की तस्वीरें जारी की हैं, जिसमें वह पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दे रहे हैं। न्यूज एजेंसी ने किम जोंग उन की तस्वीरें जारी की हैं।

जिसमें वह पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दे रहे हैं। यह बैठक कोरोना वायरस से निपटने के इंतजामों के मद्देनजर बुलाई गई थी। कि दक्षिबता दें ण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने हाल ही में कहा गया था कि किम जोंग उन कीकोमा में हैं और उनकी बहन किम यो जोंग देश की कमान सकती हैं।

## डीएम वैभव श्रीवास्तव उत्कृष्ट कार्य करने पर एल्ट्स वॉटर इनोवेशन अवार्ड से किया जायेगा सम्मानित

**डीएम को भारत में एल्ट्स वॉटर इनोवेशन अवार्ड चयन के लिए जनपद में खुशी की लहर अधिकारियों व कर्मचारियों, पत्रकारों ने डीएम को दी हार्दिक बधाई**

रायबरेली जनपद रायबरेली के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव को जनपद पीलीभीत में पूर्व में जिलाधिकारी के पद तैनात रहकर उनके द्वारा किये गये ग्राउंड वाटर रीचार्जिंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग व इनोवेशन के लिए, उत्कृष्ट कार्य हेतु एल्ट्स वॉटर इनोवेशन अवार्ड के लिए चयन किया गया है। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा उनके अनुकरणीय कार्य के लिए बिना किसी भेदभांव निष्पक्षता के साथ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए और शासन में अपनी पहुंच का विस्तार कर आम आदमी को शासकीय और गैर शासकीय लाभ परक योजनाओं से लाभान्वित करवाने के लिए तथा कोविड–19 कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव व रोकथाम एवं जागरूकता हेतु आमजन द्वारा प्रशंसा की गई है।

जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव को 28 अगस्त 2020 को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के साथ ''होस्ट पार्टनरशिप'' में आयोजित होने वाले एल्ट्स नेशनल वाटर इनोवेशन समिट में सम्मानित होने के लिए एल्ट्स वॉटर इनोवेशन अवार्ड के लिए डीएम का नामांकन का संदर्भ है। संस्था द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए बताया गया कि जिला पीलीभीत में ग्राउंड वाटर रीचार्जिंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए इनोवेशन शीर्षक वाली आपकी परियोजना को जल क्षमता, दक्षता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय जल नवाचार इनोवे. टिव टेक्नोलॉजीज इनोवेशन वॉटर, एल्ट्स वॉटर इनोवेशन अवार्ड के लिए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव को चुना गया है।

जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के साथ ''होस्ट पार्टनरशिप'' में आयोजित, एल्ट्स नेशनल वाटर इनोवेशन समिट में एल्ट्स वॉटर इनोवेशन अवार्ड सम्मानित होने के लिए जिलाधिकारी के चयन होने पर जनपदवासियों में खुशी की लहर है। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल, सहायक निदेशक सूचना प्रमोद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम अभिलाष, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रेम प्रकाश उपाध्याय, नगर मजिस्टेऋट युगराज सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजय कुमार शर्मा, अतिरिक्त मजिस्टेऋट अंशिका दीक्षित, सूचना विभाग कम्प्यूटर विशेषज्ञ मो0 राशिद रियाज,

एनआईसी के प्रभात, सहित कई जनपदस्तरीय अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं, समाज सेवियों व कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और कहा कि जिलाधिकारी को वैभव श्रीवास्तव को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के साथ ''होस्ट पार्टनरशिप'' में आयोजित, एल्ट्स नेशनल वाटर इनोवेशन समिट में एल्टस वॉटर इनोवेशन अवार्ड सम्मानित होने के लिए जनपद प्रदेश व देश के लिए लिए गौरव की बात है।

ज्ञातव्य है कि एलेट्स वॉटर इनोवेशन अवाड्र्स की प्रस्तुति राष्ट्रीय जल नवाचार शिखर सम्मेलन, 28 अगस्त 2020, होने के नाते ''होस्ट पार्टनरशिप'' में आयोजित जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के साथ आयोजित किया गया है।




## कमिश्नर सुधीर कुमार बोबडे की पहल पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर आरबी कमल पहुंचे आरोग्यधाम

**प्राचार्य ने आरोग्यधाम में मरीजों के इलाज की व्यवस्था देख कर की तारीफ**

**कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए एलोपैथी और होम्योपैथी का साझा कार्यक्रम जल्द हो सकता है शुरू**

संजय मौर्य,उत्तरप्रदेश ब्यूरो

कानपुर कोरोना महामारी से मुकाबला करने के लिए एलोपैथी और होम्योपैथी साझा कार्यक्रम जल्द शुरू हो सकता हैं । कमिश्नर कानपुर मंडल सुधीर कुमार बोबड़े की पहल पर गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर बी कमल आज आरोग्यधाम पहुँचे । प्राचार्य ने आरोग्य धाम की कार्यशैली देखी । आरोग्य धाम के डॉक्टर हेमंत मोहन और डॉक्टर आरती मोहन ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को इलाज करने का तरीका बताया । इस दौरान मेडिकल कॉलेज प्रचार्य डॉ आरबी कमल को गुलद. स्ता देकर स्वागत किया गया । होम्योपैथी दवाई की किट भेट की गई । डॉक्टर आर बी कमल ने कहा कि आरोग्यधाम में सेवा भाव देखकर उन्हें काफी प्रसन्नता हुई । होम्योपैथी के माध्यम से जिस प्रकार कोरोना मरीजो को इलाज किया जा रहा है वह काबिले तारीफ है । उन्होंने वादा किया हैलट हॉस्पिटल मे कोरोना पॉजिटिव सभी मरीजो को एलोपैथी के साथ ही होम्योपैथी दवा भी दी जाएगी । उन्होंने कहा कि यह समय कोरोनावायरस से मुकाबला करने का है । मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक पूर्व में भी उन्हें डॉ हेमंत मोहन और डॉक्टर आरती मोहन की समाज सेवा के कार्यो की जानकारी मिलती रही है । चाहे डेंगू महामारी हो या चिकनगुनिया यह किसी भी तरीके की बीमारी फैली हुई हो डॉक्टर हेमन्त मोहन समाज सेवा में हमेशा आगे रहे है । डॉक्टर के पेशे में इस तरह की सेवा से अन्य लोगों में समाज सेवा भावना जागृत होती है । डॉक्टर हेमंत मोहन ने बताया कि कोरोना संक्रमित 800 से अधिक मरीज सही किये है ।डॉ हेमंतमोहन के मुताबिक भविष्य में भी समाज सेवा में आगे रहेंगे । कमिश्नर सुधीर कुमार बोबड़े और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ आर बी कमल की पहल पर दीपक जैन सहित कुछ उद्योगपतियों ने भी इस मुहिम में सहयोग करने का वादा किया है ।



## सार–समाचार

कानपुर भीतरगांव सीएचसी के डॉक्टरों की टीम ने आज लौली, सांखाहारी में कोविड 19 टेस्ट का कैंप लगाया ।जिसमें 46 सैंपल लिए गए ।जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई।डॉक्टर तेज नारायण , डॉ रियाज,मयंक,आकाश आदि टीम ने कैंप लगाया।



### बच्चों में ड्रेस वितरित खिल उठे चेहरे प्राइमरी स्कूलों मे बच्चों को दी गयी नई ड्रेस

जगतपुर रायबरेली जगतपुर ब्लॉक के कुसुमी ग्राम सभा मे स्थित प्राथमिक व जूनियर विद्यालय मे बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया वही

कुसुमी में प्राथमिक व जूनियर विद्यालय में जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सोनू सिंहने बच्चों को ड्रेस वितरित किया

ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरे खिल गएऔर बच्चे खुशी से झू म उठे वही साथ मे विद्यालय के प्रचार्य श्री दिनेश बहादुर सिंह जी व नीरज द्विवेदी जी के साथ और विद्यालय परिसर के समस्त शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे



### जिलाधिकारी ने किया जेल का निरीक्षण

कल अधिकारीयो से मीटिंग के बाद पुलिस और जिलाधिकारी निकले औचाक निरीक्षण पे।आज जिलाधिकारी ने उन्नाव कारागार का निरीक्षण किया तथा जेल निरीक्षक से जेल का जायजा लिया।




### कर्ज लेकर पढाया बिटिया को जिले मे मिला तीसरा स्थान

कानपुर भीतरगांव क्षेत्र के हरीपुर निवासी प्रमोद कुमार द्विवेदी पेशे से किसान है मात्र एक बीघा खेत में मजदूरी करके बच्चों के भरण पोषण समेत पढाई का खर्च चला रहे है तीन पुत्रियों व एक पुत्र को पढाने लिखाने का बोझ इतना ज्यादा है कि साल मे कई बार कर्जा लेना पड रहा है पुत्र विनय द्विवेदी जो इंटरमीडिएट की कक्षा मे उमरी गांव स्थित महर्षि दयानंद बब्लू लाल इंटर कालेज मे पढ रहा है बडी पुत्री लक्ष्मी द्विवेदी जो कि बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है दूसरी पुत्री दीपिका इंटर मीडिएट मे पढ रही है तथा तीसरी पुत्री निधी द्विवेदी जो कि इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा एमडीबीएल इंटर कालेज उमरी से 600 में 562 अंक प्राप्त कर 93.66 प्रतिशत के साथ जिले मे तीसरा तथा यूपी मे 11वीं स्थान प्राप्त कर पिता का नाम रोशन किया बाबा गोकरन नाथ जो कि लेखपाल पद से रिटायर्ड है कुशल मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की है

## गदागंज पुलिस टीम को कामयाबी हासिल

गदागंज रायबरेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गदागंज पुलिस टीम को बुधवार देर शाम एक कामयाबी हासिल हुई है धमधमा मोड पर सरदार गंज जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने मलाका मजरे हमीरमऊ निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र बजरंग सिंह को एक अदद 315 बोर तमंचा व एक कारतूस के साथ पकड़ा और संबंधित

धाराओं में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया थाना प्रभारी अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि अभियुक्त के पास से तलाशी के दौरान एक 315 कारतूस बरामद की गई है अभियुक्त को विद्युत कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी गदागंज अजीत कुमार विद्यार्थी उपनिरीक्षक, राजबहादुर यादव कांस्टेबल अंकित कटारिया व शुभम पंडाल उपस्थित रहे।



**28 अगस्त 2020 से 03 सितम्बर 2020 तक ड्यूटी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश।**

## जिलाधिकारी ने किया अधिकारियों के ड्यूटी समय में परिवर्तन

उन्नाव जिलाधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) कि संक्रमण के दृष्टिगत जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट उन्नाव में बनाए गए एकीकृत कोविड एंड कंट्रोल सेंटर में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी में परिवर्तन किया है।

जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम में तत्काल प्रभाव से नामित अधिकारियों/कर्मचारियों



के लिये आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये हैं। उन्होंने बताया कि नामित समस्त अधिकारी/कर्मचारी को आदेशित किया जाता है कि निर्धारित समय पर कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर ड्यूटी का कार्य पूर्ण करेंगे, जिसमे किसी भी प्रकार की लॉपरवाही क्षम्य नही होगी।

इस के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि टेलीफोन पर आने वाली सूचनाओं को पंजी पर अंकित करेंगे तथा तत्काल समस्या का निराकरण करायेंगे साथ ही समय–समय पर उच्चाधिकारियों को अवगत भी करायेंगे।

नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) कन्ट्रोल रूम का दूरभाष सं0, 9454417162, 6386040489 नम्बर है जिस पर जरूरतमंद अपनी शिकायत दर्ज कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम, श्री चंदन कुमार पटेल, नगर मजिस्ट्रेट फोन नंबर 0515–2820707 9454417162, 6386040489, श्री आलोक कुमार सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 7985397368 है।

नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) कन्ट्रोल रूम में तैनात कर्मियों के नाम व मो0नं0 इस प्रकार हैं– प्रातः 06:00 बजे से अपराहन 02:00 तक सहायक नोडल अधिकारी श्री ज्ञानन्द्र सिंह भदौरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी उन्नाव, मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 9639130093, डॉ विवेक गुप्ता उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन्नाव, मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 7985736383, श्री धीरेन्द्र कुमार उत्तम, वाणिज्य कर निरीक्षक , मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 9450725646, श्री सर्वेश कुमार चपरासी नगर पालिका विभाग, मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 7505123197, की ड्यूटी लगायी गयी है।

अपराहन 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक सहायक नोडल अधिकारी श्री रवि वर्मा, चक. बन्दी अधिकारी, मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 9410422458, डा0 हरनाम सिंह उपमुख्य चिकित्साधिकारी, मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 9411242052, श्री अमन मा. थुर, पूर्ति लिपिक, मोबाइल नंबर व व्हाट्सएप नंबर 8218854246 को नामित किया गया है।

जिलाधिकारी ने नामित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आदेशित किया है कि दिनांक 28 अगस्त 2020 से 03 सितम्बर 2020 तक निर्धारित समय पर कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर ड्यूटी का कार्य पूर्ण करेंगे,

जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

**सकारात्मक सोच के लिए जरूरी है खेल : सांसद**

लखीमपुर खीरी : गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की नवसृजित जिला स्तरीय समिति की पहली बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य रूप से सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा, अध्यक्ष न0पा0प0 लखीमपुर निरुपमा मोनी बाजपेई, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सी. डीओ अरविंद सिंह एवं जिला खेल अधिकारी सुनील भारती, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय सहित अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेल चाहे कोई भी हो, खेल हमें जहां शारीरिक तौर पर तंदरुस्त करते हैं वहीं मानसिक तौर पर भी सुदृढ़ बनाते हैं। यह सकारात्मक सोच को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम फिट इण्डिया, हिट इण्डिया की बात करते हैं, इस के पीछे मंशा यह है कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सकता है। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, भले ही उसकी कोई भी प्रकृति हो। खेलों से ही स्वस्थ और निरोगी जीवन पाया जा सकता है। इसके लिए बाल्यकाल से अपनी आदत बना लेनी चाहिए।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि स्कूल एवं कॉलेज में खेलों को सभी स्तरों पर प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। इसी से देश को राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन खिलाड़ी मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर ऐसा वातावरण बनाएं जिससे देश और प्रदेश एवं ज़िले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी तैयार हो सकें।

अध्यक्ष, नगर पालिका निरुपमा मोनी बाजपेई ने कहा कि इस समिति के माध्यम से खेलों के लिए एक नए माहौल का सर्जन होगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा के अनुरूप उचित मंच दिलाने में सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने समिति की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा है कि जिले में खेल प्रतिभ. ाओं का प्रोत्साहित करने के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाना बहुत जरूरी है। डीएम ने जिले में खेलों का बढ़ावा देने के साथ ही जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के लिए रिसोर्सेस बढ़ाने को सामाजिक, शिक्षण और खेल संगठनों से सक्रिय सहयोग की पेशकश की। उन्होंने जिले में सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थ. ानों और खेल के प्रति समर्पित जागरूक लोगों का आह्वान किया कि वे जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिये सक्रिय योगदान दें। जिससे प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें।

सीडीओ अरविंद सिंह में उप. स्थित जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा की पढ़ाई के साथ–साथ खेल क्षेत्र में प्रोत्साहन की अपार संभावनाएं है। आज की बैठक में जो भी सुझाव मिले हैं उन्हें कैसे धरातल पर उतारा जाए उसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

जिला क्रीडा अधिकारी सुनील कुमार भारती ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा नई खेल विकास एवं प्रोत्साहन नियमावली 2020 के अंतर्गत षे एंड प्लेष तथा ष्कम एंड प्लेष योजना के तहत प्रदेश सरकार ने जिला स्तर पर विभिन्न माध्यमों से आय के स्रोत बढ़ाकर खेलों को बढ़ावा देने की एडवाइजरी जारी की है।

उन्होंने बताया कि गांव से लेकर शहर तक युवा वर्ग के पास योग्यता का प्रचुर मात्रा में भंडार है समिति के पुनर्गठन होने से खिलाड़ियों का सुसंगत एवं व्यवस्थित ढंग से चयन के साथ विकास एवं प्रतिस्पर्धा में एकरूपता देखने को मिलेगी।



### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत तिलहनी फसल तिल में लगने वाले कीट रोग के बारे में खेत पर जाकर विस्तृत

**तिलहनी फसल तिल में लगने वाले कीट रोग के बारे में खेत पर जाकर विस्तृत जानकारी हरिओम शुक्ला प्रभारी कृषि रक्षा इकाई बांगरमऊ द्वारा दी गई।**

उन्नाव तहसील क्षेत्र के ग्राम बिलंद खेड़ा मजरा शादीपुर में आज राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत तिलहनी फसल तिल में लगने वाले कीट रोग के बारे में खेत पर जाकर विस्तृत जानकारी हरि ओम शुक्ला प्रभारी कृषि रक्षा इकाई बांगरमऊ द्वारा दी गई। इस समय कृषकों द्वारा अत्यधिक मात्रा में खाद उर्वरक एवं कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है जो की बहुत सी बीमारियों की जड़ है जिससे हमारा आपका स्वास्थ्य, पशुओं में बीमारी, जल प्रदूषण, पक्षी , मित्र कीट, केचुआ एवम् वायुमंडल प्रदूषित होता है इन सब से बचने के लिए सभी कृषक बंधुओ को (आईपीएम) एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की आवश्यकता है ।

**आईपीएल का मुख्य उद्देश्य**

फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक हानिकारक कीड़ों, बीमारियों तथा उनके प्राकृतिक शत्रुओं की लगातार एवं व्यवस्थित निगरानी रखना। कीड़ों एवं बीमारियों को उनके आर्थिक क्षति स्तर से नीचे रखने के लिए सभी उपलब्ध प्रबंधन विधियों जैसे व्यवहारिक, यांत्रिक, अनुवांशिक जैविक, संगरोध व रासायनिक नियंत्रण का समेकित करना।कीड़ों एवं बीमारियों के आर्थिक हानि स्तर को पार कर लेने पर सुरक्षित कीटनाशकों को सही समय पर सही मात्रा में प्रयोग करना। कृषि उत्पादन में कम लागत लगाकर अधिक लाभ प्राप्त करने तथा साथ साथ वातावरण को प्रदूषण से बचाना। तिल की फसल में लगने वाले कीट रोग एवं उनका नियंत्रण करनें के लिए दहिया रोग के नियंत्रण हेतु ट्राइकोडर्मा से बीज उपचार तथा लक्षण दिखाई देने पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 2.5 ह0/ली0 पानी के साथ स्प्रे करें।तना व जड़ सडन के नियंत्रण के लिए थीरम 2ह0 + कार्बेन्डाजिम 1ह0 / लीटर पानी के साथ स्प्रे करें।कीट नियंत्रण लीफ फोल्डर एवं फली बेधक कीट नियत्रण के लिए निबौली का अर्क 5 लीटर को 500– 600 ली0 पानी/ हेक्टेयर के हिसाब से प्रयोग करें।भुनगा कीट– के नियंत्रण हेतु नीम का तेल 5उस/ ली0 के हिसाब से प्रयोग करें।

## ईवीएम/वीवीपैट गोदाम का डीएम ने किया निरीक्षण।

**गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के दिए निर्देश।**

अमेठी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम/वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह गैर चुनाव अवधि के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।



Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, 14 पुरुष समेत 23 लोग गिरफ्तार

सूरत शहर के रेलवे स्टेशन के निकट दिल्ली गेट क्षेत्र की दो होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश कर पुलिस ने 9 युवती और 14 पुरुष समेत 23 लोगों को गिरफ्तार कर लियाद्य जानकारी के मुताबिक सूरत की महिधरपुरा पु. लिस को सूचना मिली थी कि शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र स्थित वीनस होटल और रॉयल स्टार हॉटल में बाहर से युवतियों को लाकर देह व्यापार करवाया जाता है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने एक साथ वीनस होटल और रॉयल स्टार होटल में छापा माराद्य पुलिस ने वीनस होटल से देह व्यापार के लिए बाहर से लाई गईं 7 युवतियां और 11 पुरुषों को गिरफ्तार कर लियाद्य जबकि रॉयल स्टार होटल से 2 युवती और तीन पुरुषों को धर दबोचां।

पकड़े गए लोगों की तलाशी में रु. 45370 रुपए नकद, रु. 1.49 लाख कीमत के 21 मोबाइल और कॉन्डोम के 9 पैकेट समेत रु. 174870 माल सामान जब्त कर लियाद्य गिरफ्तार 14 लोगों में वीनस होटल के मैनेजर प्रतीक जगदीशभाई सुकानी, रॉयल स्टार होटल के मैनेजस प्रकाश मनीराम जोशी के अलावा प्रसंजीत नीमाय घोष, सिकंदर मेहकुज खान, राजेन्द्रसिंह बाबुसिंह राजपूत, पप्पुगिरी ईश्वरगिरी गोस्वामी, ओमप्रकाश गोडाराम जाट, नौशाद पाशा करीम खान, राज राकेशभाई चौधरी, राकेश हेमराज प्रजापति, अब्दुल्ला बशीर डांगर, वजीर मिस्बाहुल शा, आर्शित केतनभाई सामल्या और दिनेश जगदीशभाई खत्री शामिल हैं।

दोनों होटल से पकड़ी गई युवतियों को पूछताछ के बाद पुलिस ने छोड़ दियां।









## कांग्रेस का नीट और जेईई परीक्षा स्थगित करने की मांग को लेकर राज्यभर में प्रदर्शन आज

अहमदाबाद/सुरत, नीट और जेईई की परीक्षा स्थगित करने की मांग को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस 28 अगस्त को राज्यभर में प्रदर्शन करेगीद्य देशभर में कोरोना संकट के बावजूद केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा नीट और जेईई की परीक्षा लेने के फैसले के खिलाफ गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अमित चावड़ा ने विद्यार्थी और अभिभावकों की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि देश में कोरोना के जब 500 मामले थे, तब स्कूल–कॉलेज बंद कराने के साथ ही परीक्षाएं भी रद्द कर दी गई थीं।

आज जब देश में कोरोना के 33 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और इस महामारी में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार ने जेईई और नीट की परीक्षा लेने की हठ पकड़ ली हैं।

जबकि देशभर के विद्यार्थी और अभिभावक कोरोना संकट के बीच परीक्षा लेने के फैसले का विरोध कर रेह हैं।

देश के 7 राज्यों के मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में केन्द्र सरकार से मौजूदा स्थिति में परीक्षा स्थगित करने का अनुरोध किया हैद्य इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, इसके बावजूद भाजपा सरकार किसी बात मानने या व्यावहारिक दृष्टिकोण समझने को तैयार नहीं हैद्य अमित चावड़ा ने कहा कि गुजरात राज्य में नीट के लिए 80 हजार और जेईई के लिए 38 हजार जितने विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया हैद्य केन्द्र सरकार के फैसले से देशभर में 26 लाख से ज्यादा विद्यार्थी और उनके साथ परीक्षा स्थल पर जानेवाले अभिभावकों को कोरोना संक्रमण का खतरा हो सकता हैद्य इसके अलावा उनके 100–150 किलोमीटर के परिवहन, रहने–खाने की व्यवस्था भी एक बड़ी समस्या हैं।

ऐसी विकट स्थिति को देखते हुए केन्द्र सरकार को अपनी जिद छोड़ विद्यार्थियों की बात सुननी चाहिएद्य गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि आज पूरे दुनिया का. `रोना की चपेट में हैद्य विश्व की विख्यात ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने भी विद्यार्थियों के हित में परीक्षाएं रद्द कर दी हैं।

ऐसे में भारत सरकार क्यों देश के लाखों विद्यार्थी और उनके अभिभावकों समेत स्टाफ के जीवन के साथ खिलवाड करने को आमादा है।

लॉकडाउन के दौरान ''जान है तो जहान'' की बड़ी बड़ी बातों का अब क्या हुआ? अमित चावड़ा ने कहा कि महामारी के बीच केन्द्र सरकार के नीट और जेईई की परीक्षा लेने के फैसले का विरोध कर रहे विद्यार्थी और अभिभावकों के समर्थन में एनएसयूआई दिल्ली में धरना–प्रदर्शन कर रही हैं।

एनएसयूआई के कई नेता परीक्षा स्थगित करने की मांग को लेकर आमरणांत उपवास पर बैठे हैं।

परीक्षा स्थगित करने की मांग को लेकर 28 अगस्त को गुजरात कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता समेत एनएसयूआई राज्यभर में धरना–प्रदर्शन करेगीं।

## योजनाबद्ध शहरी विकास के लिए 7 टीपी योजनाओं को मुख्यमंत्री की हरी झंडी

अहमदाबाद (एजेंसी) मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कोरोना संक्रमण के साथ और उसके खिलाफ जनजीवन को तेजी से बहाल करने और नई सामान्य जीवन शैली के जरिए विकास कार्यों को गति देने की संकल्पबद्धता के साथ एक ही दिन में 7 नगर नियोजन (टाउन प्लानिंग– टीपी) योजनाओंको मंजूरी दी है। उन्होंने राज्य में योजनाबद्ध शहरी विकास के महत्वपूर्ण साधन टीपी और विकास योजना (डीपी) की मंजूरी में गतिशीलता और पारदर्शिता के दृष्टिकोण के साथ जिन 7 टीपी योजनाओं को हरी झंडी दी है, उसमें 3 ड्राफ्ट टीपी, 2 प्रारंभिक और 2 अंतिम यानी कि फाइनल टीपी शामिल है। मुख्यमंत्री की ओर से इन 7 टीपी को स्वीकृति देने के बाद वर्ष 2020 में राज्य में टीपी और डीपी की मंजूरी के आंकड़े ने अर्धशतक पूरा कर लिया है।

मौजूदा वर्ष में उन्होंने 24 ड्राफ्ट टीपी, 16 प्रारंभिक टीपी, 7 फा. इनल टीपी और 3 ड्राफ्ट विकास योजना के साथ कुल 50 टीपी एवं डीपी को हरी झंडी दी है। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राज्य के शहरी क्षेत्रों के विकास के साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए आवास निर्माण, सार्वजनिक तथा बुनियादी ढांचा सुविधाओं के लिए प्राधिकरणों को जमीन मुहैया कराने के निर्णायक अभिगम के साथ इससे पूर्व वर्ष 2018 और 2019 में लगातार दो साल 100–100 टीपी को मंजूरी देने की उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री ने आज जिन 7 टीपी योजनाओं को एक साथ मंजूरी प्रदान की है उसमें अहमद. ाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (औडा) की दो ड्राफ्ट टीपी स्कीम नं. 430 विसलपुर एवं नं. 436 (विसलपुर, नवापुर और सनाथल) और भावनगर की ड्राफ्ट टीपी स्कीम नं. 16 (अघेवाड़ा), अहमदाबाद की ही दो वेरिड प्रिलिमनरी टीपी स्कीम नं. 1 (मेमनगर) और नं. 47 (मोटेरा व कोटेश्वर) के अलावा फाइनल टीपी स्कीम के तहत गांधीनगर शहरी विकास प्राधिकरण (गुडा) की नं. 11/ए अडालज और राजकोट की टीपी 9 को मंजूरी दी है। अहमदाबाद में औडा क्षेत्र की दो और ड्राफ्ट स्कीम को मंजूरी मिलने से खासकर विसलपुर, सनाथल और नवापुर क्षेत्र की अतिरिक्त 535 हेक्टेयर जमीन के आयोजन को अंतिम स्वरूप मिलेगा। इन दोनों ड्राफ्ट टीपी स्कीम से प्राधिकरण को सार्वजनिक उद्देश्य के लिए 134 भूखंड प्राप्त होंगे। इतना ही नहीं, प्राधिकरण को सार्वजनिक उद्देश्य के लिए उपलब्ध होने वाले प्लॉट में सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के आवास निर्माण के लिए लगभग 17.86 हेक्टेयर जमीन, बगीचा, खुली जगह और खेलकूद के

> कोरोना के बाद नई जीवन शैली से विकास कार्यों को गति देने की मुख्यमंत्री की संकल्पबद्धता

मैदान आदि के लिए करीब 23.23 हेक्टेयर जमीन, सामाजिक ढांचे के लिए लगभग 22.15 हेक्टेयर और आधारभूत सुविधाओं के विकास पर होने वाले खर्च की पूर्ति के लिए बिक्री के उद्देश्य से लगभग 45.26 हेक्टेयर जमीन सहित कुल मिलाकर 108.50 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध होगी। भावनगर शहर में ड्राफ्ट टीपी स्कीम नं. 16 अघेवाड़ा को मंजूरी मिलने से भावनगर शहर में गत वर्ष मंजूर की गई छह टीपी स्कीम के बाद इस सातवीं टीपी स्कीम से शहर में टीपी के आयोजन को गति मिलेगी। मंजूर हुई टीपी 16 अघेवाड़ा के कारण 275 हेक्टेयर क्षेत्र की योजना से प्राधिकरण को सार्वजनिक उद्देश्य के 104 प्लॉट प्राप्त होंगे। प्राप्त होने वाले प्लॉट में सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के आवास के लिए लग. भग 8.67 हेक्टेयर जमीन, खुली जमीन और बाग–बगीचों के लिए 6.60 हेक्टेयर, सार्वजनिक सुविध ा एवं खेलकूद के मैदान आदि के लिए 21.70 हेक्टेयर तथा आध ारभूत सुविधाओं के विकास पर होने वाले खर्च की पूर्ति के लिए बिक्री के उद्देश्य से लगभग 13. 59 हेक्टेयर जमीन सहित कुल लगभग 50.56 हेक्टेयर जमीन प्राधिकरण को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने टीपी स्कीमों को तेजी से लागू कर और बुनियादी ढांचा के कार्यों को प्राथमिकता देकर प्रध ानमंत्री के आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि के दृष्टिकोण को जल्द से जल्द साकार करने में गुजरात की अगुआई की मंशा के साथ कार्यरत होने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने विशेषकर ड्राफ्ट स्कीम की मंजूरी के बाद प्राधिकरणों की ओर से अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सड़क और बुनियादी सेवाओं के लिए प्लॉट पर कब्जा लेने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर आगे की कार्यवाही अविलंब पूरी करने के स्पष्ट दिशा–निर्देश भी टाउन प्लानिंग विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

## जिला भाजपा महासचिव कोरोना संक्रमित, पाटील की रैली में हुए थे शामिल

सुरेन्द्रनगर (एजेंसी) सुरेन्द्रनगर जिला भाजपा महासचिव जगदीश मकवाणा की कोरोना रिपोर्ट पॉ. जिटिव आई है।

जगदीश मकवाणा की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद जिला भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं में दहशत फैल गई हैं। जगदीश मकवाणा हाल ही में सुरेन्द्रनगर में गुजरात भाजपा प्रदेश प्रमुख सीआर पाटील की रैली में शामिल हुए थे।

कोरोना संक्रमित जगदीश मकवाणा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया हैद्य उनके साथ लगातार तीन दिन रहने वाले जिला भाजपा प्रमुख दिलीप पटेल होम कोरन्टाइन हो गए हैं।

जगदीश मकवाणा ने उनके संपर्क में आए जिला भाजपा कार्यकर्ताओं से घर में रहने और जरूरत हो तुरंत उपचार कराने की अपील की है।

बता दें कि सुरेन्द्रनगर जिले के लींबड़ी, चोटीला और झांझरका में गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील के स्वागत के लिए हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

जिसमें कई लोगों के कोरोना संक्रमित होने का खुलासा हुआ है।

## सरदार सरोवर बांध का जलस्तर 130 मीटर के पार

अहमदाबाद, जारी वर्ष में पहली बार सरदार सरोवर नर्मदा बांध का जलस्तर 130 मीटर को पार कर गया है। मध्य प्रदेश के ओमकारेश्वर डैम से लगातार छोड़े पानी की वजह से नर्मदा बांध के जलस्तर में इजाफा हो रहा हैद्य जिसकी वजह से डैम का बिजली उत्पादन केन्द्र कार्यरत हो गया हैद्य फिलहाल 1200 मेगावाट के रिवर बेड पावर हाउस के 5 यूनिट शुरू किए गए हैंद्य बिजली उत्पादन केन्द्र शुरू होने से डैम से 35174 क्यूसेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा हैद्य नर्मदा नदी में पानी छोड़े जाने से गरुडेश्वर के निकट वियर कम कोजवे डैम ऑवरफ्लो हो गया है, जिसे देखते हुए किनारे के इलाकों में सतर्क कर दिया गया हैद्य जानकारी के मुताबिक ओमकारेश्वर डैम का रूल लेवल बढ़ने से 10 गेट खोले गए हैं और 30 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हैद्य नर्मदा बांध में फिलहाल 1 लाख क्यूसेक से भी अधिक पानी की आय हो रही है और इसका जलस्तर 130.04 मीटर पर पहुंच गया




## सौराष्ट्र के बाद अब उत्तरी गुजरात का दौरा करेंगे भाजपा प्रमुख सीआर पाटील

अहमदाबाद, गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख बनने के बाद नए संगठन और आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए सीआर पाटील राज्य का दौरा शुरू कर दिया है। सीआर पाटील ने भगवान सोमनाथ के दर्शन के बाद सौराष्ट्र की यात्रा की थीद्य आगामी 3 सितंबर से अंबाजी के दर्शन कर सीआर पाटील उत्तरी गुजरात का दौरा करेंगे और सभी नेता और कार्यकर्ताओं की समस्या सुनेंगें । पहले चरण की यात्रा में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के क्षेत्र में की थी और अब दूसरे चरण में उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल के इलाकों का दौरा करेंगे। गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील एक रणनीति के तहत काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं को भाजपा से जोड़ने के बजाए भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं को अधिक तवज्जो दे रहे हैं। गुजरात भाजपा संगठन में पूर्ण बदलाव के साथ ही आगामी



विधानसभा चुनाव में सभी 182 सी. टें और लोकसभा की सभी 26 सी. टें जीतने के लक्ष्य के साथ सीआर पाटील आगे बढ़ रहे हैं। खासकर 2017 के विधानसभा चुनाव में भ. ाजपा को केवल 99 सीटें मिलने के बाद सरकार का कामकाज और संगठन के साथ संकलन की स्थिति का जायजा लेने सीआर पाटील राज्य के विभिन्न हिस्सों की यात्रा कर रहे हैं। इसके अंतर्गत सीआर पाटील आगामी 3 सितंबर से उत्तरी गुजरात की यात्रा का प्रारंभ करेंगें। उत्तरी गुजरात की यात्रा शुरू करने से पहले पाटील अंबाजी का आशीर्वाद लेंगें।

## वल्लभीपुर की नदी में डूबने से माता–पुत्र की मौत

भावनगर (एजेंसी) जिले के तोतणियाला गांव की केरी नदी में माता–पुत्र की डूबकर मौत हो गई।

यह घटना उस समय हुई जब मां और बेटा नदी में कपड़े धोने गए थे। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और प्रशासन को सूचना दी। पुत्र का शव बरामद हो गया है, जबकि माता के शव के तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक भावनगर जिले की वल्लभीपुर तहसील के तोतणियाला गांव निवासी 30 वर्षीय दक्षा भावेशभाई बावलिया अपने 8 वर्षीय पुत्र वीर भावेशभाई बावलिया के साथ स्थानीय केरी नदी पर कपड़े धोने गई थी। जहां पैर फिसलने से माता–पुत्र नदी में जा गिरे और पानी में डूबकर दोनों की मौत हो गईं।

सूचना मिलते ही वल्लभीपुर के तहसीलदार समेत काफिला घटनास्थल पर पहुंच गया।

भावनगर से एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई और नदी में मां–बेटे की तलाश शुरू कर दी।

जिसमें बेटे का शव बरामद हो गया है, जबकि माता की तलाश की जा रही है।

## 5 सितंबर से देशभर में 'हम अगर नहीं उठे तो..' अभियान का प्रारंभ

अहमदाबाद,

सितम्बर 5, 2020 को देश भर में 400 से ज्यादा नारीवादी संगठन, LGBTQIA समुदाय और मानव अधिकार संगठन 'हम अगर नहीं उठे तो...' आन्दोलन को आयोजित कर रहे हैं। यह दिन गौरी लंकेश की हत्या की तीसरी वर्षगांठ का प्रतीक है। इस अभियान का उद्देश्य भारत के लोगों के संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे लक्षित हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। भारत का लोकतंत्र और संविधान एक अभूतपूर्व संकट से जूझ रहा हैद्य गुजरात महिला मंच द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक देश में पिछले कुछ सालों में लोकतांत्रिक और विधि प्रणाली का पतन हुआ है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता और अन्य संस्थानों की कार्यप्रण ाली, गंभीर समीक्षा के तले आ गई है और संसद के कामकाज का संगीन रूप से समझौता किया गया है। सरकार ने चुनावी फंडिंग में भ्रष्टाचार का व्यवस्थित आयोजन कर, चुनावी बांड की प्रणाली में पारदर्शिता की कमी को एक सं. स्थागत रूप दिया है, जो निगमों को सत्तारूढ़ दल के संदूकों में काले धन को भरने की प्रकिया को मजबूती देता है। सरकार पर किसी प्रकार के सवाल ना उठाये जा सके और न ही उन्हें किसी भी निर्णय का ज़िम्मेदार ठहराया जा सके इसके लिए सूचना के अधिकार कानून को कमजा. `र करके नागरिकों के मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार पर प्रहार किया हैद्य देश में फासीवादी और नव–उदारवादी ताकतों की वृद्धि, के परिणामस्वरुप समाज में हिंसा में बढोतरी हुई है जिससे खासकर LGBTQIAसमुदायों के लोगों और महिलाओं के जीवन और सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ा है। अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों ने देश में भय और असुरक्षा का माहौल बना दिया है। देश में सांप्रदायिक घृणा फैलाने और लोगों को धार्मिक तर्ज पर विभाजित करने का एक व्यवस्थित प्रयास देखा जा रहा है। देश के धर्मनिपेक्ष ढांचे को नागरिकता संशोधन अधिनियम CAA द्वारा नष्ट करने की कोशिश संसद के माध्यम से पुरज़ोर की जा रही है, साथ ही साथ राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (NRC) और राष्ट्रीय जनगणना रजिस्टर (NPR) जैसे अधिनियम द्वारा नागरिकता को धर्म से जोड़कर भारत के संविधान के ताने–बाने को नष्ट करने का प्रयास है। पूरे भारत में लोग सरकार के इस प्रतिगामी फैसले के विरुद्ध शांि. तपूर्ण और अनोखे तरीके से उठे; महिलाओं ने संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया। दुर्भाग्य से, आंदोलन के जवाब में लक्षित सांप्रदायिक हिंसा को सत्ताधारी दल द्वारा समर्थित किया गया। हिंसा को उकसाने वाले घृण ास्पद भाषण देने वाले नेताओं को गिरफ्तार करने के बजाय, उन महिलाओं और लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है जिन्होंने एकता, शांति और संविधान के लिए काम किया। अगस्त 2019 में, सरकार ने अनुच्छेद 370 को अभिनिषेध कर भारत के संविधान और संघीयता/ संप्रभुता पर हमला किया है और जम्मू कश्मीर के राज्य होने के दर्जे को नष्ट किया। एक साल होने पर भी अभी तक वहां पर इन्टरनेट सेवाए फिर से बंद की गई है, भाषण और लोकतंत्र पर पूरी तरह से पाबन्दी है, और कश्मीरी राजनैतिक कैदियों को बिना मुकदमे के भारत की जेलों में बंदी बना दिया गया है द्य यहाँ तक कि वहां पूर्व मुख्यमंत्री को भी गिरफ्तार कर घर में ही रखा गया

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# प्रकाश जावड़ेकर ने फेक न्यूज को बताया खतरनाक, बोले-फर्जी खबरों से दुनियाभर के देश प्रभावित

**नेशनल डेस्क।**

सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने गुरुवार को कहा कि पेड न्यूज से कहीं ज्यादा खतरनाक फर्जी खबरें (फेक न्यूज) हैं और इस खतरे से निजात पाने के लिए डिजिटल सामग्री प्रकाशित करने से पहले उन्होंने स्वनियमन की आवश्यकता पर बल दिया। उद्योग जगत के संगठन की ओर से आयोजित एक डिजिटल कायक्रम को संबोधित करते हुए जावड़ेकर ने कहा कि फर्जी खबरों के मुकाबले पेड न्यूज बहुत ही हल्का है। फर्जी खबरों में शांति भंग करने की प्रबल ताकत होती है। सोशल मीडिया मंचों पर जनता की राय में छेड़छाड़ कर उसे दिखाना सार्वजनिक जीवन में एक गंभीर खतरे के रूप में उभरा है। जावड़ेकर ने कहा कि फर्जी खबरों से दुनियाभर के देश प्रभावित हुए हैं और बहुत से देश इसके खतरे से निपटने के लिए कदम भी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वनियमन की एक व्यवस्था होनी चाहिए नहीं तो इसके दुष्प्रभावों से कोई नहीं बच सकेगा। यह सिर्फ राजनीतिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। हर क्षेत्र में इसका दुष्प्रभाव होगा। फर्जी खबरें पेड न्यूज से कहीं ज्यादा खतरनाक है और हमें इसका सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिजिटल सामग्री अखबारों के प्रिंट संस्करणों से अधिक शक्तिशाली हो गए हैं। व्हाट्सएप जैसे मंचों से इधर एक संदेश जारी हुआ और उधर जो नुकसान होना था वह हो गया। जावड़ेकर ने कहा कि पहले पत्र सूचना कार्यालय में हम खबरें पढ़ा करते थे और समाचार चैनलों की खबरों को देखते सुनते थे। हर शाम हम स्पष्टीकरण के लिए प्रेस विज्ञप्ति जारी किया करते थे। आज क्या है।सुबह कोई एक ट्वीट कर देता है और आप इस पर प्रतिक्रिया नहीं देते हैं तो नुकसान हो जाता है। यह बिजली की गति से होती है। सुबह कोई एक ट्वीट कर देता है और आप इस पर प्रतिक्रिया नहीं देते हैं तो नुकसान हो जाता है। यह बिजली की गति से होती है। जावड़ेकर ने कहा कि सरकार ने फर्जी खबरों की पहचान करने और उसके बारे में जनता को अवगत कराने के लिए अलग से एक इकाई गठित किया है। जावेड़कर ने कहा कि हम निश्चित तौर पर फर्जी खबरों पर नजर बनाए हुए हैं इसलिए अक्तूबर 2019 में हमने फैक्ट चेक यूनिट का गठन किया है। हमने इसकी इकाई भी सभी राज्यों में स्थापित की है।

# पेन ड्राइव खोलेगा भाजपा के झूठ की पोल, जल्द मीडिया में करुंगा जारी- कमलनाथ

**इंदौर।**

मध्य प्रदेश में उपुचनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। कांग्रेस-बीजेपी दोनों ही पार्टियां एक दूसरे को घेरने में लगी हैं। इसी कड़ी में पूर्व सीएम व कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एक पेन ड्राइव का जिक्र किया है और कहा कि वे जल्द ही इसे मीडिया के सामने पेश करेंगे। वहीं उन्होंने बीजेपी को चेतावनी देते हुए कहा कि पार्टी बताए कि वह कौन सी 4 सीटे जीतने वाली है। यह कोई आम चुनाव नहीं है , मैं तो इसे उपचुनाव भी नहीं मानता , यह चुनाव तो मध्यप्रदेश के भविष्य का चुनाव है। गुरुवार को उपचुनाव क्षेत्र प्रभारियों के साथ बैठक में जाने से पहले कमलनाथ ने कहा कि राज्य की 27 विधानसभा पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस का मुकाबला भाजपा से हैं। उनकी कोई उपलब्धियां तो है ही नहीं, जिन से हम मुकाबला करें। वहीं अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमने राज्य के 26 लाख से अधिक किसानों का कर्ज माफ किया है , मेरे पास इसके प्रमाण है पेनड्राइव के रूप में , जिसमें उन किसानों के नाम , पते , मोबाइल नंबर , अकाउंट नंबर और कितना कर्जा माफ हुआ है , उसकी राशि दर्ज है। मैं मीडिया को भी यह उपलब्ध करा रहा हूं , यह हमारे कर्ज माफी का प्रमाण है , यह भाजपा के झूठ की पोल खोल रहा है। कर्ज माफी को लेकर आरोप लगा रहे हैं वे स्वयं कर्ज माफी के कार्यक्रम में शामिल हुए हैं , पूर्व सीएम ने आगे कहा कि जो कर्ज माफी को लेकर आरोप लगा रहे हैं वे स्वयं कर्ज माफी के कार्यक्रम में शामिल हुए हैं , इसके प्रमाण है। भाजपा सिर्फ़ झूठ आधारित राजनीति करती है , वह सिर्फ प्रचार- प्रसार की राजनीति कर प्रदेश की जनता को गुमराह व भ्रमित करने में लगी हुई हैं। वहीं सत्ता परिवर्तन को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने मध्यप्रदेश में कैसे संविधान और प्रजातंत्र के साथ खिलवाड़ किया है , यह सभी जानते हैं। मध्यप्रदेश में सौदेबाजी कर व बोली लगाकर जनता की चुनी हुई लोकप्रिय सरकार को गिराया गया है। जिस राज्य में राजनीति को भाजपा ने बिकाऊ बनाया है ,वहां सब कुछ बिकाऊ है , यह भाजपा सरकार में ही संभव है।

## कोरोना का टीका लगवाने वाले 2 भारतीयों की हालत ठीक

**नेशनल डेस्क।** भारती विद्यापीठ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने कहा कि जिन दो लोगों को ऑक्सफोर्ड की ओर से बनाया गया का टीका लगाया गया था उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। अस्पताल की ओर से एक वरिष्ठ डॉक्टर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। क्लिनिकल ट्रायल के दूसरे चरण में पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविशिल्ड टीके का पहला शॉट 32 साल और 48 साल के दो व्यक्तियों को बुधवार को लगाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि इसकी खुराक (डोज) एक महीने बाद दोहराई जाएगी। मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सा उप निदेशक डॉ. जितेंद्र ओस्वाल ने कहा कि कल से हमारा चिकित्सा दल दोनों लोगों के संपर्क में है और वे दोनों ठीक हैं। टीका लगाने के बाद उन्हें दर्द, बुखार, इंजेक्शन का कोई दुष्प्रभाव या और कोई तकलीफ नहीं है। उन्होंने बताया कि बुधवार को टीका लगाने के बाद दोनों पर आधे घंटे तक नजर रखी गई, उसके बाद ही उन्हें घर जाने दिया गया। डॉ. ओस्वाल ने कहा कि उन्हें सभी आवश्यक नंबर दिए गए थे जिन पर आपात स्थिति में संपर्क साधा जा सकता है। हमारी मेडिकल टीम भी उनके साथ लगातार संपर्क में है। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. संजय ललवानी ने बुधवार को कहा कि दोनों व्यक्तियों को एक महीने के बाद टीके की एक और खुराक दी जाएगी और अगले सात दिन में 25 लोगों को यह टीका लगाया जाएगा।

## कोरोनाः बैग बेचने को मजबूर हुआ गणित का टीचर, दो बेटियों की नहीं भर पाया फीस, मार्च से नहीं मिला वेतन

**नई दिल्ली।** कोरोनो महामारी की वजह से लगे लॉकडाउन के चलते बहुत से लोगों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों की नौकरी चली गई है तो कइयों ने अपना रोजगार ही बदल दिया। कोरोना काल में बेरोजगार हुए लोगों का आलम यह है कि एक गणित शिक्षक को बैग बेचने पर मजबूर होना पड़ा। दरअसल, मामला राजधानी दिल्ली का है। गणित शिक्षक का नाम मोहम्मद फैजी है। मोहम्मद फैजी को मार्च से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने की वजह से वह अपनी दो बेटियों की स्कूली फीस भी नहीं जमा कर पाए। मोहम्मद फैजी को मार्च से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते वह अपनी दो बेटियों की स्कूली फीस भी नहीं जमा कर पाये। अब वह दिल्ली के दिलशाद गार्डन में साप्ताहिक बाजार में कपड़े के बैग बेचने लगे हैं। कोरोना वायरस लॉकडान के चलते दिल्ली में मार्च के आखिर से साप्ताहिक बाजार बंद थे और वे सोमवार को खुले। दिल्ली सरकार ने प्रायोगिक आधार पर 30 अगस्त तक उन्हें खुलने की इजाजत दी है। फैजी अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी और पांच एवं दस साल की दो बेटियों के साथ शाहदरा में दो कमरे के मकान में रहते हैं।

## अदालत ने दी समलैंगिक जोड़े को लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने की इजाजत



**कटक।**

ओडिशा उच्च न्यायालय ने समलैंगिक जोड़े को लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने की इजाजत देते हुए कहा कि अलग-अलग लैंगिक पहचान के बावजूद, मनुष्यों को उनके अधिकारों का पूर्ण लाभ लेने का हक है। न्यायमूर्ति एस के मिश्रा और न्यायमूर्ति सावित्री राथो की खंड पीठ ने इस हफ्ते की शुरुआत में 24 वर्षीय ट्रांसमैन (जो जन्म के वक्त महिला थी) की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि, राज्य को उनको हर प्रकार का संरक्षण देना चाहिए जिसमें जीवन का अधिकार, कानून के समक्ष समानता का अधिकार और कानून का समान संरक्षण शामिल होना चाहिए। अपनी पहचान एक पुरुष के तौर पर करने वाले याचिकाकर्ता ने कहा कि उसके साथी की मां एवं रिश्तेदार उसे जबरन जयपुर ले गए थे और उसकी शादी दूसरे व्यक्ति के साथ तय कर दी जिससे उसे अदालत का रुख करना पड़ा। पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति एस के मिश्रा ने फैसला दिया कि जोड़े को अपनी यौन प्राथमिकता पर फैसला लेने का अधिकार है और जयपुर पुलिस अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि याचिकाकर्ता की साथी भुवनेश्वर में उसके साथ रह सके। उन्होंने कहा कि महिला की मां और बहन को याचिकाकर्ता के घर पर महिला से मिलने की इजाजत दी जाएगी। न्यायमूर्ति सावित्री राथो ने कहा कि दोनों को पसंद की स्वतंत्रता उपलब्ध है जिन्होंने साथ रहने का फैसला किया है।पीठ ने यह भी कहा कि न्यायिक हस्तक्षेप पर महिला भले ही याचिकाकर्ता के साथ रह सकती है लेकिन अगर वह याचिकाकर्ता के साथ न रह कर अपनी मां के पास वापस जाना चाहे तो उसपर कोई रोक नहीं होगी।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की तबीयत बिगड़ी, गहरे कोमा में गए



**नई दिल्ली।**

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी अब भी गहरे कोमा में और जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुखर्जी (84) का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि वह हेमोडायनामिक रूप से स्थिर है। इस अवस्था में रक्त परिसंचरण मापदंड- रक्तचाप,हृदय और नाडी की गति, स्थिर और सामान्य होते हैं। पूर्व राष्ट्रपति को 10 अगस्त को यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनकी मस्तिष्क की सर्जरी की गई थी। उनके कोरोना वायरस से सक्रमित होने की पुष्टि भी हुई थी। बाद में उनके फेफड़ों में भी संक्रमण हो गया था। अस्पताल ने एक बयान में कहा, प्रणब मुखर्जी अब भी गहरे कोमा में और जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। उनके फेफड़ों में संक्रमण और गुर्दों की समस्या का इलाज जारी है। वह हेमोडायनामिक्ली स्थिर हैं। मुखर्जी के मस्तिष्क में खून के थक्के जमने के बाद उनका ऑपरेशन किया गया था। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के समय वह कोविड-19 से भी संक्रमित पाए गए थे। इसके बाद उन्हें श्वांस संबंधी संक्रमण हो गया था। मुखर्जी 2012 से 2017 तक भारत के 13वें राष्ट्रपति रहे हैं।

# देश के कई राज्यों में फिर बिगड़ेगा मौसम, यमुना के उफान से दिल्ली पर मंडराया खतरा

**नेशनल डेस्क।**

अगले 24 घंटे देश के कई राज्यों के लिए भारी साबित हो सकते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ समेत देश के कई हिस्सों में बहुत तेज और कहीं-कहीं अतिवृष्टि होने का अनुमान जताया है। वहीं दिल्ली में यमुना नदी भी चेतावनी स्तर के करीब बह रही है। हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से और अधिक पानी छोड़े जाने से इसका जलस्तर बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले तीन-चार दिनों में पश्चिमोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान लगाया है। यमुना का जल स्तर शाम छह बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज पर 203.68 मीटर दर्ज किया गया। सोमवार को जलस्तर 204.38 मीटर था और यह खतरे के निशान 205.33 मी. से महज एक मीटर नीचे था। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से शाम छह बजे 25,000 क्यूसेक की दर से पानी छोड़ा जा रहा है। एक क्यूसेक प्रति सेकंड 28.32 लीटर पानी के प्रवाह के बराबर है। अधिक पानी छोड़े जाने से जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। सामान्य तौर पर हथिनीकुंड बैराज में बहाव दर 352 क्यूसेक होता है लेकिन जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद पानी छोड़ने की मात्रा बढ़ा दी जाती है। पिछले साल 18-19 अगस्त को बहाव दर 8.28 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया था और यमुना नदी का जलस्तर 206.60 मीटर पर पहुंच गया, जो खतरे के निशान 205.33 से ऊपर है। निचले इलाकों में पानी भरने के बाद दिल्ली सरकार ने बचाव और राहत अभियान शुरू किया था।

# दाऊद की गर्लफ्रैंड बताने पर भड़की पाकिस्तानी अभिनेत्री, भारत के खिलाफ उगला जहर



**पेशावर।**

पाकिस्तान की शरण में बैठे मोस्ट वांटेड अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के साथ नाम जोड़े जाने के बाद पाकिस्तानी अभिनेत्री और टॉप सिंगर मेहविश हयात बिफर पड़ी हैं। उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है और उन्होंने इसके लिए भारतीय मीडिया पर हमला बोला है। इसके साथ ही उन्होंने कश्मीर का मुद्दा छेड़ते हुए भारत के खिलाफ जहर भी उगला है। मीडिया रिपोर्ट्स में दाऊद इब्राहिम की प्रेमिका और गैंगस्टर गुड़िया बताए जाने पर मेहविश हयात का कहना है कि मेरे ऊपर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह गलत हैं और उनमें किसी प्रकार का दम नहीं है। उन्होंने अपने एक ट्वीट में इसके लिए भारतीय मीडिया को घेरते हुए कहा कि मुझे पता है कि भारतीय मीडिया का एजेंडा क्या है, लेकिन भारतीय मीडिया को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वह मेरा मुंह नहीं बंद कर पाएगी। पाकिस्तान के फिल्म जगत में दाऊद की जबर्दस्त पकड़ मानी जाती है क्योंकि वह यहां की फिल्म इंडस्ट्री को फंड मुहैया कराता रहा है। दाऊद का कराची और लाहौर के कई बड़े प्रोड्यूसरों और डायरेक्टरों से करीबी संबंध है। अपने इन्हीं संबंधों के दम पर दाऊद ने हयात को कई फिल्मों में काम दिलाया है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तानी फिल्मों में आइटम नंबर करने के बाद हयात काफी सुर्खियां बटोरीं और वह अंतरराष्ट्रीय आतंकी दाऊद के संपर्क में आईं। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तानी फिल्मों में आइटम नंबर करने के बाद हयात काफी सुर्खियां बटोरीं और वह अंतरराष्ट्रीय आतंकी दाऊद के संपर्क में आईं। दाऊद से हयात के करीबी रिश्तों के कारण ही उसे गैंगस्टर गुड़िया के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा हयात बिल्ली के नाम से भी मशहूर हैं क्योंकि उन्होंने 2014 में आई फिल्म ना मालूम अफराद में बिल्ली का किरदार निभाया था। पाकिस्तानी अभिनेत्री ने फिर कश्मीर का राग अलापते हुए कहा कि मैं कश्मीर में की जा रही ज्यादतियों का मुद्दा उठाती रहूंगी। इसके साथ ही बॉलीवुड के पाखंडी स्वरूप का कच्चा चिट्ठा खोलने से भी नहीं रुकूंगी। उन्होंने दाऊद के साथ रिश्तों की बात को नकारते हुए कहा कि कुछ लोग मेरे खिलाफ साजिश रचने में जुटे हुए हैं और मेरे बारे में झूठी अफवाह फैलाई जा रही है।

## चीन के साथ युद्ध हुआ तो पाकिस्तान भी कूद जाएगा जंग-ए-मैदान मेंः कैप्टन



**जालंधर।** लद्दाख की गलवान घाटी में स्ष्ट पर हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने इस बारे में कहा है कि अगर भारत और चीन के बीच जंग के हालात बनते हैं तो फिर ऐसे में पाकिस्तान भी जंग करने के लिए मैदान में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि 1962 के युद्ध में जिस तरह से भारत ने चीन को करारा जवाब दिया था, उसी तरह की कार्रवाई एक बार फिर होनी चाहिए। मीडिया की एक रिपोर्ट में कैप्टन ने कहा, मेरी बातों को याद रखिएगा, अगर चीन के साथ जंग हुई तो इसमें पाकिस्तान भी शामिल हो जाएगा। चीन के सैनिक कोई पहली बार गलवान नहीं आए हैं÷। कैप्टन ने कहा कि साल 1962 में भी गलवान घाटी में आए थे, कि उस वक्त भारत के हालात काफी अच्छे थे। गलवान में हमारी सेना की 10 ब्रिगेड तैनात हैं। चीन की यह बड़ी भूल होगी यदि वह भारत से जंग करने की सोच रहा है। 1967 में भी खूनी झड़प हुई थी और चीन के साथ अभी भी ऐसा ही होगा। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि चीन तिब्बत से हिंद महासागर तक अपनी सेनाओं की मौजूदी बढ़ा रहा है। ऐसे में हमें अपनी सेना को मजबूत करने की आवश्कता है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि चीन तिब्बत से हिंद महासागर तक अपनी सेनाओं की मौजूदी बढ़ा रहा है। ऐसे में हमें अपनी सेना को मजबूत करने की आवश्कता है। चीन हिमाचल प्रदेश , सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के इलाकों की मांग कर रहा है। इसे सेना के दम पर ही रोका जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार



## श्रीनगर- कोरोना चैन तोड़ने के लिए बिजनेसमैन का कमाल, बना डाला पैरों से चलने वाला सैनिटाइजर डिसपैंसर

**श्रीनगर।** श्रीनगर के एक बिजनेसमैन ने कोरोना संक्रमण से बचने के लिए एक नया तरीका इजाद किया है। उन्होंने ऐसा सेनिटाइजर स्टैंड बनाया है जिसमें डिसपेंसर को हाथों से नहीं बल्कि पैरों से प्रयोग किया जा सकेगा और अब इस उपकरण की वाहवाही भी हो रही है। उसने अब इसी में अपना कारोबार भी शुरू किया है हैरिस अहमद का बिजनेस कोरोना के कारण प्रभावित हो गया था और ऐसे में लोगों में उसने एक डर देखा कि लोग संक्रमण के डर से सैनिटाइजर की बोतल को हाथ नहीं लगा रहे थे और उसी से अहमद को नये बिजनेस का आइडिया आ गया। अहमद ने बताया, कोविड 19 फैलने के बाद बाजार में ऐसे उपकरणों की मांग बढ़ गई थी जिसमें कोविड संक्रमण का खतरा न के बराबर हो। पूरा देश लॉकडाउन में है। कारपोरेट बिजनेस भी प्रभावित हो गया। उन्होंने कहा कि सैनिटाइजर की मांग बढ़ी तो हमने उसको लेकर गुणवता वाले उत्पाद शुरू कर दिये। पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी में हमारे लिंकस अच्छे हो गये हैं। हम अपने बिजनेस को लेकर और उत्साहित हो गये हैं। अबहमजल्द ही आटोमेटड सैनिटाइजरडिसपेंसर बनाने की सोच रहे हैं और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमे अलग स्टाफ की भी जरूरत नहीं पड़ी बल्कि जो हमारे पास है हमने उसी का काम लिया। उन्होंने कहा कि इससे हम सैनिटाइजर बोतल को बिना हाथ लगाए सैनिटाइजर इस्तेमाल कर सकते हैं।

## पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों पर पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को नियंत्रण रेखा के समीप तीन सेक्टरों में अग्रिम चौकियों एवं गांवों पर पाकिस्तानी सैनिकों ने गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया और अंतिम खबर आने तक दोनों पक्षों के बीच गोलाबारी जारी थी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान बिना किसी उकसावे के शाहपुर, किरनी और कसबा सेक्टरों में शाम छह बजकर 50 मिनट पर छोटे हथियारों से गोलीबारी करने लगा और गोले दागने लगा। प्रवक्ता के अनुसार नियंत्रण रेखा के इस पार किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## आर्थिक तंगी के चलते 2 ज्वैलर भाइयों ने एक साथ की खुदकुशी, लॉकडाउन में चौपट हो गया था कारोबार

**नेशनल डेस्क।** पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक के भीड़भाड वाले इलाके बाजार सीताराम से बुधवार को दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां दो सगे भाइयों ने आर्थिक तंगी की वजह से एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक, दोनों भाई जूलरी का बिजनस करते थे लेकिन लॉकडाउन की वजह से धंधा लगभग चौपट हो गया था। दोनों के ऊपर भारी लोन था, जिसकी वजह से उन्होंने आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है। नोट में किसी के नाम का उल्लेख नहीं है। दोनों भाईयों की दुकानें बाजार सीताराम में ही थीं। नोट में खराब आर्थिक स्थिति के कारण आत्महत्या का उल्लेख है। बताया जा रहा है कि दोनों भाईयों पर काफी कर्ज हो गया था और व्यापार में भी लगातार नुकसान हो रहा था, इसलिए दोनों ने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतको के नाम अंकित गुप्ता और अर्पित गुप्ता हैं। अंकित शादीशुदा और अर्पित अविवाहित बताया गया है।

## सोशल मीडिया पर मोदी पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा महंगा, दर्ज हुई एफआईआर

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया में डालने पर युवक के खिलाफ इंदौर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। भाजयुमो कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह की शिकायत के आधार पर हीरानगर थाने में यह मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने लवकुश बिहार कॉलोनी निवासी मिलिंद इंगले के खिलाफ सेक्शन 66 ए (बी)आईटी एक्ट, धारा 188 और 295 ए के तहत केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ़ोटो एडिट कर उस पर अभद्र टिप्पणी लिख सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खुद को इंदौर मुन्सिपल कॉर्पोरेशन का कर्मचारी बताया हैं। इस मामले को भी लेकर हीरा नगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## संसद भवन के पास पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति, तलाशी में मिली कोडवर्ड में लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** संसद भवन के पास से बुधवार को एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। शख्स के पास से एक 'कोडवर्ड चिट्ठी' बरामद हुई है फिलहाल इंटेलीजेंस ब्यूरो के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। जानकारी है कि इस संदिग्ध को विजय चौक पर हिरासत में लिया गया। ड्यूटी पर तैना सीआरपीएफ के जवानों ने इस संदिग्ध शख्स को पकड़ा था। उससे संसद मार्ग थाने में पूछताछ चल रही है। जानकारी है कि पकड़ा गया शख्स संसद भवन के आस पास घूम रहा था. सीआरपीएफ जवानों ने जब उसे पकड़कर पूछताछ की, तो वो अपने बारे में अलग-अलग जानकारी दे रहा था। उसके पास एक पेपर भी मिला है, जो एक कोडवर्ड में है। वहीं, उसके पास से दो पहचान पत्र मिले हैं। एक आधार कार्ड और एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला है। दोनों में नाम अलग-अलग हैं। ड्राइविंग लाइसेंस में उसका नाम फिरदौस है, जबकि आधार कार्ड में नाम मंजूर अहमद अहंगेर है। संदिग्ध ने खुद को रथसून बीरवाह, बडगाम का रहने वाला बताया है। उसके पास से एक बैग भी मिला है। पूछताछ में पहले उसने बताया कि वो 2016 में घूमने के लिए दिल्ली आया था. फिर उसने बताया कि वो लॉकडाउन में आया था। दिल्ली में रहने के सवाल पर वो कभी जामिया, फिर निज़ामुद्दीन तो फिर जामा मस्जिद इलाके में रहने की बात कह रहा था। बता दें कि इसके पहले शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद आईएसआईएस से जुड़े एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 15 किलो विस्फोटक बरामद हुआ है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# सीडीओ ने मुसहर बस्ती का किया औचक निरीक्षण, पंचायत सचिव व प्रधान से मांगा स्पष्टीकरण

कुशीनगर (एजेसी)। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में मुख्य विकास अधिकारी ने पडरौना विकास खण्ड के बंगाली पट्टी गांव का औचक निरीक्षण किया । जहां मिली कमियों पर जिम्मेदार ग्राम प्रधान ,पूर्व ग्राम पंचायत सचिव वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।



जानकारी के अनुसार कुशीनगर की मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत बंगाली पट्टी के टिकुलिया मुशहर टोली का औचक निरीक्षण किया । आकस्मिक निरीक्षण में उन्होंने ग्रामीण आवासीय योजना के अंतर्गत निर्मित हो रहे आवासों का निरीक्षण किया। इस ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 35 स्वीकृत आवासों में 08 आवासों का स्थलीय सत्यापन किया गया। स्थलीय सत्यापन में 02 आवासों की दीवार क्रेक मिली। किसी भी आवास का फर्श बना हुआ नहीं मिला, न ही दरवाजे और खिड़कियां लगी हुई पायी गईं।

दीवारों की चिनाई भी देखने में ऐसी लग रही थी जैसे कि सीमेंट का कम प्रयोग किया गया हो। निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों द्वारा यह भी बताया गया कि सभी मुख्यमंत्री आवासों का निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा किया जा रहा है। 35 मुख्यमंत्री आवासों में से 33 आवासों की छत लगी हुई पायी गयी परन्तु अन्य निर्माण जैसे फर्श, खिड़की और दरवाजे नहीं लगे पाए गए। वही 02 आवास अस्तित्व में ही नहीं पाए गए। आधे- अधूरे रूप से पाए जाने वाले आवासों को लेकर तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव लल्लन यादव, ग्राम प्रधान बृजेश कुमार तथा वर्तमान सचिव पवन कुमार से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीडीओ कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इस गांव में 65 आवासों का निर्माण कराया गया है। सभी आवास लाभार्थियों द्वारा स्वयं निर्मित कराया गया बताया गया । प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4 आवासों का स्थलीय सत्यापन किया गया, सभी आवास पूर्ण पाए गए। निरीक्षण के समय परियोजना निदेशक डी आर डी ए / खंड विकास अधिकारी पडरौना उपस्थित रहे।

# तीन तस्कर गिरफ्तार, दो करोड़ का गांजा बरामद

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुरूवार को अलीगढ़ से तीन तस्करों को गिरफ्तार करके उनके पास से 11 कुन्तल 20 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत दो करोड़ रूपये बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक एसटीएफ मेरठ की टीम ने आज अलीगढ़ से तीन तस्करों सोनू कश्यप, रामराज तथा जितेन्द्र को अलगढ़ में टप्पल क्षेत्र से गिरफ्तार करके उनके पास से कुन्तल, 20 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया एक तस्कर कासगंज का जबकि दो एटा के निवासी है।

तस्करों ने संयुक्त पूछताछ पर बताया कि हम लोग उड़ीसा पहुँचे। वहॉ से ट्रक के अन्दर 270 कट्टे चावल की किनकी व भूसी भरी हुई हैं एंव इन कट्टों के पीछे 28 प्लास्टिक के बोरों में नशीला पदार्थ गॉजा भरा हुआ है, जिसको हम लोग उड़ीसा से लोड करके दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में जा रहे थे एवं नोएडा में जाकर हमें माल उतारने की सूचना अरविन्द ठाकुर से मिलनी थी, लेकिन बीच में ही पकड़े गये। इस कारोबार को हमसे हमारा ट्रक मालिक सोहिल अहमद तथा उसका साथी अरविन्द ठाकुर कराता है। ऐसा तीन बार कर चुके है। इस बार हमको यह गॉजा गाजियाबाद ले जाने का आर्डर मिला था। हम लोग उड़ीसा राज्य के बिरहमपुर शहर से राधे नाम के व्यक्ति से लेकर इस गॉजे का अवैध व्यापार करते हैं। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्व थाना टप्पल, अलीगढ़ में कार्रवाई की जा रही है।

# बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के दो अवैध निर्माण ध्वस्त

लखनऊ (एजेंसी)। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर से नेता बने बसपा विधायक मुख्तार अंसारी के स्वामित्व वाले दो अवैध निर्माण राजधानी के डालीबाग क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह ध्वस्त कर दिये गये। जेसीबी मशीनों से भवनों को गिराये जाते समय बडी संख्या में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने ट्वीट किया, ''गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की अवैध प्रॉपर्टी को आज यूपी पुलिस ने तोड़ दिया। तोड़-फोड़ का सारा खर्च योगी सरकार गैंगस्टर से ही लेगी। उन्होंने कहा कि अपराधी या तो अपराध छोड़ दें या फिर ऐसे और कड़े फैसले झेलने के लिए तैयार रहें।''

उधर सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ध्वस्त किये गये दो टॉवर हैं, जो निष्क्रांत संपत्ति पर बने थे। विभाजन के समय जो लोग भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे, उनकी जो भूमि यहां थी, उसे निष्क्रांत श्रेणी में रखा गया था। प्रवक्ता ने बताया कि ध्वस्तीकरण में हुए खर्च को वसूला जाएगा और प्राथमिकी भी दर्ज होगी। साथ ही जिन अधिकारियों के समय यह अवैध निर्माण हुआ, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त निर्माण का नक्शा लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने स्वीकृत नहीं किया था। राज्य सरकार ने मऊ से बसपा के वर्तमान विधायक मुख्तार के निकट सहयोगियों की संपत्तियां हाल ही में विभिन्न जिलों में जब्त की हैं और गाजीपुर में मुख्तार के चार सहयोगियों के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किये हैं।

बसपा विधायक फिलहाल पंजाब की एक जेल में निरूद्ध हैं। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में 200 से अधिक पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया जबकि मौके पर दो दर्जन से अधिक जेसीबी मशीन मंगायी गयी थी। ध्वस्तीकरण दस्ते से मुख्तार के बेटों अब्बास और उमर की झड़प भी हुई लेकिन टीम ने गेट का ताला तोड़ दिया और सामान निकाल कर कार्रवाई की।सूत्रो ने बताया कि शत्रु संपत्ति पर किसी भी तरह का निर्माण नहीं कराया जा सकता, लेकिन मुख्तार ने बाहुबल के दम पर इस जमीन पर कब्जा किया और पहले मां और दोनों बेटों के नाम जमीन ट्रांसफर करा ली।

एलडीए की संयुक्त सचिव ऋतु सुहास ने बताया कि नगर विकास अधिनियम की धारा 27 के तहत कार्रवाई की गई है।

# केमिकल फैक्टरी का बॉयलर फटा, छह मजदूर झुलसे, तीन की हालत गंभीर

कानपुर (एजेंसी)। महानगर के बिधनू क्षेत्र के कठेरुआ गांव स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से छह मजदूर झुलस गए। फैक्ट्री मालिक ने मजदूरों को किदवई नगर स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक नौबस्ता आवास विकास निवासी कारोबारी की कठेरुआ गांव के पास तनवी केमिकल के नाम से केमिकल फैक्ट्री है। इसमें आसपास के गांवों के दर्जनों मजदूर काम करते हैं। गुरुवार सुबह मजदूर बॉयलर में केमिकल भरकर गर्म कर रहे थे। अचानक बॉयलर की सतह तेज धमाके से फट गई, जिससे केमिकल बहने लगा। इसकी चपेट में आकर कठेरुआ निवासी मजदूर कमलेश पासवान, रामचन्दर प्रजापति, हड़हा के शेखर सिंह, मुकेश सिंह, निर्भय यादव, जामू निवासी अजय समेत झुलस गए। फैक्ट्री मैनेजर ने मालिक को घटना की जानकारी देकर सभी मजदूरों को निजी वाहन से किदवई नगर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां अजय समेत तीन मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है।



# अखिलेश यादव से मिलने लखनऊ जा रहे संजीत के परिजनों को पुलिस ने रोका

कानपुर (एजेंसी)। संजीत अपहरण हत्याकांड में गुरुवार को पुलिस को चकमा देकर परिजन सपा नेता सम्राट विकास के साथ कार से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने जा रहे संजीत के परिजनों को पुलिस ने रामादेवी फ्लाई ओवर पर रोक लिया। सूचना मिलते ही सीओ गोविंद नगर समेत तीन थानों की फोर्स पहुंची। पुलिस ने फ्लाई ओवर पर ही उन्हें रोक रखा है। गुरुवार सुबह संजीत के पिता चमनलाल, बहन रूचि और मां कुसुमा सपा नेता सम्राट विकास के साथ कार से लखनऊ जाने के लिए निकले। जिस पर चकेरी पुलिस को सूचना मिली। फिर पुलिस ने रामादेवी फ्लाई ओवर पर कार को रोक लिया। सूचना पाकर सीओ गोविंद नगर वी के पांडेय समेत बर्रा, नौबस्ता पुलिस भी पहुंची। सपा नेता सम्राट विकास ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से फोन पर बातचीत के दौरान परिजनों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। जिस पर अखिलेश यादव ने गुरुवार दोहपर को लखनऊ आने के लिए कहा था। सम्राट विकास ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना एसपी साउथ को दे दी थी।

**डीएम ने कोविड-19 के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक।**

# कंट्रोल रूम के माध्यम से होम आइसोलेट एवं L1/L2 अस्पताल में भर्ती मरीजों की सघन मॉनिटरिंग की जाए।

अमेठी,जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में रात्रि 09:00 बजे स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, साथ ही कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कंट्रोल रूम को और अधिक क्रियाशील करने हेतु निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से होम आइसोलेट मरीजों एवं L1/L2 अस्पताल में भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनकी सघन मॉनिटरिंग की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि होम आइसोलेट कोई भी मरीज़ घर से बाहर न निकले। जो भी व्यक्ति ट्रेसिंग के दौरान संदिग्ध पाए जाएं, उनकी समय से सैंपलिंग होनी की जाए। आरआरटी टीमों द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि होम आइसोलेट मरीज हर हाल में स्वास्थ्य विभाग के आरोग्य सेतु एप एवं होम आइसोलेशन एप जरूर डाउनलोड करें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव को दृष्टिगत रखते हुए सर्विलांस टीम द्वारा घर-घर जाकर कोरोना से बचाव हेतु नियमित रूप से मास्क पहनने एवं सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु जागरूक किया जाए। जिन स्थानों पर अधिक भीड़ एकत्रित होती है, उन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाए।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को कोविड जांच का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि लक्षण युक्त मरीजों की शत प्रतिशत सैंपलिंग कराई जाए जिससे कोविड-19 के संक्रमण के फैलाव को नियंत्रित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने स्वयं कंट्रोल रूम से होम आइसोलेट एवं L1/L2 हॉस्पिटल में एडमिट मरीजों से फोन कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक/नोडल अधिकारी सुधीर रुंगटा, सीएमओ डॉ0 आर.एम. श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी गौरीगंज संजीव कुमार मौर्या सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की बैठक संपन्न।

अमेठी 27 अगस्त 2020, जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) शासी निकाय की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सबके लिए आवास के अंतर्गत योजना का विस्तृत विवरण, प्रगति एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का सर्वेक्षण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पीओ (डूडा) ने बताया कि जनपद की चारों नगर निकायों में 5998 आवास स्वीकृत हैं जिसमें से 1129 अपात्र हैं तथा 4869 पात्र लाभार्थी हैं,।

जिसमें से 4841 लाभार्थियों को प्रथम किस्त जारी की गई है, 3046 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त जारी की गई है, 1587 लाभार्थियों को तृतीय किस्त जारी की गई है तथा 1846 लाभार्थियों के आवास पूर्ण हो गए हैं, अपूर्ण आवासों की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने पीओ (डूडा) को शीघ्र द्वितीय व तृतीय किश्त जारी करते हुए आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए, इसके साथ ही जो अपात्र लाभार्थी हैं।



उनके संबंध में जिन व्यक्तियों के द्वारा पूर्व में जांच की गई है उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के ऑनलाइन आवेदन के संबंध में पीओ (डूडा) ने बताया कि अब तक चारों नगर निकायों से 5127 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं,

जिसमें से 700 लाभार्थियों का ऑनलाइन डाटा फीड हो गया है जनपद का 2035 लक्ष्य है शेष आवेदन पत्रों को जिलाधिकारी ने शीघ्र फीड करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, पीओ (डूडा) सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम ने मेधावियों को बांटे लैपटाप

कानपुर। बिठूर विधानसभा के पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला ने दोपहर 2 बजे के लगभग भीतरगांव क्षेत्र के हरीपुर गांव में पहुंच हाईस्कूल की परीक्षा में उत्तर प्रदेश में 11वीं रैंक व कानपुर जिले मे तीसरी रैंक 93.66प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा निधी द्विवेदी को पूर्व सीएम अखिलेश यादव के द्वारा भेजा गया लैपटाप वितरण किया

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव जी द्वारा मेघावी छात्र लैपटॉप वितरण के क्रम में हाईस्कूल/इण्टरमीडियट टॉप 51 की सूची में शामिल कानपुर नगर के 5 मेधावी छात्र छात्रायें

1-आदर्श कुमार गुप्ता-`/व रामकृष्ण गुप्ता निवासी- 28क- सुखऊ पुरवा नवाबगंज कानपुर (हाईस्कूल)

2- कु. आकांक्षा राजपूत व/व- भैरव प्रसाद निवासी- लुधौरी, सिंहपुर, कानपुर नगर (हाईस्कूल)

3- कु. अरिश्मा शेख व/व- आफताब अहमद निवासी- नियर मस्जिद नारामऊ कानपुर नगर, (हाईस्कूल)



4- कु. मधु यादव व/व- बाबू लाल यादव निवासी- नारायण पुरी नियर- रूचि पब्लिक स्कूल नौबस्ता कानपुर नगर, (इण्टर)

5- कु. निधि द्विवेदी व/व प्रमोद कुमार निवासी- ग्रा. हरीपुर ब्लॉक भीतरगांव घाटमपुर कानपुर (हाईस्कूल)

सभी विधार्थी के घर पर जाकर लैपटाप प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। लैपटॉप पाकर बच्चें बहुत ही प्रसन्न हो गये और और बताया कि वह इस लैपटॉप से सिविल सर्विसेज की तैयारी करेगें जिसमें यह लैपटॉप बहुत काम आयेगा। सभी विधार्थी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को बहुत बहुत धन्यवाद दिया। सभी विधार्थियों ने कहा कि युवाओं की पसंद मा. अखिलेश यादव जी है हम प्रार्थना करते है समाजवादी सरकार 2022 में आये। सभी बच्चों एवं उनके परिवार ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव जी एवं विधायक अमिताभ बाजपेयी,पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला जी को धन्यवाद दिया।

पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला ने कहा की समाजवादी सरकार आने पर सभी विधार्थियों को लैपटॉप दिया जायेगा एवं उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी।

साथ में देवेंद्र भूषण अवस्थी, सर्वेश यादव, रविशंकर मिश्रा, दीपक तिवारी, रघुनाथ यादव, विराट वैभव तोमर,रानू तिवारी,रामबिहारी तिवारी,गोलू मिश्रा, सोम अवस्थी, लाखन विश्वकर्मा,घनश्याम शुक्ला,अनूप कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सार-समाचार

कानपुर नगर के तात्या टोपे नगर थाना बर्रा के अंतर्गत बर्रा रोड की तरफ जाने वाली रोड के पुल के पास एक पुरुष की पानी में लास तैरती हुई दिखी , आने जाने वाले लोगों ने पुलिस को की सूचना पुलिस ने लाश को लिया अपने कब्जा में।



## अमेठी जनपद में अब तक पाए गए कुल कोरोना पाजिटिव मामले

अमेठी दिनांक 24, 25 व 27 अगस्त 2020 को भेजे गए सैंपल में से आज 1112 व्यक्तियों की रिपोर्ट आई है, जिसमें से 1087 व्यक्तियों की रिपोर्ट निगेटिव आई हैं, व 25 व्यक्तियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई हैं, आज 23 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया है।

जनपद में अब तक पाए गए कुल कोरोना पाजिटिव मामले = 1097

वर्तमान में एक्टिव केस = 225

इलाज उपरांत ठीक होकर डिस्चार्ज रोगियों की संख्या = 866

अब तक मृत्यु =06

जनपद अमेठी मे कोरोना पाजिटिव और निगेटिव आए बयक्तियो की पुष्टि जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा की गई है

## यूपी के एक और काबीना मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह कोरोना पॉजिटिव, खुद को किया होम आइसोलेट

लखनऊ (एजेसी)। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। इस संबंध सिद्धार्थनाथ सिंह ने खुद ट्वीट कर जानकारी दी। इससे पहले बुधवार को कैबिनेट मंत्री पंचायतराज भूपेंद्र सिंह चैधरी कोरोना पाए गए थे। इससे पहले प्रदेश सरकार के कई मंत्री कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। भूपेंद्र सिंह से शुभचितंकों ने ट्वीटर पर उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। कोरोना से प्रदेश के दो मंत्रियों कमलरानी वरुण और चेतन चैहान की मौत भी हो चुकी है।

## लखनऊ जेल में बंदी ने लगाई फांसी, दो दिन पहले तन्हाई बैरक में हुआ था शिफ्ट

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ जिला जेल में निरुद्ध बंदी गोपी (42) ने बुधवार देर रात फांसी लगा ली। बन्दी सर्किल एक की तन्हाई बैरक में बंद था। दो दिन पहले ही बन्दी को सर्किल एक हटाकर तन्हाई बैरक में शिफ्ट किया गया था। बताया जाता है कि बन्दी की बैरक बदलने के दौरान एक जेल अधिकारी ने उसे पीटा था। बन्दी को चोट भी आई थी। जेल प्रशासन के उत्पीड़न से परेशान बन्दी ने फांसी लगा ली। जेल प्रशासन ने बन्दी की मौत की सूचना उसके घरवालों को दे दी है। गोसाईंगंज पुलिस अब बन्दी के शव के पोस्टमार्टम की तैयारी में है।

## छात्रा की दुराचार के बाद हत्या पर योगी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ (एजेंसी)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में एक छात्रा की दुराचार के बाद हत्या की घटना में अपराधियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की और कहा कि राज्य सरकार इस प्रकरण की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करा अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाएगी।

## दो मजदूरों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

बांदा (एजेंसी)। जिले में बुधवार को अलग-अलग कारणों से दो प्रवासी मजदूरों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पहली घटना में बिसंडा थानाक्षेत्र की है। क्षेत्र के अलिहा गांव में छोटकू (33) ने अपने मकान के पिछले हिस्से के कमरे में पंखे की हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम करवाया है। बताया जाता है कि मृत मजदूर हरियाणा में ईंट पथाई का काम किया करता था। लॉकडाउन घोषित होने के बाद वह परिवार के साथ घर लौटा था। दूसरी घटना चिल्ला थानाक्षेत्र की है। जहां डिघवट गांव के रामबाबू (40) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि भोजन में सब्जी न बनने पर उसका अपनी पत्नी से मामूली विवाद हुआ था, इसके बाद रामबाबू ने बंद कमरे में फांसी लगा ली। मृतक दिल्ली में दिहाड़ी मजदूर था, कोरोना महामारी के दौरान अपने घर लौटा था।

## प्रदेश अध्यक्षों पर लाठीचार्ज होने से आक्रोशित हुये सपाई ,जेईई व नीट परीक्षा को टालने की उठायी जा रही मांग

ललितपुर(एजेंसी) कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच प्रस्तावित जेईई व एनईईटी परीक्षाओं को टालने के लिए गुरूवार को समाजवादी पार्टी के फ्रण्टलों के प्रदेश अध्यक्षों द्वारा लखनऊ में प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान लखनऊ पुलिस द्वारा निहत्थे सपाईयों पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया। लाठी चार्ज में लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा.रामकरन निर्मल के साथ अनेकों सपाईयों को गंभीर चोटें आयीं हैं। लखनऊ पुलिस द्वारा किये गये बर्बर लाठीचार्ज की खबर मिलते ही समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष अहारिया बाल्मीकि एवं मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ घण्टाघर पहुंच कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करते हुये उन्होंने भी इन परीक्षाओं को टालने की मांग की। इस दौरान सपाईयों ने कहा कि कोरोना काल में जहां शनिवार-रविवार को लॉकडाउन घोषित है तो वहीं दूसरी ओर इन परीक्षाओं में भाग लेने वाले परीक्षार्थी युवक-युवतियां करीब 100-200 किमी दूर से परीक्षा देने के लिए सेन्टरों पर जायेंगे। लेकिन वाहनों की उपलब्धता न होने और लॉकडाउन के चलते किसी भी छात्र-छात्रा के साथ कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है। ऐसे में परीक्षाओं को टाला जाना ही जनहित में होगा। इस दौरान अनेकों सपाई मौजूद रहे।

